RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net ■ वर्ष 34 ■ अंक 06 ■ मुंबई, शुक्रवार 1 अगस्त 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00 ■ संरक्षक : आरएन सिंह


...लेकिन विपक्ष बेदम क्यों
पेज-4


पीएम मोदी काशी को देंगे 2183 करोड़ की सौगात
पेज-6


अगस्त का महीना धार्मिक दृष्टि से बेहद खास
पेज-8


महिला टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के शेड्यूल का ऐलान
पेज-9

## Short News एक नजर

### मीठी नदी घोटाला, मुंबई में आठ जगहों पर ED की छापेमारी

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने मीठी नदी की सफाई में हुए कथित 65 करोड़ रुपए के घोटाले को लेकर मुंबई में करीब 8 ठिकानों पर छापेमारी की है। यह कार्रवाई उन ठेकेदारों के ठिकानों पर हो रही है, जिन्होंने झूठे एमओयू (समझौता पत्र) बनाकर मुंबई महानगरपालिका (BMC) को सौंपी थी। अधिकारियों के मुताबिक, ठेकेदारों ने नदी से निकली गाद को कहां और कैसे डंप किया, इस बारे में गलत दस्तावेज पेश किए। ED इस घोटाले से जुड़े सबूतों की जांच कर रही है।

### बिहार में दो बच्चों को जिंदा जला डाला



**पटना।** पटना के जानीपुर थाना क्षेत्र से एक बेहद दर्दनाक और चौंकाने वाली खबर सामने आई है। यहां अपराधियों ने एक घर में घुसकर दो मासूम बच्चों को जिंदा जला डाला। मृत बच्चों के नाम अंजली और अंश बताए जा रहे हैं। दोनों बच्चे एम्स में कार्यरत नर्स शोभा देवी और ललन कुमार गुप्ता के थे, जो जानीपुर में रहते हैं। दोनों बच्चे स्कूल से लौटकर घर आए थे। घर पर उस वक्त माता-पिता मौजूद नहीं थे। तभी अज्ञात अपराधी घर में दाखिल हुए और कमरे में बंद कर बच्चों को आग के हवाले कर दिया। आग लगने के बाद दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

# भारत डेड इकोनॉमी : ट्रंप

## एक साल पहले अमेरिका मरा हुआ देश था, अब हॉट देश बन चुका है... फिर बनेंगे महान



**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

भारत पर 25 फीसदी आयात शुल्क लगाने के एक दिन बाद-'भारत और रूस डेड इकोनॉमी... भारत और रूस अपनी अर्थव्यवस्था को साथ ले डूबें, मुझे क्या।' कहने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ को अमेरिका को फिर से "महान और समृद्ध" बनाने वाला कदम बताया है। ट्रंप ने कहा कि अब हालात पूरी तरह से बदल चुके हैं। एक साल पहले अमेरिका मरा हुआ देश था, अब हॉट देश बन चुका है। ट्रंप ने अपनी सोशल मीडिया वेबसाइट 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा, "दशकों तक अमेरिका पर टैरिफ थोपे जाते रहे और साथ ही बेहद मूर्ख, कमजोर और भ्रष्ट नेताओं की वजह से हमारे देश के भविष्य और अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा था।" उन्होंने दावा किया कि अब हालात पूरी तरह बदल चुके हैं और अमेरिका ने इन टैरिफ के हमलों का "सफलता से जवाब" दिया है। ट्रंप ने कहा, "एक साल पहले अमेरिका मरा हुआ देश था, लेकिन अब यह दुनिया का सबसे 'हॉट' देश बन चुका है। सभी को बधाई!"

> 'भारत और रूस डेड इकोनॉमी... भारत और रूस अपनी अर्थव्यवस्था को साथ ले डूबें, मुझे क्या'
> **- डोनाल्ड ट्रंप**

### राहुल के बोल



भाजपा ने अडाणी की मदद के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। ट्रम्प सही कह रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी और वित्त मंत्री को छोड़कर सभी जानते हैं कि भारत की इकोनॉमी डेड है।
**- राहुल गांधी**

### भारत पर टैरिफ और रूस से व्यापार पर जुर्माना

डोनाल्ड ट्रंप ने भारत से आने वाले सामानों पर 25 प्रतिशत का टैरिफ लगाने की घोषणा की है। इसके अलावा रूस से व्यापार करने पर भी एक अघोषित दंड लगाया जाएगा। टैरिफ आज 1 अगस्त से प्रभावी होगा। घोषणा करते हुए ट्रंप ने कहा कि भारत की टैरिफ दरें "दुनिया में सबसे ऊंची" हैं और यहां की "गैर-आर्थिक व्यापार बाधाएं" अत्यधिक और आपत्तिजनक हैं।

### 'भारत इसका जवाब नहीं देगा'



भारत ने साफ किया है कि राष्ट्रीय हितों के लिए सरकार हर जरूरी कदम उठाएगी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को संसद में कहा कि सरकार इन टैरिफ के प्रभावों की जांच कर रही है और टैरिफ पर किसानों, निर्यातकों, एमएसएमई और उद्योग निकायों सहित सभी हितधारकों के साथ परामर्श कर रही है। हम अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएँगे। उन्होंने आगे कहा कि सरकार हालिया घटनाक्रम के निहितार्थों की जांच कर रही है। गोयल की यह टिप्पणी महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत ने कृषि और डेयरी क्षेत्रों पर अमेरिका को शुल्क में रियायत देने के अपने रुख को कड़ा कर दिया है - जो भारत के साथ व्यापार वार्ता में अमेरिका की एक प्रमुख मांग है। सूत्रों के अनुसार भारत इस मामले पर अमेरिका को कोई जवाब नहीं देने की रणनीति बनाई है। भारत ने तय किया है कि वह अपना सटीक जवाब टेबल पर ही देगा।



यह कहने की जरूरत नहीं है कि भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। यह जानने के लिए पर्याप्त वैध आंकड़े उपलब्ध हैं। फिर भी इसे मृत अर्थव्यवस्था कहना केवल अहंकार या अज्ञानता की स्थिति दर्शाता है।
**- प्रियंका चतुर्वेदी**

### अमेरिका-पाक में ऑयल डील!



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पाकिस्तान के साथ ऑयल डील होने का ऐलान किया है। इसके तहत पाकिस्तान के तेल भंडारों का विकास करेंगे। साथ ही उन्होंने दावा किया कि पाकिस्तान भविष्य में भारत को तेल बेच सकता है।

## मालेगांव ब्लास्ट

# सातों आरोपी बरी

**कोर्ट बोला-** बाइक प्रज्ञा की और कर्नल RDX लाए यह दोनों बातें साबित नहीं हुईं



**महानगर नेटवर्क**
**भोपाल**

मालेगांव ब्लास्ट केस में NIA स्पेशल कोर्ट ने साध्वी प्रज्ञा समेत सातों आरोपियों को बरी कर दिया है। इस केस में 7 मुख्य आरोपी थे। इनमें पूर्व भाजपा सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर, कर्नल प्रसाद पुरोहित, रमेश उपाध्याय, अजय राहिरकर, सुधाकर चतुर्वेदी, समीर कुलकर्णी और सुधाकर धर द्विवेदी शामिल थे। पीड़ितों के वकील शाहिद नवीन अंसारी ने कहा- हम एनआईए कोर्ट के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील करेंगे। इस मामले में जांच एजेंसियां और सरकार फेल हुई है। मालेगांव में 29 सितंबर 2008 को धमाका हुआ था। इसमें 6 लोग मारे गए थे और करीब 100 लोग घायल हुए थे। करीब 17 साल बाद आए फैसले में जज एके लाहोटी ने कहा कि जांच एजेंसी आरोप साबित नहीं कर पाई है, ऐसे में आरोपियों को संदेह का लाभ मिलना चाहिए। जज लाहोटी ने कहा कि धमाका हुआ था, लेकिन यह साबित नहीं हुआ कि बम मोटरसाइकिल में रखा था। यह भी साबित नहीं हुआ कि मोटरसाइकिल साध्वी प्रज्ञा के नाम थी। यह भी साबित नहीं हो सका कि कर्नल प्रसाद पुरोहित ने बम बनाया।






कांग्रेस प्रणित यूपीए सरकार ने भगवा आतंकवाद, हिंदू आतंकवाद का नैरेटिव सेट करने के लिए षडयंत्र रचा और ये पूरा मालेगांव का केस तैयार किया, आज उसका पर्दाफाश हो गया है। पूरे देश में कांग्रेस की थू-थू हो रही है क्योंकि यह सारा खेल राजनीति के लिए खेला गया था।
**- मुख्यमंत्री**

### दिग्गी राजा के बदले सुर



'ना हिंदू आतंकवाद होता है ना इस्लामिक आतंकवाद होता है। हर धर्म प्रेम,अहिंसा, सद्भाव का प्रतीक होते है। ना हिंदू आतंकवादी हो सकता है ना मुसलमान हो सकता है, ना सिख होता है ना ईसाई होता है। कुछ ही लोग होते हैं जोकि धर्म को नफरत की तरह हथियार बनाते हैं।'

### 'इंसाफ नहीं हुआ, हम SC जाएंगे...'

फैसला आने के बाद से इस बम धमाके में अपने परिजनों को खोने वालों की प्रतिक्रिया सामने आने लगी है। मृतकों में से एक सैयद अजहर सैयद निसार के पिता ने कहा कि- हमले के 17 साल बाद भी हमारे साथ न्याय नहीं हुआ है। सारे सबूतों को दरकिनार करते हुए फैसला सुनाया गया। हम इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में जाएंगे।



# कृषि मंत्री कोकाटे का विभाग बदलने की संभावना

## मिल सकता है खेल और युवा कल्याण विभाग

**महानगर संवाददाता**
मुंबई

विधानमंडल के मानसून सत्र के दौरान विधानपरिषद में मोबाइल पर पत्ते खेलने के मामले में कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे को बड़ा झटका लग सकता है। सूत्रों के अनुसार उनका विभाग बदले जाने की संभावना है। उन्हें खेल और युवा कल्याण विभाग की जिम्मेदारी मिल सकती है। सूत्रों के अनुसार गुरुवार सुबह सह्याद्रि गेस्ट हाऊस पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस,उपमुख्यमंत्री अजित पवार और राकांपा के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे के बीच एक बैठक हुई।



इस बैठक में कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे का विभाग बदलने को लेकर चर्चा हुई।

### कोकाटे ने मंगलवार को अजित पवार से मुलाकात की थी

सूत्रों के अनुसार विभाग में बदलाव को लेकर सरकार की तरफ से नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। माना जा रहा है कि कोकाटे से कृषि विभाग लेकर उन्हें राहत या पुनर्वास या खेल और युवा कल्याण विभाग की जिम्मेदारी दी जा सकती है। अगले कृषि मंत्री के रूप में दत्तात्रय भरणे और मकरंद पाटिल में से किसी एक का नाम सामने आ रहा है। फिलहाल भरणे के पास खेल और युवा कल्याण विभाग और मकरंद पाटिल के पास राहत और पुनर्वास विभाग है। पिछले मंगलवार को माणिकराव कोकाटे ने उपमुख्यमंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख अजित पवार से मुलाकात की थी। इस दौरान अजित पवार ने उन्हें कड़ी फटकार लगाई थी। 15 मिनट तक चली बैठक तनावपूर्ण रही, जिसमें पवार ने कोकाटे की ओर से बार-बार की गई विवादित टिप्पणियों पर कथित तौर पर कड़ी नाराजगी जताई थी। सूत्रों ने बताया कि कोकाटे ने अपने हालिया कदमों पर खेद व्यक्त किया और पवार को भरोसा दिलाया कि ऐसी घटनाएं दोबारा नहीं होंगी।

# ठाणे पूर्व का कोपरी पुल 8 दिन बंद

**ठाणे।** ठाणे पूर्व रेलवे स्टेशन के आसपास यातायात सुधार योजना SATIS-2 के अंतर्गत,कोपरी पुल पर लगातार तकनीकी अड़चनों के बाद गर्डर लगाने का काम आखिरकार शुरू हो गया है। 26 जुलाई से 3 अगस्त, 2025 तक पुल को विद्युतीय और वाहतायन कारणों से बंद रखा जाएगा, ताकि 46 मीटर लंबे और 12 मीटर चौड़े गर्डर को रेलवे खंभों पर सुरक्षित रूप से स्थापित किया जा सके। इस कार्य के लिए रेल विभाग ने कम से कम 14 विशेष मेगा-ब्लॉक (रातों में दो-दूसरे दिन तक) की अनुमति दी है। गठाणे पुलिस ट्रैफिक विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, कोपरी सर्कल से भास्कर कट मार्ग तक वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगी, जिसमें कई बार दिन और रात के विशेष समय खंडों में पुल बंद रहेगा।

# कबूतरों को दाना डाला तो होगी कार्रवाई

## हाईकोर्ट ने लगाई सार्वजनिक स्थानों पर कबूतरों को दाना डालने पर रोक

**महानगर संवाददाता**
मुंबई

बॉम्बे हाईकोर्ट ने सार्वजनिक स्थानों पर कबूतरों को दाना डालने पर रोक लगा दी है। अदालत ने इस फैसले को लेकर कहा कि ऐसा करने से सार्वजनिक परेशानी और जन स्वास्थ्य के लिए खतरा बना रहता है। इसके साथ ही कोर्ट ने नगर निगम को आदेश दिया कि जो लोग सार्वजनिक जगहों पर दाना डालते हैं,उनके खिलाफ केस दर्ज किया जाए। कोर्ट ने इससे पहले कबूतरखानों को गिराने पर रोक लगाई थी,पर दाना डालने की अनुमति नहीं दी। अदालत के आदेश की अवहेलना करने वालों पर कार्रवाई होगी।

कोर्ट ने कहा कि कबूतरों के झुंड को दाना डालना सार्वजनिक परेशानी उत्पन्न करने वाला काम है। इससे लोगों के स्वास्थ्य को भी खतरा है। ऐसा करने से लोगों को कई अन्य तरह की बीमारियों का सामना भी करना पड़ता है। अदालत ने फैसला सुनाते हुए कहा कि मुंबई नगर निगम को ऐसी गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया।



### कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए क्या कहा?

जस्टिस जी. एस. कुलकर्णी और जस्टिस आरिफ डॉक्टर की पीठ ने पशु प्रेमियों के एक समूह की तरफ से दायर की गई याचिका पर फैसला सुनाया है। कोर्ट ने सुनवाई करते हुए कहा कि यह मुद्दा जनस्वास्थ्य से जुड़ा है और सभी उम्र के लोगों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर व संभावित खतरा है।

# पत्रकार श्रीनारायण तिवारी को मिला पत्रकारिता क्षेत्र का सर्वोत्तम सम्मान

**मुंबई।** 'यशोभूमि' के संपादक श्रीनारायण तिवारी को पत्रकारिता के क्षेत्र में किए गए उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए 2025 का 'सर्वोत्तम सम्मान' प्रदान करने का फैसला किया गया है। तिवारी पिछले 40 वर्षों से पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्यरत हैं। 'गऊ भारत भारती' ने तिवारी को उनके द्वारा पत्रकारिता के क्षेत्र में किए उल्लेखनीय कार्यों के लिए यह सम्मान देने का निर्णय लिया है। तिवारी ने जौनपुर जिले के शाहगंज से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक 'वादरायण' से सन् 1984 से पत्रकारिता की शुरुआत की थी। विभिन्न साप्ताहिकों व दैनिकों में काम करते हुए उन्हें 1988 में मुंबई से प्रकाशित हुए राष्ट्रीय हिंदी दैनिक जनसत्ता में स्टाफ रिपोर्टर के रूप में सेवा करने का सुअवसर प्राप्त हुआ,फिर 2003 से



लोकमत समचार में बतौर ब्यूरो चीफ के रूप में सेवाएं दीं। लोकमत समाचार से जुड़ने के थोड़े ही दिन बाद उन्हें समूचे 'लोकमत समूह' के लिए विशेष संवाददाता के रूप में काम करने का सुअवसर मिल गया। उसके बाद हिंदी दैनिक 'दबंग दुनिया', 'एब्सल्यूट इंडिया', 'पूर्ण विराम', 'जागरूक टाइम्स' में स्थानीय संपादक, संपादक और कार्यकारी संपादक के रूप में उल्लेखनीय कार्य किया। इन दिनों वह राष्ट्रीय हिंदी दैनिक 'यशोभूमि' के संपादक हैं।

# निकाय चुनाव की तैयारी में जुटी भाजपा

**मुंबई।** महाराष्ट्र में निकाय चुनाव के लिए बीजेपी तैयारी में जुटी है। इस बीच भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र चव्हाण ने गुरुवार को पूर्व सांसद और विधायक से पार्टी की संगठनात्मक संरचना में एक-एक मंडल को गोद लेने का आह्वान किया। प्रदेश कार्यालय में आगामी चुनावों की रणनीति तय करने के लिए आयोजित पूर्व सांसदों और विधायकों की बैठक में चव्हाण ने कहा कि स्थानीय चुनावों के लिए भाजपा तैयार है।

**संगठन की मजबूती का संकल्प**

उन्होंने कहा, ''आगामी स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं के चुनावों को देखते हुए संगठनात्मक मजबूती के लिए प्रत्येक पूर्व सांसद और पूर्व विधायक ने एक-एक मंडल को गोद लेकर संगठन की मजबूती का संकल्प लिया। जिला-स्तरीय संगठन की स्थिति, बूथ स्तर



पर मोर्चाबंदी, जनसंपर्क अभियान और मोदी एवं महायुती सरकार की योजनाओं के प्रभावी प्रचार-प्रसार पर गहन चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरने और जनता तक सीधे पहुंचने का संकल्प इस बैठक में लिया गया।''

इस बैठक में वरिष्ठ नेता रावसाहेब पाटील-दानवे,महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष विधायक चित्रा वाघ, प्रदेश महासचिव विधायक विक्रांत पाटील, संजय केनेकर, माधवी नाईक, मुख्यालय प्रभारी रविंद्र अनासपुरे, मराठवाड़ा विभागीय संगठन मंत्री संजय कोडगे आदि उपस्थित थे। महाराष्ट्र में इस साल के आखिरी में निकाय चुनाव हो सकते हैं, भाजपा महाराष्ट्र में कुछ जगहों पर अकेले भी निकाय चुनाव लड़ सकती है। हालांकि ये फ्रेंडली फाइट होगा,28 जुलाई को ही मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भाजपा कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि स्थानीय चुनाव महायुती में मिलकर लड़ने हैं,लेकिन बीजेपी का दबदबा दिखाना है। फडणवीस ने कहा कि भाजपा के कई जिलों में छोटे-मोटे झगड़े हैं, ये झगड़े नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच हैं। मतभेद हो सकते हैं, लेकिन चुनावों के समय सभी को एकजुट रहना चाहिए,बैठकर बातचीत करनी चाहिए।

### गणेश मंडलों को बड़ी राहत

# पंडाल के लिए गड्ढा खोदने पर केवल 2000 रुपए शुल्क

- उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने की घोषणा
- कैबिनेट मंत्री मंगल प्रभात लोढा के प्रयासों को मिली सफलता

**मुंबई।** मुंबई के सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडलों को पंडाल लगाने के लिए गड्ढा खोदने पर बृहन्मुंबई महानगरपालिका द्वारा वसूले जा रहे 15 हजार रुपए के जुर्माने के निर्णय पर अब पुनर्विचार किया जाएगा। इस मांग को लेकर कैबिनेट मंत्री मंगल प्रभात लोढा द्वारा किए गए निरंतर प्रयासों को सफलता मिली है और गुरुवार को उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इस विषय में मनपा आयुक्त भूषण गगराणी को स्पष्ट निर्देश दिए हैं। इस निर्णय के तहत



अब पहले की तरह केवल 2000 रुपए शुल्क ही लिया जाएगा,जिससे हजारों गणेश मंडलों को सीधा लाभ होगा। गणेश मंडलों के लिए यह एक राहत भरा निर्णय है, जिसमें कैबिनेट मंत्री मंगल प्रभात लोढा की भूमिका निर्णायक रही है।

# शालार्थ ID घोटाले में दो शिक्षा अधिकारी गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई में एक बड़े घटनाक्रम में महाराष्ट्र पुलिस विभाग ने राज्यभर में चर्चित शालार्थ ID घोटाले में पहली बड़ी कार्रवाई करते हुए राज्य स्तरीय एसआईटी (विशेष जांच दल) ने दो वरिष्ठ शिक्षा अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। इसमें गिरफ्तारी में अधिकारियों में प्राथमिक शिक्षा अधिकारी सिद्धेश्वर काळुसे और पूर्व माध्यमिक शिक्षा अधिकारी रोहिणी कुंभार शामिल हैं। इन दोनों पर करोड़ों रुपए की फर्जीवाड़े का आरोप है। इस पूरे घोटाले में शालार्थ ID प्रणाली का ऑनलाइन दुरुपयोग कर बड़ी संख्या में फर्जी शिक्षकों को नियुक्त किया गया, जिन्हें सरकारी वेतन के रूप में करोड़ों रुपये का भुगतान हुआ। एसआईटी जांच में सामने आया कि बिना किसी आधिकारिक आदेश के, शिक्षा विभाग के कुछ



भ्रष्ट अधिकारी और कर्मचारी मिलकर शालार्थ IDs जारी कर रहे थे। इसके बाद संगठित रूप से की गई इस फर्जीवाड़े की साजिश में रोहिणी कुंभार के कार्यकाल (21 मार्च 2022 से 15 मार्च 2024) और सिद्धेश्वर काळुसे के वर्तमान कार्यकाल (16 मार्च 2024 से अब तक) में सबसे ज्यादा फर्जी IDs जारी हुईं। इस मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों को बुधवार को गिरफ्तार किया लिया है। हालांकि, पुलिस ने रिमांड की मांग की थी, लेकिन कोर्ट ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस का कहना है कि इनकी पूछताछ से कई चौंकाने वाले खुलासे हो सकते हैं, इसलिए वे सेशन कोर्ट में रिवीजन अर्जी दाखिल करेंगे। यह राज्य स्तरीय एसआईटी की पहली बड़ी कार्रवाई है और मामले में अभी और भी कई गिरफ्तारियां संभव हैं।

# मनपा आयुक्त ने किया स्वास्थ्य केंद्र और शासकीय सुविधा स्थलों का दौरा

**महानगर संवाददाता**
भायंदर

मीरा-भायंदर मनपा आयुक्त तथा प्रशासक राधाविनोद शर्मा द्वारा मीरारोड स्थित स्वास्थ्य केंद्र, पेणकरपाडा स्वास्थ्य केंद्र, काशीगांव स्वास्थ्य केंद्र आदि स्थलों का प्रत्यक्ष दौरा कर स्वास्थ्य व्यवस्थापन, चिकित्सकीय सुविधाएं, स्वच्छता और नागरिकों को प्रदान की जा रही सेवाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान आयुक्त ने स्वास्थ्य केंद्रों की कार्यप्रणाली, डॉक्टर और मेडिकल स्टाफ की उपस्थिति,दवा उपलब्धता,रोगी पंजीकरण प्रक्रिया इत्यादि का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के उपरांत आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को केंद्रों में



स्वच्छता बनाए रखने,रोगियों को उचित सुविधा प्रदान करने, स्वच्छ शौचालय, कीटाणुनाशक प्रबंधन आदि विषयों पर स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रोगी सेवा ही मनपा की प्राथमिक जवाबदारी है और इसमें कोई भी समझौता नहीं किया जाएगा। मनपा आयुक्त ने मीरारोड स्थित पशु वैद्यकीय चिकित्सालय और भायंदर पश्चिम स्थित कोंडवाडा (पशु आश्रय स्थल) का भी निरीक्षण किया। इस निरीक्षण दौरे में संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# अवैध रूप से पेड़ काटे जाने पर मनपा ने दर्ज कराया मामला

## पश्चिम रेलवे के खिलाफ मनपा ने की है कार्रवाई

**महानगर संवाददाता**
मुंबई

मनपा प्रशासन ने गुरुवार को एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एन एम जोशी मार्ग पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। मनपा जी दक्षिण वार्ड की ओर से दर्ज की गई शिकायत में जिसमें सेनापति बापट मार्ग के पास पश्चिम रेलवे परिसर में एक विज्ञापन होर्डिंग की दृश्यता के लिए पेड़ों को अवैध रूप से काटे जाने का आरोप लगाया गया है।

मनपा जी दक्षिण वार्ड द्वारा लोअर परेल स्थित एन एम जोशी मार्ग में दर्ज की गई शिकायत में महाराष्ट्र



(शहरी क्षेत्र) वृक्ष संरक्षण और संरक्षण अधिनियम 1975 की धारा 8 और 21 के तहत अवैध रूप से पेड़ काटने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। मनपा अतिरिक्त आयुक्त अश्विनी जोशी ने अधिकारियों को हरित आच्छादन को हुए अपूरणीय नुकसान को देखते हुए तुरंत कानूनी कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए। जी दक्षिण वार्ड की सहायक आयुक्त स्वप्नजा क्षीरसागर ने बताया कि यह नुकसान 30 बुधवार को किए गए एक नियमित जांच के दौरान सामने आया। मनपा गार्डन विभाग के अनुसार पश्चिम रेलवे की कंपाउंड वॉल से लगे फुटपाथ पर करंज,ताम्हण,शेवर और टबेबिया प्रजातियों के कुल 13 पेड़ को इस तरह काटा गया है कि उन्हें अब जीवित हो पाना मुश्किल दिखाई देता है। मनपा अधिकारियों का मानना है कि पश्चिम रेलवे ने जिस होर्डिंग कंपनी को होर्डिंग का व्यवसाय करने का ठेका दिया गया है।

# नागांव- शांतिनगर में बिजली चोरी का पर्दाफाश

**भिवंडी।** शांतिनगर पुलिस ने बिजली चोरी के एक गंभीर मामले का खुलासा किया है, जिसमें आरोपियों ने टॉरेन्ट पावर कंपनी के बिजली मीटर से छेड़छाड़ कर हजारों यूनिट बिजली का अवैध उपयोग किया। यह मामला विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक नांगाव, 60 फुट रोड़, हाशमती मस्जिद के पीछे एक मकान में आकीब मतलूब खान, महेताब सिद्दीकी, महबूब सिद्दीकी ने मिनी सर्विस पिलर से अवैध तरीके से बिजली की आपूर्ति लेकर अपने आर्थिक लाभ के लिए टॉरेन्ट पावर कंपनी को चूना लगाया।


छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता
महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)
ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 172784/ निविदा सूचना क्र. 05/वलेलि/2025-26, राजनांदगांव दिनांक 30.07.2025

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक **20.08.2025** 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती हैः-

**कार्य का नाम** - राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव विकासखण्ड अन्तर्गत शिवनाथ व्यपवर्तन के मुख्य नहर आर.डी. 26790 मी से 34580 मी. एवं 10 नग लघु नहरों (रातापायली, किरगी-1, किरगी-2, भोथली, संबलपुर, भंवरमरा, सिंघोला-1, सिंघोला-2, हरदी-1, हरदी-2) का लाईनिंग एवं पुनर्निर्माण कार्य एवं 81 नग स्ट्रक्चर का निर्माण/पुनर्निर्माण अर्थात मुख्य नहर के 04 नग माइनर हेड, 01 नग नॉन कन्ट्रोलिंग वियर, 09 नग इनलेट (पाईप), 02 नग इनलेट (स्लैब), व्ही.आर.बी. के विंगवॉल एवं पैरापेट वॉल का मरम्मत एवं माइनर नहरों के 18 नग व्ही.आर.बी., 03 नग 0.30 मीटर फॉल, 12 नग 0.45 मी. फॉल, 01 नग 0.60 मी. फाल, 02 नग, 0.75 मी. फॉल, 06 नग 0.90 मी. फॉल, 02 नग 1.00 मी फॉल, 01 नग 1.20 मी. फॉल, 16 नग व्ही.आर.बी. कम साईफन, 04 नग डी.सी. एवं 120 नग कुलापा का निर्माण कार्य।

अनुमानित लागत - **रू. 2408.63 लाख**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **06.08.2025** समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

**नोट** : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

हस्ता/-
कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, राजनांदगांव (छ.ग.)
कृते मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार,
जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.

G-252602517/3


# तुलसी जन्मोत्सव: भक्ति और श्रद्धा की धारा

## श्री तुलसी मानस मंदिर में भव्य आयोजन

**मुंबई।** गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती के पावन अवसर पर परेल स्थित श्री तुलसी मानस मंदिर में भक्ति, अध्यात्म और श्रद्धा का अनुपम संगम देखने को मिला। इस अवसर पर सुंदरकांड पाठ और रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया,जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ आईआरएस अधिकारी रविशंकर मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित रहे। हिंदी साहित्य और भक्ति परंपरा के अमर स्तंभ गोस्वामी तुलसीदास की जयंती के अवसर पर श्री तुलसी मानस मंदिर ट्रस्ट, परेल द्वारा एक भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच रुद्राभिषेक से हुई, जिसके बाद संगीतमय सुंदरकांड पाठ ने श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ आईआरएस अधिकारी रविशंकर ने मुख्य यजमान के रूप में



भाग लिया और भगवान राम, भगवान शिव और गोस्वामी तुलसी दास की पूजा कर परिवार एवं समाज की मंगलकामना की। उन्होंने कहा, "गोस्वामी तुलसीदास जी ने रामचरितमानस के माध्यम से पूरे समाज को भक्ति, नीति और धर्म का अमूल्य मार्ग दिखाया। आज की पीढ़ी को उनके जीवन और शिक्षाओं से जुड़ने की आवश्यकता है।"

इस आयोजन में श्री तुलसी मानस मंदिर ट्रस्ट के प्रमुख माणिक लाल शाह की विशेष भूमिका रही, जिन्होंने समस्त व्यवस्थाओं की निगरानी करते हुए कार्यक्रम को भक्ति और अनुशासन का संगम बनाया। उन्होंने कहा, "तुलसीदास जी की जयंती केवल एक पर्व नहीं, बल्कि यह आत्मचिंतन, भक्ति और समाज सेवा के संकल्प का अवसर है।" कार्यक्रम में भाजपा नेता अमरजीत मिश्र, सिद्धिविनायक मंदिर ट्रस्टी आचार्य पवन त्रिपाठी, समाजसेवी सुभाष अग्रवाल, विनय पांडेय, शिवेंद्र पांडेय, कमलेश मिश्र, नवीन पांडेय, राममिलन शुक्ला, मोहन सिंह, प्रदीप त्रिपाठी,दिनेश सिंह, संतोष दुबे, अमित सिंह, संजीव तिवारी सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। सभी ने तुलसीदास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विश्व कल्याण की कामना की और उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प दोहराया। पूरे मंदिर परिसर में भक्ति, मंत्र, संगीत और हवन की गूंज से एक दिव्य वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलन कर प्रभु श्रीराम के चरणों में अपनी आस्था अर्पित की। भक्तों का उत्साह और आयोजन की शुद्धता यह दर्शाती है कि आधुनिक युग में भी भक्ति परंपरा जीवंत और प्रभावशाली बनी हुई है।

# नशे के सौदागरों पर पुलिस की कार्रवाई हुई तेज

**भायंदर।** भायंदर (पश्चिम) पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान की शुरुआत की हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में भायंदर पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक जितेन्द्र कांबले ने नशे के सौदागरों को पकड़ने का अभियान शुरू किया हैं। भायंदर (पश्चिम) पुलिस द्वारा चरस,गांजा एवं अन्य नशीले पदार्थों को बेचने वाले लोगों के खिलाफ एक विशेष अभियान चला कर कार्रवाई की जा रहीं हैं । भायंदर पुलिस द्वारा इन नशे के कारोबार में लिप्त कई लोगों को अभी तक गिरफ्तार करके सलाखों के पीछे डाला गया हैं । इसके अलावा कई लोगों को हाथों में हथकड़ी पहना कर उनके परिसर में घूमा कर लोगों को इनके खिलाफ आवाज उठाने का आह्वान किया हैं । इस कार्रवाई के विषय में भायंदर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक जितेन्द्र कांबले ने बताया की हमारे वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में हम शहर में नशे का कारोबार करने वालों पर कठोर कार्रवाई कर रहें हैं । हमारा लक्ष्य हमारे परिसर को पूरी तरह नशा मुक्त बनाना हैं । इस अभियान के तहत हम नशे के कारोबारीयों पर कार्रवाई कर रहें हैं ।

# वसई-विरार मनपा में चार अधिकारी-कर्मचारी सेवानिवृत्त

## आयुक्त ने किया सम्मानित

**महानगर संवाददाता**
विरार

वसई-विरार शहर महानगरपालिका के मुख्य कार्यालय में आज एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें चार अधिकारी और कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। इनमें कार्यकारी अभियंता प्रकाश साटम और उप नगर सचिव राजेश घरत ने स्वेच्छानिवृत्ति ली, जबकि वाहन चालक संजय कर्व्हालो और सफाई कर्मचारी चंद्रशेखर पाटील नियत वयोमानानुसार सेवानिवृत्त हुए महानगरपालिका आयुक्त मनोजकुमार सूर्यवंशी (भा.प्र.से.) ने सेवानिवृत्त हुए सभी अधिकारी-कर्मचारियों को पुष्पगुच्छ, शाल, श्रीफल और सम्मान चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्हें भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं और सेवानिवृत्ति के लाभों से संबंधित धनादेशों का भी वितरण किया गया। इस मौके



पर अतिरिक्त आयुक्त दीपक सावंत,उप-आयुक्त अजित मुठे और दीपक झिंजाड सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी और सेवानिवृत्त अधिकारियों के परिजन उपस्थित थे। आयुक्त मनोजकुमार सूर्यवंशी ने सेवानिवृत्त हुए सभी लोगों के उत्कृष्ट योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनका अनुभव और समर्पण आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत रहेगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि महानगरपालिका सेवानिवृत्त कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेगी।

# 18.5 लाख रुपए की ड्रग्स के साथ नाइजीरियाई नागरिक गिरफ्तार



**नालासोपारा।** नालासोपारा में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 18.5 लाख रुपये के ड्रग्स के साथ एक नाइजीरियाई नागरिक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर जाल बिछाकर आरोपी को रंगे हाथों पकड़ा।मिली जानकारी के अनुसार, यह कार्रवाई बुधवार रात करीब 11 बजे तुलिंज पुलिस स्टेशन की टिम ने संयुक्त रूप से की। पुलिस को खबर मिली थी कि एक नाइजीरियाई नागरिक नालासोपारा (पूर्व) के यशवंत हाइट्स, सेंट्रल पार्क परिसर में ड्रग्स बेचने आने वाला है। सूचना मिलते ही पुलिस ने इलाके में घेराबंदी की और आरोपी चुक्वू एमेका को गिरफ्तार कर लिया। 48 वर्षीय चुक्वू मूल रूप से नाइजीरिया का रहने वाला है और वर्तमान में खारघर, नवी मुंबई में रह रहा था। पुलिस ने उसके पास से 92.12 ग्राम ड्रग्स बरामद किया, जिसमें विभिन्न प्रकार की टैबलेट्स और एमडी ड्रग (मेथाम्फेटामाइन) शामिल हैं। जब्त किए गए मादक पदार्थों की कुल कीमत 18,50,000 रुपये बताई जा रही है।

# रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव नई रीवा-पुणे एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे

**मुंबई।** भारतीय रेल नई पुणे-रीवा-पुणे एक्सप्रेस शुरू कर रहा है,जो पुणे और रीवा के बीच सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करने वाली पहली ट्रेन होगी। वर्तमान में अप्रत्यक्ष कनेक्टिविटी उपलब्ध है, लेकिन यह ट्रेन इन दोनों स्थानों के बीच यात्रा की सुविधा बढ़ाएगी। पुणे एक ऐतिहासिक और शैक्षिक केंद्र है और महाराष्ट्र के कई तीर्थस्थलों जैसे आलंदी, पंढरपुर,अकालकोट आदि को जोड़ता है। रीवा एक ऐतिहासिक और शैक्षिक केंद्र होने के साथ-साथ एक पर्यटन केंद्र भी है, जहां केवटी और बहुती जलप्रपात, व्हाइट टाइगर सफारी आदि जैसे आकर्षण हैं। यह ट्रेन महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के महत्वपूर्ण स्टेशनों के बीच तेज़, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा प्रदान करेगी, जो महाराष्ट्र के पुणे, दौंड, अहमदनगर, कोपरगांव, मनमाड,भुसावल, वर्धा, नागपुर और गोंदिया तथा मध्य प्रदेश के बालाघाट, नैनपुर, जबलपुर, कटनी, सतना और रीवा शहरों को जोड़ती है। यह ट्रेन आरक्षित और अनारक्षित दोनों वर्गों के लोगों की ज़रूरतों को पूरा करेगी और उपरोक्त शहरों में और उसके आसपास रहने/काम करने वाले लोगों को अपने गृह नगर/कार्यस्थल तक यात्रा करने में काफ़ी मदद करेगी। यह व्यापारियों, छात्रों, नियमित यात्रा और छुट्टियों में विशेष यात्राओं पर जाने वाले कर्मचारियों के लिए भी फायदेमंद होगी और व्यापार और वाणिज्य के अवसरों को बढ़ाने के अलावा पर्यटन और तीर्थयात्रा को और बढ़ावा देगी। रीवा-पुणे एक्सप्रेस उद्घाटन विशेष गाड़ी को 3 अगस्त को केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा अन्य गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

# कांग्रेस ने रचा था मालेगांव का षडयंत्र: फडणवीस

## ■ वोट की राजनीति के लिए सेट किया फर्जी नैरेटिव, मालेगांव ब्लास्ट मामले के फैसले पर प्रतिक्रिया

**मुंबई।** मालेगांव बम ब्लास्ट मामले में 17 साल बाद अदालत का फैसला आ गया है। अदालत ने इस मामले में सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया है। कोर्ट का फैसला आने के बाद राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मालेगांव प्रकरण का षडयंत्र कांग्रेस ने रचा था और आज इस बात का पर्दाफाश हो गया है।



यहां पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि कांग्रेस प्रणित यूपीए सरकार ने भगवा आतंकवाद, हिंदू आतंकवाद का नैरेटिव सेट करने के लिए षडयंत्र रचा और ये पूरा मालेगांव का केस तैयार किया, आज उसका पर्दाफाश हो गया है। केवल वोट की राजनीति के लिए अपना वोट बैंक और एक विशेष धर्म के लोगों को खुश करने के लिए एक नैरेटिव तैयार करने का प्रयास कांग्रेस ने किया था और तमाम भगवा और हिंदुओं को आतंकवादी ठहराने का काम किया, आज पूरा देश कांग्रेस को धिक्कार रहा है। हम मांग करते हैं कि कांग्रेस को देश से माफी मांगनी चाहिए। विशेष रूप से हिंदू और भगवा आतंकवाद कहकर कांग्रेस ने तमाम भारतीय हिंदू समाज का अपमान किया है। हमारी मांग है कि उसके लिए कांग्रेस को माफी मांगनी चाहिए।

### निर्दोष हिंदुओं को जानबूझकर फंसाया गया : शिंदे



उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि कहा कि मालेगांव बम धमाके मामले में कर्नल पुरोहित, साध्वी प्रज्ञा समेत सात निर्दोष हिंदुओं को जानबूझकर फंसाया गया और उन्हें 17 वर्षों तक परेशान किया गया। कांग्रेस ने भगवा आतंकवाद का नाम देकर केवल वोटबैंक की राजनीति की। कोर्ट का फैसला आने के बाद अब उन्हें पूरे हिंदू समाज से सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए। एकनाथ शिंदे ने कहा कि एनआईए कोर्ट के फैसले ने आज हिंदू समाज के माथे से लगा हुआ कलंक मिटा दिया है। इसमें अब कोई शक नहीं कि देश में गर्व से कहो, हम हिंदू हैं का नारा अब सौ गुना अधिक ताकत से गूंजेगा।

### भगवा कभी आतंकवाद से जुड़ा नहीं हो सकता : शिवसेना यूबीटी

मालेगांव ब्लास्ट केस में NIA कोर्ट के फैसले पर उद्धव ठाकरे की पार्टी शिवसेना यूबीटी ने प्रतिक्रिया दी। पार्टी ने कहा कि कुछ नेताओं ने 'भगवा आतंकवाद' की संज्ञा दी थी लेकिन भगवा कभी आतंकवाद से जुड़ा नहीं हो सकता। दुर्भाग्य है कि कुछ लोग भगवा को आतंकवाद कहते हैं।

### हिंदू कभी आतंकी नहीं हो सकता : उपाध्ये



भाजपा के मुख्य प्रवक्ता केशव उपाध्ये ने मालेगांव बम विस्फोट मामले में फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि एनआईए अदालत के फैसले ने कांग्रेस को भगवा आतंकवाद और हिंदू आतंकवाद जैसे झूठे दावे करके हिंदू समुदाय के खिलाफ जहर फैलाने की कोशिश पर करारा झटका दिया है। इस फैसले ने यह स्पष्ट कर दिया है कि एक हिंदू कभी आतंकवादी नहीं हो सकता। उपाध्ये ने कहा कि अब यह सिद्ध हो चुका है कि यह हिंदू समुदाय को बदनाम करने और अल्पसंख्यक समुदाय पर अत्याचार करके राजनीतिक लाभ उठाने की एक व्यापक साजिश थी।

### आतंकवाद की जाति, धर्म नहीं होता : सपकाल



महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने कहा कि पार्टी हमेशा आतंकवाद के खिलाफ रही है। आतंकवाद का कोई धर्म, जाति या रंग नहीं होता, आतंकी सिर्फ आतंकी होता है और उसे कड़ी सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार मुंबई रेलवे धमाके के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जा रही है,उसी तरह मालेगांव बम धमाके के फैसले को भी सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जाएगी या नहीं, यह सरकार को स्पष्ट करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र में सत्ता परिवर्तन के बाद मालेगांव बम धमाके के आरोपियों के प्रति नरम रवैया अपनाने को कहा गया था,यह बात विशेष सरकारी वकील रोहिणी सालियन ने पहले ही उजागर की थी। और आज के फैसले के संदर्भ में यह बात अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है।

# धारावी के झोपड़ों का सर्वेक्षण 12 अगस्त से होगा बंद

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

अदानी समूह की नवभारत मेगा डेव्हलपर्स प्रायव्हेट लिमिटेड द्वारा धारावी पुनर्विकास परियोजना के तहत झोपड़ी वासियों का बायोमेट्रिक सर्वेक्षण किया जा रहा है। डीआरपी ने झोपड़ों का सर्वेक्षण 12 अगस्त से बंद करने का निर्णय लिया है। डीआरपी झोपड़ा धारको के घर-घर जाकर सर्वेक्षण करने का कम कर रही थी। सर्वेक्षण की शुरुआत दस माह से अधिक समस्य से शुरू है। धारावी पुनर्विकास प्रकल्प ने झोपड़ीवासियों से अपील की है कि वे सर्वेक्षण टीम को सहयोग करें और अपना सर्वेक्षण जल्द से जल्द पूरा कराएं। बता दें कि कुछ स्थानों पर राजनीतिक विरोध के कारण झोपड़ों का सर्वेक्षण में अड़चन पैदा की जा रही है। यह अड़चन स्थानीय झोपड़ा दाताओं के मार्फत जानबूझकर किया जा रहा है। डीआरपी ने कहा है कि 12 अगस्त के बाद घर-घर सर्वेक्षण नहीं



होगा। जिन लोगों को आगे अपने घर का सर्वेक्षण कराना होगा,उन्हें डीआरपी और एनएमडीपीएल के कार्यालय में खुद दस्तावेज जमा कर पात्रता निर्धारण प्रक्रिया में शामिल हो सकेंगे। धारावी में पात्रता तय करने के उद्देश्य से डीआरपी ने यह बायोमेट्रिक सर्वेक्षण शुरू किया था। जिसकी शुरुआत पिछले वर्ष की गई थी। इस सर्वेक्षण के तहत अब तक 87,000 से अधिक झोपड़ियों का सर्वेक्षण पूरा हो चुका है और एक लाख से अधिक झोपड़ियों को यूनिक नंबर जारी किए गए हैं। एनएमडीपीएल की टीमें बीते कई महीनों से घर-घर जाकर दस्तावेज इकट्ठा कर सर्वेक्षण कर रही हैं डीआरपी और एनएमडीपीएल इस सर्वेक्षण को जल्द पूरा करना चाहते हैं।

# अलमट्टी बांध की ऊंचाई न बढ़ाए कर्नाटक: फडणवीस

## केंद्रीय जल संसाधन मंत्री सीआर पाटिल को पत्र लिखकर हस्तक्षेप का अनुरोध

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई।** राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने केंद्रीय जल संसाधन मंत्री सीआर पाटिल से अनुरोध किया है कि वे कर्नाटक सरकार को अलमट्टी बांध की ऊंचाई न बढ़ाने के निर्देश जारी करें। मुख्यमंत्री ने पत्र में कहा कि कृष्णा नदी पर बने अलमट्टी बांध की ऊंचाई बढ़ाने पर महाराष्ट्र के सांगली और कोल्हापुर जिलों सहित कृष्णा नदी के किनारे का क्षेत्र प्रभावित हो सकता है। इस पत्र में मुख्यमंत्री फडणवीस ने अलमट्टी बांध के बैकवाटर,नदी में गाद जमा होने और बांधों के निर्माण के कारण उत्पन्न बाढ़ की स्थिति को लेकर इस क्षेत्र के नागरिकों की पीड़ा को उठाया है।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि महाराष्ट्र सरकार ने राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान रुड़की को अलमट्टी बांध के बैकवाटर से उत्पन्न बाढ़ की स्थिति का सिमुलेशन और हाइड्रोनॉमिक्स विधियों से अध्ययन करने का कार्य सौंपा है। इस अध्ययन से बाढ़ की स्थिति की व्यापक समझ प्राप्त होगी। इस संबंध में रिपोर्ट अभी तक प्राप्त नहीं हुई है,इसलिए बांध की ऊंचाई बढ़ाने का निर्णय उचित नहीं होगा।

मुख्यमंत्री फडणवीस ने पत्र में उल्लेख किया है कि कर्नाटक सरकार की तरफ से अलमट्टी जलाशय की ऊंचाई 519.6 मीटर से बढ़ाकर 524.256 मीटर करने का निर्णय हमारे लिए बेहद चिंताजनक है। उन्होंने यह भी आशंका व्यक्त की है कि यदि इतनी ऊंचाई बढ़ाई गई, तो इससे सांगली और कोल्हापुर जिलों में हर साल बाढ़ की स्थिति और बिगड़ेगी और नागरिकों को परेशानी उठानी होगी। अलमट्टी बांध के पानी से कृष्णा नदी और उसकी सहायक नदियों में गाद जमा होने की मात्रा बढ़ गई है। इससे नदियों की जल वहन क्षमता प्रभावित हुई है। इससे बाढ़ के पानी की निकासी की गति धीमी हो गई है।

### तीन लोगों ने किया नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार

**मुंबई।** पूर्वी उपनगर में तीन लोगों ने 13 साल की एक नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार किया। तीनों आरोपी सुरक्षा गार्ड हैं। आरोपी जनवरी से अप्रैल के बीच पीड़िता का साथ यौन शोषण कर रहे थे। यह बात लड़की के गर्भवती होने के बाद सामने आई। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता 13 साल की है और पूर्वी उपनगर में रहती है। उसकी मां यहां एक बड़े आवासीय परिसर में सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करती है। वह पीड़िता की मां से मिलने वहां आती थी। जनवरी में उसकी मुलाकात उसी इलाके की एक इमारत में काम करने वाले 46 वर्षीय सुरक्षा गार्ड से हुई। वह उसकी मां का परिचित था। उसने पीड़िता से जान-पहचान बढ़ा ली। आरोपी ने पीड़िता की अज्ञानता का फायदा उठाकर 24 जनवरी को उसी इमारत में उसके साथ बलात्कार किया।

# आठ महीने के बाद मनपा की 'आपली चिकित्सा योजना' दोबारा शुरू

### दवाखानों में डॉक्टर का पता नहीं

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

मनपा प्रशासन द्वारा बड़े गाजे बाजे के साथ शुरू की 'आपलि चिकित्सा योजना' पिछले आठ महीनों से बंद पड़ी थी अब यह योजना अब दोबारा आज से शुरू हो रही है। मनपा ने भले ही यह योजना दोबारा शुरू कर दी है,लेकिन दवाखानों में डॉक्टर की उपलब्धता कहा है इस तरह का सवाल खड़ा किया जा रहा है। मनपा आपली चिकित्सा में खून के 140 प्रकार की जांच आकृति थी जिसे घटाकर अब 83 कर दिया है। मनपा प्रशासन ने जानकारी दी कि 'आपली चिकित्सा योजना' को 1 अगस्त से एक बार फिर से 100 स्वास्थ्य संस्थानों में शुरू किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत नागरिकों को अत्यंत कम शुल्क में विभिन्न प्रकार की रक्त जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी और जांच रिपोर्ट व्हॉट्सऐप के माध्यम से भी उपलब्ध कराया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य है कि मनपा के स्वास्थ्य संस्थानों में बाहरी सेवा प्रदाता के माध्यम से नागरिकों को नाममात्र दरों पर रक्त जांच की सुविधा दी जाए । इस योजना के तहत मनपा के उपनगरीय अस्पताल,'आपला दवाखाना', पॉलीक्लिनिक, प्रसूतिगृह, विलेपार्ले स्थित डॉ. आर. एन. कूपर अस्पताल और जोगेश्वरी स्थित हिंदुहृदयसम्राट बाळासाहेब ठाकरे ट्रॉमा केअर अस्पताल को शामिल किया गया है।

### 140 जांच से घटाकर अब 83 होगी जांच


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

**सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग**
**कीटनाशन शाखा**
**ई-निविदा सूचना**

बृहन्मुंबई महानगरपालिका आयुक्त द्वारा निम्नलिखित ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है. निविदा प्रति महाराष्ट्र राज्य सरकार के पोर्टल https://mahatenders.gov.in तथा बीएमसी के पोर्टल (http://www.mcgm.gov.in) अंतर्गत ई-निविदा लॉगइन अनुभाग से डाउनलोड की जा सकती है.

बीएमसी द्वारा निम्नलिखित पते पर इस संबंध में बोलीकर्ताओं को सहायता प्रदान करने हेतु कीटनाशन कार्यालय में हेल्प डेस्क सेवा शुरू की है.

कीटनाशन अधिकारी, बीएमसी,
5वी मंजिल, हॉकर्स प्लाजा,
जनता क्लॉद मार्केट,
सेनापति बापट मार्ग,
दादर (पश्चिम),
मुंबई – 400 028

बोली समाप्ति की निम्ननिर्दिष्ट तारीख और समय तक बोली ऑनलाइन जमा की जानी चाहिए.

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा क्र. | 2025_एमसीजीएम_1204803 |
| 2 | कार्य का नाम | बीएमसी के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग की कीटनाशन शाखा के उपयोग हेतु 933 नग रेनसूट्स की खरीद. |
| 3 | अनुमानित लागत (₹) | 7,21,209.00 |
| 4 | ई.एम.डी. (₹) | 14,425.00 |
| 5 | निविदा शुल्क (₹) | 1,714.00 |
| 6 | बोली आरंभिक तिथि एवं समय | 01.08.2025 को 11.00 बजे |
| 7 | बोली समाप्ति तिथि एवं समय | 21.08.2025 को 16.00 बजे |

हस्ता./-
पीआरओ/1177/विज्ञा./2025-26 कीटनाशन अधिकारी (प्रभारी)

बुखार ? तत्काल कदम उठाईये, सही और सम्पूर्ण उपचार के लिये अपने डॉक्टर से संपर्क करिये


सात महीने में 2 738 मरीजों ने ली मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता निधि का लाभ

# 25 करोड़ 86 लाख रुपए की गई मदद

**मुंबई।** राज्य में आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद मरीजों के लिए मुख्यमंत्री सहायता कोष कक्ष एक बड़ा आधार बन चुका है। पिछले सात महीने के भीतर 2 738 मरीजों को करीब 25 करोड़ 86 लाख 37 हजार रुपए की मदद की गई है। गुरुवार को मुख्यमंत्री सहायता कोष कक्ष प्रमुख रामेश्वर नाईक ने यह जानकारी दी। नाईक ने कहा कि डिजिटल इंडिया को एक कदम बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मुख्यमंत्री सहायता कोष पेपर लेस की घोषणा की थी उनके घोषणा के अनुसार कक्ष को पूरी तरह डिजिटल किया गया है। इससे मरीजों को मंत्रालय आने की जरूरत नहीं है। मरीजों को पहले महात्मा ज्योतिबा फुले जन आरोग्य योजना,आयुष्मान भारत, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम या धर्मार्थ अस्पतालों की योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। अगर इन योजनाओं से इलाज संभव नहीं है, तो इनसे जुड़े अस्पताल से मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता निधी कक्ष में आवेदन करना है,इससे सरकारी योजनाओं का सही उपयोग सुनिश्चित होता है और वास्तविक जरूरतमंद मरीजों तक धनराशि पहुंचती है। रामेश्वर नाईक ने कहा कि कक्ष की तरफ से 20 गंभीर बीमारियों के मरीजों की मदद की जाती है इसमें हृदय, लीवर, किडनी, फेफड़े,कैंसर , सड़क दुर्घटनाएं, छोटे बच्चों की सर्जरी, मस्तिष्क रोग, हृदय रोग, डायलिसिस, कैंसर (कीमोथेरेपी/रेडिएशन), हड्डी रोग, नवजात रोग, घुटना प्रत्यारोपण, जले हुए मरीज, विद्युत दुर्घटना के मरीज जैसी कुल 20 गंभीर बीमारियों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

# आठ आदिवासी बहुल जिलों में संशोधित आरक्षण

## राजस्व मंत्री की अध्यक्षता वाली उप-समिति का निर्णय, एसईबीसी वर्ग के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण

**मुंबई।** राज्य सरकार ने नाशिक, धुले,नंदुरबार सहित आठ आदिवासी बहुल जिलों में जिला स्तरीय ग्रुप-सी और ग्रुप-डी संवर्ग पदों के लिए संशोधित आरक्षण और बिन्दु सूची तय की है। राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले की अध्यक्षता में नियुक्त आरक्षण उप-समिति की गई अनुशंसा के बाद यह प्वाइंट लिस्ट तय की गई है। सामान्य प्रशासन विभाग ने हाल ही में इस संबंध में एक सरकारी निर्णय जारी किया है। आदिवासी बहुल आठ जिलों नाशिक, धुले, नंदुरबार, पालघर, यवतमाल, रायगड, चंद्रपुर और गडचिरोली में संशोधित आरक्षण के साथ-साथ सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण के अनुरूप उपाय सुझाने के लिए बावनकुले की



अध्यक्षता में एक मंत्रिमंडलीय उप-समिति नियुक्त की गई थी। इस समिति में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल,कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे, स्कूली शिक्षा मंत्री दादाजी भुसे, अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री अतुल सावे, आदिवासी विकास मंत्री डॉ. अशोक उइके शामिल थे। इस उप-समिति द्वारा की गई सिफारिशों पर विचार करने के बाद सरकार ने यह निर्णय लिया है। यह आरक्षण बिन्दु सूची इन आठ आदिवासी बहुल जिलों में लागू की जाएगी। इन जिलों में अन्य पिछड़ा वर्ग, विमुक्त जाति, भटक्या जमाती के प्रचलित आरक्षण के प्रतिशत और जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए ग्रुप-सी और ग्रुप-डी श्रेणियों में सीधी सेवा भर्ती के लिए संशोधित आरक्षण निर्धारित किया गया था। राज्य में सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण अधिनियम, 2024 के तहत, सरकारी सेवाओं में सीधी भर्ती और शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश में सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों (एसईबीसी) वर्ग को 10 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। नाशिक, धुले, नंदुरबार और पालघर जिले में अनुसूचित जातियों के लिए 10%, अनुसूचित जनजातियों के लिए 22%, विमुक्त जाति (अ) के लिए 3%, भटक्या जमाती (बी) के लिए 2.5%,भटक्या जमाती (क) के लिए 3.5%, भटक्या जमाती (ड) के लिए 2%, विशेष पिछड़ा वर्ग के लिए 2%, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 15%, एसईबीसी के लिए 8%, ईडब्ल्यूएस के लिए 8% और ओपन श्रेणी के लिए 24% आरक्षण निर्धारित किया है। रायगड जिले में अनुसूचित जाति के लिए 12%, अनुसूचित जनजाति के लिए 9%, विमुक्त जातियों (अ) के लिए 3%, भटक्या जमाती (ब) के लिए 2.5%, भटक्या जमाती (क) के लिए 3.5%, भटक्या जमाती (ड) के लिए 2%, विशेष पिछड़ा वर्ग के लिए 2%, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 19%, एसईबीसी के लिए 10%,ईडब्ल्यूएस के लिए 9% और ओपन श्रेणी के लिए 28% आरक्षण निर्धारित किया है।

# येऊर में गिरेगा अवैध साम्राज्य

### हाईकोर्ट का 200 अवैध बंगलों पर बुलडोजर चलाने का आदेश

**ठाणे।** वन्यजीवों की शरणस्थली और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर येऊर अब हाईकोर्ट के सख्त आदेश के बाद बुलडोजर की गूंज से हिलने वाला है। हाईकोर्ट ने ठाणे नगर निगम को छह महीने के भीतर येऊर क्षेत्र में बने 200 अनधिकृत बंगलों, होटलों और इमारतों को गिराने का आदेश दिया है। ये आदेश न्यायमूर्ति आलोक आराध्य और संदीप मार्ने की खंडपीठ ने एक साथ चल रही छह जनहित याचिकाओं की सुनवाई के दौरान दिया।

### पर्यावरणीय संतुलन के लिए खतरा

बता दें कि येऊर के जंगल क्षेत्र में लगातार हो रहे अनधिकृत निर्माणों पर पर्यावरण कार्यकर्ता और समाजसेवियों ने लंबे समय से आवाज उठाई थी। वर्षों पहले याचिकाकर्ता बलिराम जाधव ने इस मुद्दे को अदालत में लाया था। जाधव का निधन हो चुका है, लेकिन उनकी याचिका पर कई अन्य लंबित याचिकाएं भी जुड़ चुकी हैं, जिन पर अब संयुक्त रूप से सुनवाई हो रही है। नगर निगम ने पहले ही कोर्ट को हलफनामे के जरिए बताया था कि वहां कम से कम 200 अवैध संरचनाएं मौजूद हैं। कोर्ट ने इन निर्माणों को न सिर्फ अवैध करार दिया, बल्कि उन्हें पर्यावरणीय संतुलन और नदी के आसपास के क्षेत्र के लिए खतरा बताया।


## मध्य रेल
**मुंबई मंडल**

**निविदा सूचना No. CWE/MTN/85256378/2025 due on 04-09-2025**

निविदा No - 85256378, निविदा विवरण - इलास्टोमेरिक पैड (एक सेट में 7 इलास्टोमेरिक पैड होते हैं), एस्कॉर्ट्स पार्ट संख्या SK-1552, RDSO विनिर्देश संख्या RDSO/2011/CG03-, (Rev.-01) के अनुसार CBC संतुलित ड्राफ्ट गियर के लिए उपयुक्त है, मात्रा - 110 Set, नियत तारीख - 04-09-2025, राशि - 13310990.

SUN 320 उप मुख्य सामग्री प्रबंधक (स.मा.वि.)

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
**ई-नीलामी नोटिस**

उपरोक्त के संदर्भ में रायपुर मंडल से कमाई और पट्टे के ठेकों के लिए ई-नीलामी निम्नानुसार आमंत्रित की गई है:

| Sr. No. | Assets Description | Auction Date | Auction Time | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | दुर्ग रेलवे स्टेशन पर एटीएम के लिए निविदा। | 06.08.2025 | 11:00 | 11:30 |
| 2 | नौ बैटरी चालित गाड़ियों के संचालन के लिए निविदा। | 08.08.2025 | 11:00 | 11:30 |
| 3 | रायपुर रेलवे स्टेशन पर डिजिटल क्लॉक रूम सुविधा के लिए निविदा। | 11.08.2025 | 11:00 | 11:30 |

सभी ई-नीलामी अधिसूचना का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड किया गया है।

मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक
PR/R/SR.DCM/AAA/123 दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर

South East Central Railway @secrail

## कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
**रोजगार अधिसूचना**

केआरसीएल द्वारा इंजीनियरिंग तथा संकेत एवं दूरसंचार विभाग में निश्चित अवधि के अनुबंध आधार पर वॉक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से निम्नलिखित पदों हेतु रोजगार अधिसूचना प्रकाशित की गई है. विवरण निम्नानुसार है:

**अधिसूचना**
1. सीओ/पी-आर/3सी/2025 दिनांक 21.07.2025
2. सीओ/पी-आर/4सी/2025 दिनांक 21.07.2025
3. सीओ/पी-आर/5सी/2025 दिनांक 25.07.2025

| क्र. सं. | पद का नाम/ ग्रेड | यू आर | ई डब्ल्यू एस | ओबी सी | एस सी | एस टी | कुल पदों की संख्या | वॉक-इन इंटरव्यू की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जेटीए सिग्नल / टेलीकम्युनिकेशन | 3 | 0 | 1 | 0 | 0 | 4 | 05.08.2025 |
| | तकनीशियन सिग्नल / टेलीकम्युनिकेशन | 12 | 2 | 6 | 3 | 1 | 24 | 07.08.2025 |
| 2 | जेई/यूएसएफडी | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 04.08.2025 |
| 3 | कीमैन (टीएसएम) | 13 | 2 | 7 | 4 | 2 | 28 | 11.08.2025 |

उम्मीदवार अधिसूचना, पात्रता मानदंड आदि का विवरण केआरसीएल की वेबसाइट www.konkanrailway.com पर दिए गए लिंक → भर्ती → वर्तमान अधिसूचना पर देख सकते हैं और तदनुसार आवेदन कर सकते हैं।

मुख्य कार्मिक अधिकारी

## झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरण, पुणे व पिंपरी चिंचवड क्षेत्र, पुणे
मुथ्था चेंबर्स–II, सेनापती बापट रोड, पुणे –१६

सक्षम प्राधिकारी क्र.३
जा.क्र. झोपुप्रा/सप्रा–३/ १७६०/२०२५ दिनांक :– ०४/०७/२०२५

**प्राथमिक पात्रता यादीचे जाहीर प्रकटन**

ज्याअर्थी, महाराष्ट्र झोपडपट्टी (सुधारणा, निर्मुलन व पुनर्विकास) अधिनियम, १९७१ (प्रस्तुत आदेशात या अधिनियमाचा उल्लेख यापुढे 'उक्त अधिनियम असा करणेत येत आहे) चे कलम ३अ नुसार महाराष्ट्र शासन, गृहनिर्माण विभाग, अधिसूचना क्र. झो.पु. यो. –२००४/प्र.क्र.–२१३/झोपसु–१, **दि. ३०/०६/२००५** अन्वये पुणे व पिंपरी चिंचवड महानगरपालिका क्षेत्राकरिता 'झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरण, पुणे' या प्राधिकरणाची स्थापना करण्यात आलेली आहे; आणि

ज्याअर्थी, पिंपरी चिंचवड महानगरपालिका हद्दीतील खालील अनुसूचीमध्ये नमुद स.नं. १२१पै, सि.स.नं.५००५ पै, महात्माफुले नगर झोपडपट्टी, मोहननगर, पिंपरी चिंचवड, पुणे या नावाने ओळखल्या जाणाऱ्या झोपडपट्टी क्षेत्रावर १०९४५.४१ चौ. मी. ह्या क्षेत्रातील झोपडीधारकांची पात्रता निश्चित करण्यासाठी **दि. ०७/०३/२०२३** रोजी प्राथमिक सर्व्हेक्षण करणेत आले होते. आणि

ज्याअर्थी, या प्रकटनास अनुसरुन शासनाच्या निर्णय व आदेशान्वये उक्त झोपडपट्टी क्षेत्रातील झोपडीधारकांची पात्रता यादी तयार करणेकरीता झोपडीधारकांनी त्यांची निवासी / बिगरनिवासी / संयुक्त वापराबाबतचे जोडपत्र ३/४ व पुराव्यांसह कागदपत्र सादर करणेबाबत कळिवणेत आले असून, सदरच्या झोपडीधारकांचे उक्त जोडपत्र व पुराव्यांसह कागदपत्रे प्राधिकरणास प्राप्त झाले आहेत.

त्याअर्थी, प्राप्त झालेल्या जोडपत्र व त्यासोबतचे प्रपत्र आणि पुराव्यांची छाननी करुन खालील अनुसूचीमध्ये नमुद केलेल्या पिंपरी चिंचवड महानगरपालिका स.नं. १२१पै, सि.स.नं. ५००५ पै, महात्माफुले नगर झोपडपट्टी, मोहननगर, पिंपरी चिंचवड, पुणे येथील १०९४५.४१ चौ.मी. क्षेत्रातील झोपडीधारकांची प्राथमिक पात्रता यादी परीशिष्ट – २ तयार करण्यात आली असुन, सदरची यादी या जाहीर प्रकटनाद्वारे प्रसिध्द करणेत येत आहे.

या प्राथमिक पात्रता यादीबाबत हित संबंध असलेल्या व्यक्तींनी त्यांची हरकत / दावा / सूचना / आक्षेप लेखी स्वरुपात व योग्य पुराव्यांसह सदरचे प्रकटन प्रसिध्द झालेपासुन १५ दिवसांच्या आत कार्यालयीन वेळेत उपजिल्हाधिकारी तथा सक्षम प्राधिकारी क्र. ३, झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरण, पुणे व पिंपरी चिंचवड क्षेत्र, पुणे मुथ्था चेंबर्स ॥, सेनापती बापट मार्ग, पुणे–१६ या ठिकाणी दाखल करावी.

अशा प्रकारे दाखल करणेत आलेल्या हरकती/ दावे / सूचना / आक्षेप बाबत आवश्यकतेनुसार संबंधितांना वाजवी म्हणणे मांडण्याची संधी देणेत येईल. अर्जदारांचे म्हणणे व पुराव्यांची पडताळणी करुन, तसेच आवश्यक वाटल्यास स्थळपाहणी करुन अंतिम पात्रता यादी (परिशिष्ट २) तयार करणेत येईल. तसेच उपरोक्त पात्रता यादीतील **दि. १६/०५/२०१८** रोजीच्या शासननिर्णयानुसार सशुल्क पुनर्वसनाकरीता पात्रता करण्यात आलेल्या झोपडीधारकांनी **दि.१६/०५/२०१५** रोजीच्या शासन निर्णयानुसार सन २००० पूर्वीचे कागदपत्रे / पुरावे सादर केल्यास त्यांचा सन २००० नुसार मोफत पुनर्वसनाकरीता अंतिम पात्रता यादीमध्ये पात्र समावेश करता येईल.

**अनुसूची**

**झोपडपट्टीचे नाव :–** स.नं. १२१पै, सि.स.नं. ५००५ पै, महात्मा फुले नगर झोपडपट्टी, मोहननगर, पिंपरी चिंचवड, जिल्हा– पुणे.
**महानगरपालिका क्षेत्र :–** पिंपरी चिंचवड महानगरपालिका.

**गाव– आकुर्डी**

| स नं / सि. स. नं / फा. फ्लॉ. क्र | जमीन/ भोगवटदाराचे हक्क प्राप्त असलेल्या संस्थेचे नाव | क्षेत्र (चौ. मी.) (त्रिमितीय पध्दतीने) | योजना क्षेत्राची चतु:सिमा – पूर्वेस | दक्षिणेस | पश्चिमेस | उत्तरेस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ |
| स.नं. १२१पै, सि. स. नं ५००५पै, | महाराष्ट्र शासन उद्योग विभाग महाराष्ट्र औद्योगिक विकास महामंडळ | १०९४५.४१ चौ.मी. | लागु रस्ता व सि. स. नं ५००५पै | स.नं. १२१पै, सि. स. नं ५००५पै | सि.स.नं. ४९८५पै, लागू रस्ता ४९९९ पै, ५०००पै, ५००२पै, ५००३/ २पै, ४८५२ पै | लागु रस्ता व सि. स. नं ५००५पै |

स्थळ:– झो.पु. प्रा. पुणे
दि. ०४/०७/२०२५

शिक्का

सही /–
उपजिल्हाधिकारी तथा सक्षम प्राधिकारी क्र. ३,
झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरण, पुणे.

## महावितरण
## निविदा सूचना

कार्यकारी अभियंता, महावितरण, पर्वती विभाग, पु.ल. देशपांडे गार्डन जवळ, सिंहगड रोड, पुणे 411030 येथे विविध कामांसाठी महावितरण कडे ई-नोंदणीकृत कंपन्यांकडून निविदा मागविण्यात येत आहेत.

| नं | ई-निविदा क्र. | तपशील | निविदा रक्कम लाख |
|---|---|---|---|
| 1 | EE/PRD/T- 01/2025-26 | पर्वती विभागाअंतर्गत येणाऱ्या विविध कार्यालये आणि उपकेंद्रांच्या कार्यालयीन इमारती आणि आजूबाजूच्या परिसराची देखभाल करण्यासाठी हाऊसकीपिंगची कामे पुरवणे साठी ई-निविदा. | 10 लाख |
| 2 | EE/PRD/T- 02/2025-26 | फ्यूज वायर खरेदीसाठी ई-निविदा, | 2 लाख |

बोली कागदपत्रे आमच्या वेबसाइट http://works.mahadiscom.in/eTender/etender वर 01.08.2025 ते 08.08.2025 पर्यंत उपलब्ध आहेत.

PRO//PZ/103/2025-26 कार्यकारी अभियंता, पर्वती विभाग

## पश्चिम रेलवे की ओर से बांद्रा टर्मिनस ⇌ ओखा एवं सांगानेर के बीच दो विशेष गाड़ियों का संचालन

| गाड़ी संख्या | आरंभिक स्टेशन एवं गंतव्य | सेवा की तिथि | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 09077 | बांद्रा टर्मिनस-ओखा | 14.08.2025 तथा 17.08.2025 | 21.20 बजे (गुरुवार और रविवार) | 16.45 बजे (अगले दिन) |
| 09078 | ओखा – बांद्रा टर्मिनस | 16.08.2025 एवं 19.08.2025 | 08.20 बजे (शनिवार एवं मंगलवार) | 04.00 बजे (अगले दिन) |
| ठहराव : बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, भरूच, वडोदरा, आनंद, नाडियाद, अहमदाबाद, वीरमगाम, सुरेंद्रनगर, वांकानेर, राजकोट, जामनगर तथा द्वारका स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में. | | | | |
| संयोजन : एसी 2-टीयर, एसी 3-टीयर, शयनयान श्रेणी और सामान्य द्वितीय श्रेणी कोचेस | | | | |
| 09023 | बांद्रा टर्मिनस – सांगानेर (सुपरफास्ट) | 07.08.2025 तथा 14.08.2025 | 16.45 बजे (गुरुवार) | 12.30 बजे (अगले दिन) |
| 09024 | सांगानेर – बांद्रा टर्मिनस (सुपरफास्ट) | 08.08.2025 तथा 15.08.2025 | 16.50 बजे (शुक्रवार) | 11.15 बजे (अगले दिन) |
| ठहराव : बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, भरूच, वडोदरा, रतलाम, नागदा, चौमहला, शामगढ, भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा और सवाई माधोपुर स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में. | | | | |
| संयोजन : एसी 2 – टीयर, एसी 3 – टीयर, शयनयान श्रेणी और सामान्य द्वितीय श्रेणी कोचेस. | | | | |

ठहराव, संयोजन और समय-सारिणी के बारे में विस्तृत जानकारी के लिये यात्रीगण कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in का अवलोकन करें.

पीआरएस काउंटर्स पर और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर **गाड़ी सं. 09077, 09078 तथा 09023** के लिए बुकिंग **03.08.2025** से शुरू होगी. उपरोक्त गाड़ियों को विशेष किराए पर विशेष गाड़ियों के तौर पर संचालित किया जाएगा.

**पश्चिम रेलवे**
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly
हमें फॉलो करें : X.com/WesternRly
हमें फॉलो करें : Instagram/WesternRly

सभी आरक्षित टिकटों के लिए वैध पहचान पत्र साथ रखें.

# चीनी मंसूबे पर नजर रहे

चीन ने हाल ही में तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी पर,जिसे तिब्बती भाषा में यारलुंग त्संगपो के नाम से जाना जाता है,एक विशाल जलविद्युत परियोजना के निर्माण का कार्य शुरू किया है। चीनी प्रधानमंत्री ली छियांग ने तिब्बत के न्यिंगची शहर में इस परियोजना की शुरुआत की घोषणा की,जो नदी के निचले हिस्से में स्थित है और हमारे देश के अरुणाचल प्रदेश के निकट स्थित है। इस परियोजना में पांच कैस्केड जलविद्युत स्टेशन शामिल होंगे, जिनमें कुल निवेश लगभग 1.2 ट्रिलियन युआन (लगभग 167.8 अरब अमेरिकी डॉलर) होने का अनुमान है। इस परियोजना का निर्माण और संचालन राज्य स्वामित्व वाली चाइना यारचियांग ग्रुप कंपनी लिमिटेड करेगी। विदित है कि ब्रह्मपुत्र नदी अपने निचले हिस्से में, तिब्बत के मिलिन काउंटी के पै टाउन से लेकर मोतुओ काउंटी के बाशिका तक, ऊंचे पर्वतीय चट्टानों से अवरुद्ध होकर टेढ़ी-मेढ़ी हो जाती है, जिससे एक घोड़े की नाल के आकार का बड़ा मोड़ बनता है, जो प्रसिद्ध ब्रह्मपुत्र ग्रैंड कैन्यन का निर्माण करता है। इससे नदी अपने बहाव में तीव्र मोड़ के कारण 2,000 मीटर का ढाल बनाती है, जिससे लगभग सात करोड़ किलोवाट विद्युत उत्पादन किया जा सकता है। गौरतलब है कि नवंबर, 2020 में चीन ने '14वीं पंचवर्षीय योजना' और 2035 के दीर्घकालिक लक्ष्यों के प्रस्तावों में स्पष्ट रूप से 'ब्रह्मपुत्र नदी के निचले हिस्से में जलविद्युत विकास को लागू करने' का उल्लेख किया था। मार्च 2021 में, राष्ट्रीय जन कांग्रेस ने इस परियोजना को आधिकारिक तौर पर 14वीं पंचवर्षीय योजना और 2035 विजन में शामिल किया और इसको सिचुआन-तिब्बत रेलवे जैसे अति महत्वाकांक्षी निवेश परियोजना के साथ शामिल किया गया। इस जलविद्युत परियोजना के लिए पांच अलग-अलग स्थानों पर ब्रह्मपुत्र के पानी को इकट्ठा कर बिजली उत्पादित की जायेगी। इसके लिए एक बड़े बांध के अलावा चार छोटे-छोटे बांध की जरूरत होगी। इन जलाशयों में पानी को सुरंग से लाया जायेगा। हिमालय जैसे भूकंप प्रवण क्षेत्र में बांध और कृत्रिम जलाशय वहां के पारिस्थितिक तंत्र को नकारात्मक रूप से प्रभावित करेंगे,जिससे न केवल जीव-जंतु, वनस्पति पर प्रतिकूल असर पड़ेगा, बल्कि हिमालय क्षेत्र की सामाजिक और सांस्कृतिक विविधता को भी नुकसान पहुंचेगा। स्वाभाविक है कि इस बांध निर्माण के पीछे चीन के कई मंसूबे हैं। भारत-पाकिस्तान के बीच सिंधु नदी का जल विवाद अभी थमा भी नहीं कि अब चीन ब्रह्मपुत्र पर बांध बना रहा है। इसको किस रूप में देखा जाये! क्या चीन केवल अपने सामरिक सहयोगी पाकिस्तान को सिंधु जल संकट से बचाने के लिए ब्रह्मपुत्र के पानी को एक सामरिक शस्त्र के तौर पर इस्तेमाल करेगा या फिर चीन के अंदरूनी जल संकट और ऊर्जा संकट से उबरने का यह एक रास्ता है? या चीन अपने आधिपत्य वाले तिब्बत में इस जलविद्युत परियोजना से रोजगार एवं विकास के नये अवसर लाकर तिब्बती लोगों को आकर्षित करने का एक और निरर्थक प्रयास कर रहा है? भारत और बांग्लादेश की बड़ी आबादी कृषि, मछली पालन, यातायात आदि के लिए ब्रह्मपुत्र नदी पर आश्रित है। हालांकि ब्रह्मपुत्र के बहाव क्षेत्र का केवल 30-35 फीसदी जल ही तिब्बत से आता है। जाहिर है,तीन देशों से बहने वाली ब्रह्मपुत्र एक अंतरराष्ट्रीय नदी है और इस पर किसी भी बांध का निर्माण किसी भी स्वरूप में, तटीय देशों की आपसी स्वीकृति से होना चाहिए. लेकिन चीन-भारत-बांग्लादेश का ब्रह्मपुत्र नदी पर ऐसा कोई समझौता नहीं है, क्योंकि चीन किसी भी बहुपक्षीय परियोजना का हिस्सा नहीं बनना चाहता है और ऊपरी तटीय देश होने का लाभ उठाता है. जैसी कि आशंका जतायी जा रही है कि चीन इस बांध को 'जल बम' की तरह इस्तेमाल कर सकता है। विदित है कि भारत-चीन विवाद के समय चीन ब्रह्मपुत्र नदी जल प्रवाह का आंकड़ा भारत से साझा नहीं करता रहा है। तो कदाचित चीन मॉनसून के दौरान अचानक पानी छोड़कर तबाही ला सकता है। परंतु अगर नदी के प्रवाह की जानकारी समय पर भारत को मिलती रहे,तो मानसून के दौरान संभावित बाढ़ के खतरों से निपटने में मदद मिल सकती है। दूसरा पहलू यह है कि क्या चीन पाकिस्तान को संरक्षण देने और इस्लामाबाद पर सिंधु जल दबाव को संतुलित करने के लिए ब्रह्मपुत्र नदी बांध का प्रयोग करेगा? इसकी आशंका तो नगण्य है परंतु क्षेत्रीय भू-राजनीति और नित्य बदलते विश्व परिदृश्य में यह मुमकिन भी है. दरअसल ऊर्जा सुरक्षा के लिए चीन ने 2020 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में 2060 तक कार्बन तटस्थता, यानी शुद्ध शून्य (नेट जीरो) उत्सर्जन हासिल करने का संकल्प लिया था, जिसके लिए उसे 2030 से पहले अपने कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को चरम पर पहुंचाना है। दूसरे, ब्रह्मपुत्र जलविद्युत परियोजना की वार्षिक बिजली उत्पादन क्षमता लगभग 300 अरब किलोवाट-घंटा हर वर्ष होने की उम्मीद है, जो चीन के थ्री गॉर्जेस डैम की तुलना में तीन गुना अधिक है। इस बिजली से लगभग 30 करोड़ परिवारों की वार्षिक बिजली जरूरतें पूरी की जा सकती हैं, यदि प्रति परिवार 1,000 किलोवाट-घंटा बिजली खपत की गणना करे। तीसरे,इस परियोजना का उद्देश्य चीन के अन्य क्षेत्रों के अलावा तिब्बत में भी रोजगार तथा विकास की संभावनाओं को बढ़ाना है। विकास ही चीनी कम्युनिस्ट पार्टी को वैधता प्रदान करता है। जैसा कि इस परियोजना में निवेश की मात्रा रेखांकित करती है, जहां थ्री गॉर्जेस डैम में कुल निवेश 135.26 बिलियन युआन (लगभग 18.8 अरब अमेरिकी डॉलर) था, वहीं इस परियोजना में निवेश उसका लगभग नौ गुना अधिक है. ऐसे में, अब भारत-बांग्लादेश को मिलकर ब्रह्मपुत्र त्रैपक्षिक सहयोग आयोग बनाने के लिए दबाव बनाना चाहिए, जिससे ब्रह्मपुत्र नदी के जल आंकड़े साझा करने को लेकर कोई रुकावट न आये।

कटाक्ष | सुरेश मिश्र

*कायर शिंदे कहां है, दिग्गी गयो बिलाइ*
*पी चिदंबरम छुप गयो, छोड़ि कुटिलता भाइ*
*छोड़ि कुटिलता भाइ,उबैसी पानी पानी*
*देखो मालेगांव, झूठ बन गई कहानी*
*कह सुरेश कविराय धूर्त सब निकले बंदे*
*अब तो माफी मांग, कहां है कायर शिंदे*

# ... लेकिन विपक्ष बेदम क्यों

ये कोई समस्या नहीं है। वो अपने कार्यकर्ताओं और नेताओं को सम्बोधित करते हुए कहते हैं कि आप लोग उनसे मिले नहीं हैं, मैं मिला हूं इसलिए बता रहा हूं उनमें दम नहीं है। उन्होंने एक और बात कही कि आप मेरी बहन से पूछो, मोदी में दम नहीं है। राहुल गांधी कहते हैं कि मुझे 21 साल हो गए हैं राजनीति करते हुए, लेकिन वो यह नहीं बता पा रहे हैं कि गांधी परिवार के होने के बावजूद उन्होंने इन 21 सालों में कांग्रेस को क्या दिया है।



इस लेख का शीर्षक एक सवाल है और यह सवाल इसलिए पूछना पड़ रहा है, क्योंकि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने अपनी पार्टी के एक बड़े समारोह में बोलते हुए कहा है कि मैं मोदी जी से कई बार मिला हूं, उनमें कोई दम नहीं है । उनकी बात को न काटते हुए यह सवाल तो बनता है कि अगर मोदी जी में दम नहीं है तो पूरा विपक्ष बेदम क्यों दिखाई दे रहा है। राहुल कहते हैं कि मोदी कोई समस्या नहीं है। मीडिया वालों ने उनका गुब्बारा बनाया हुआ है, ये कोई समस्या नहीं है । वो अपने कार्यकर्ताओं और नेताओं को सम्बोधित करते हुए कहते हैं कि आप लोग उनसे मिले नहीं हैं, मैं मिला हूं इसलिए बता रहा हूं उनमें दम नहीं है । उन्होंने एक और बात कही कि आप मेरी बहन से पूछो, मोदी में दम नहीं है। राहुल गांधी कहते हैं कि मुझे 21 साल हो गए हैं राजनीति करते हुए लेकिन वो यह नहीं बता पा रहे हैं कि गांधी परिवार के होने के बावजूद उन्होंने इन 21 सालों में कांग्रेस को क्या दिया है । उन्होंने इस सभा में एक और बयान दिया कि उनकी एक गलती रही कि वो 21 साल में ओबीसी समाज को समझ नहीं पाए लेकिन अब वो अपनी गलती सुधारेंगे । सवाल यह पैदा होता है कि एक तरफ वो कहते हैं कि ओबीसी समाज का देश में पचास प्रतिशत हिस्सा है लेकिन वो फिर खुद कहते हैं कि वो इस समाज को समझ नहीं पाए तो उन्हें जवाब देना चाहिए कि वो 21 साल तक राजनीति में क्या कर रहे थे । देश की आधी आबादी के बारे में जानते ही नहीं है तो वो कांग्रेस को कैसे चला रहे थे । राहुल गांधी ऐसे परिवार में पैदा हुए हैं जिसमें तीन व्यक्ति भारत के प्रधानमंत्री रह चुके हैं और उनके पिता प्रधानमंत्री थे तो क्या किसी ने भी उन्हें भारतीय राजनीति के बारे में नहीं बताया । जो व्यक्ति राजनीति के बीच पैदा हुआ हो, वो कैसे ओबीसी को समझ नहीं पाया, ये जवाब तो राहुल गांधी को देना चाहिए. माफी मांगने से काम चलने वाला नहीं है । सबसे बड़ा मुद्दा फिर वही है कि राहुल गांधी क्यों मानते हैं कि मोदी में दम नहीं है । जो व्यक्ति 13 साल तक लगातार गुजरात का मुख्यमंत्री रहा और वहां से चलकर प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंच गया, उसमें दम नहीं है । जो व्यक्ति लगातार 11 साल से प्रधानमंत्री की कुर्सी पर है और अभी चार साल तक बना रहने वाला है, उसमें दम नहीं है । सवाल तो राहुल गांधी को अपने आप से पूछना चाहिए कि भारत जैसे देश को क्या बिना दम वाला व्यक्ति चला सकता है । जबसे राहुल गांधी ने यह बयान दिया है, उनके समर्थक भी यह कह रहे हैं कि मोदी जी में दम नहीं है. मीडिया ने उनका गुब्बारा फुलाया हुआ है । सवाल यह है कि जो व्यक्ति 11 साल से लगातार प्रधानमंत्री है, उसके गुब्बारे में कांग्रेसी एक छोटी सी पिन तक चुभा नहीं पाए. अगर वो ऐसा करते तो गुब्बारे की सारी हवा एक मिनट में फुर्र हो जाती । क्या कांग्रेस 11 साल से एक गुब्बारे से लड़कर पस्त है । सवाल तो फिर कांग्रेस पर ही उठ सकता है कि वो कितनी कमजोर पार्टी है, जो एक गुब्बारे से भी नहीं लड़ पा रही है। अगर कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता राहुल की बात को सच मानते हैं तो उन्हें परेशानी क्या है, मोदी जी की हवा तो कभी भी निकल सकती है । अगर राहुल की बात को कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता सच मान लेते हैं तो कांग्रेस के लिए बड़ी परेशानी खड़ी हो सकती है क्योंकि मोदी जी में दम नहीं है. उनसे लड़ने की क्या जरूरत है । यही कारण है कि विपक्ष के नेता शोर मचा रहे हैं कि मोदी जी ने ट्रंप के कहने पर सीजफायर कर दिया है जबकि मोदी सरकार कई तरीकों से कह चुकी है कि सीजफायर में ट्रंप की कोई भूमिका नहीं है । संसद में ऑपरेशन सिंदूर पर हुई बहस में मोदी जी ने फिर कहा है कि सीजफायर किसी के भी कहने से नहीं किया गया है । इसके जवाब में राहुल गांधी कह रहे हैं कि मोदी जी ने ट्रंप का नाम नहीं लिया । सवाल यह है कि जब किसी की कोई भूमिका नहीं है तो ट्रंप की भूमिका भी नहीं है । इसका साफ मतलब है कि राहुल गांधी जो बोल रहे हैं उसे वो मानते भी है कि मोदी जी में दम नहीं है. वो ट्रंप के आगे झुक गए और सीजफायर कर दिया। एक तरफ विपक्ष कहता है कि मोदी जी में दम नहीं है, दूसरी तरफ फिलिस्तीनी राष्ट्रपति मोदी जी को पत्र लिखकर गुहार लगा रहे हैं कि वो इजराइल को समझाएं कि गाजा में बच्चे भूखे मर रहे हैं । उनसे इजराइल पर दबाव बनाने को कहा जा रहा है कि वो उसे युद्ध रोकने को कहे । मोदी जी में दम नहीं है, क्यायह बात फिलिस्तीनी राष्ट्रपति को पता नहीं है। मोदी जी की हथियारों के मदद के कारण आर्मेनिया के दुश्मन तुर्की और अजरबैजान परेशान हैं । मोदी जी में दम नहीं है लेकिन वो अमेरिका और यूरोप की धमकियों से बेपरवाह होकर रूस की लगातार मदद कर रहे हैं। राहुल को जवाब देना चाहिए कि क्या कारण है कि मोदी सरकार के आने के बाद पाकिस्तान को पीओके की फ्रिक सताने लगी है । मोदी जी के आने से पहले तो हम कश्मीर की चिंता में लगे रहते थे लेकिन अब पाकिस्तान को अपने कब्जे वाले कश्मीर की चिंता सता रही है । मोदी सरकार के आने से पहले कश्मीर मुद्दे पर मुस्लिम देशों का जैसा समर्थन पाकिस्तान को मिलता था, अब क्यों नहीं मिल रहा है। मोदी जी में दम नहीं है तो विपक्ष क्यों कह रहा है कि भारत सरकार को सीजफायर नहीं करना चाहिए था । विपक्ष के नेता क्यों कह रहे हैं कि युद्ध जारी रहता तो हम पीओके ले सकते थे. सवाल यह है कि जो काम कोई दूसरा प्रधानमंत्री नहीं कर पाया, उस काम की अपेक्षा विपक्ष को बिना दम वाले मोदी जी से क्यों है । क्या विपक्ष चाहता है कि एक बिना दम के प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत पाकिस्तान के साथ पूर्ण युद्ध में कूद जाता । पहलगाम हमले के बाद विपक्ष क्यों मांग कर रहा था कि इसका पाकिस्तान को जवाब दिया जाये । जब कांग्रेस के शासन में बड़े-बड़े आतंकवादी हमलों का जवाब नहीं दिया गया था तो बिना दम वाले प्रधानमंत्री से पाकिस्तान को जवाब देने के लिए क्यों कहा जा रहा था । मोदी जी के शासन में ही भारतीय सेना चार साल तक चीन की सेना के सामने खड़ी रही और आखिरकार चीन की सेना को पीछे हटना पड़ा। अब भारतीय राजनीति की बात करें तो मोदी जी के राष्ट्रीय राजनीति में आने से पहले भाजपा ने कभी पूर्ण बहुमत की सरकार नहीं बनाई थी । भाजपा के नेता भी जानते थे कि भाजपा कभी भी 200 सीटों से आगे नहीं बढ़ सकती। जब भाजपा ने मोदी जी को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया तो उन्होंने 272 सीट जीतने का लक्ष्य रखा जिसका खुद भाजपा के नेता मजाक बनाते थे।

**- राजेश कुमार पासी**

# ट्रंप टैरिफ की चुनौती को अवसर में बदल पाएगा भारत?



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 20 से 25 प्रतिशत तक आयात शुल्क (टैरिफ) लगाने के संकेत दिए हैं। ट्रंप प्रशासन ने भारत को साफ तौर पर 1 अगस्त तक की समय सीमा दी है। अगर तब तक कोई व्यापार समझौता नहीं हुआ तो भारतीय उत्पादों पर 16 प्रतिशत अतिरिक्त टैक्स लगाया जाएगा। यह शुल्क पहले से लागू 10 प्रतिशत बेसलाइन टैरिफ के अलावा होगा, जिससे कुल शुल्क 30 प्रतिशत से अधिक हो सकता है। यह भारत जैसे विकासशील देश के लिए एक चेतावनी है। इसका सीधा असर भारत के निर्यात पर पड़ेगा खासकर टेक्सटाइल, ऑटो पार्ट्स, जेम्स-ज्वेलरी और फार्मा सेक्टर पर। जब एक अमेरिकी ग्राहक भारतीय गारमेंट या फार्मा उत्पाद खरीदने की सोचेगा, तो उसे 25% ज्यादा कीमत चुकानी पड़ेगी। ऐसे में भारतीय उत्पाद अमेरिकी बाजार में प्रतिस्पर्धा खो सकते हैं। उदाहरण के तौर पर भारत हर साल अमेरिका को लगभग 9 अरब डॉलर के कपड़े निर्यात करता है। ऐसे में अगर टैरिफ बढ़ गया, तो बांग्लादेश और वियतनाम जैसे प्रतिस्पर्धी देश इस मौके का फायदा उठा सकते हैं, क्योंकि अमेरिका ने उन्हें शुल्क रियायतें दे रखी हैं। यह टैरिफ संकट केवल व्यापार तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसका असर निवेश पर भी पड़ सकता है। भारत की छवि अनिश्चित व्यापारिक वातावरण वाले देश की बन सकती है, जिससे संभावित विदेशी निवेशक हिचक सकते हैं।

**भारत की रणनीति**

भारत की ओर से संतुलन बनाने की कोशिशें जारी हैं। भारत चाहता है कि टैरिफ 10% से कम रखा जाए और बदले में अमेरिका को कुछ क्षेत्रों में रियायतें दी जाएं। हालांकि भारत ने स्पष्ट किया है कि वह कृषि और डेयरी क्षेत्र को विदेशी कंपनियों के लिए नहीं खोलेगा। अमेरिका लंबे समय से इन क्षेत्रों में प्रवेश चाहता रहा है लेकिन भारत का स्टैंड बिल्कुल साफ है कि अन्नदाता के हितों से कोई समझौता नहीं होगा। भारत गैर-कृषि क्षेत्रों में समझौते के लिए तैयार है और अमेरिका को यह भी प्रस्ताव दे चुका है कि यदि शुल्क घटाए जाते हैं तो भारत अमेरिकी औद्योगिक सामानों पर टैक्स पूरी तरह खत्म करने को तैयार है। इतना ही नहीं, भारत ने बोइंग से विमान खरीदने की संभावना भी जताई है ताकि व्यापार घाटा संतुलित हो सके।

**संभावनाएं और उम्मीदें**

इस बीच एक अच्छी खबर यह है कि अमेरिका की ट्रेड टीम 25 अगस्त को भारत आ रही है। उम्मीद है कि सितंबर-अक्टूबर तक दोनों देश एक अंतरिम व्यापार समझौते तक पहुंच सकते हैं। पिछली बैठक वॉशिंगटन में हुई थी, जहाँ भारत के मुख्य वार्ताकार राजेश अग्रवाल और अमेरिकी प्रतिनिधि ब्रेंडन लिंच ने विस्तृत चर्चा की थी। ट्रंप के हालिया बयान भारत पर राजनीतिक दबाव बनाने की रणनीति का हिस्सा हो सकते हैं। उनका यह कहना कि "अब मैं इंचार्ज हूं और यह सब खत्म होगा", संकेत देता है कि वह भारत को शीघ्र समझौते के लिए बाध्य करना चाहते हैं जबकि भारत के वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने भी साफ किया है कि भारत किसी भी समझौते पर दबाव में हस्ताक्षर नहीं करेगा। भारत सिर्फ उन्हीं शर्तों पर समझौता करेगा जो देश के हित में हों और पूरी तरह से परखी गई हों।

**संकट या अवसर?**

यह संकट भारत के लिए एक अवसर भी है। यही समय है जब 'मेक इन इंडिया', पीएलआई स्कीम, वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट जैसी योजनाओं को और मजबूत किया जाए। भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह टैरिफ संकट एक उत्प्रेरक की भूमिका निभा सकता है। साथ ही, भारत को पारंपरिक बाजारों के साथ-साथ नए निर्यात गंतव्य भी तलाशने होंगे—अफ्रीका, मध्य एशिया, लैटिन अमेरिका जैसी उभरती अर्थव्यवस्थाएं भारत के लिए संभावनाओं से भरे हुए हैं।

**कूटनीति की कसौटी**

कूटनीतिक स्तर पर भारत की भूमिका और भी ज़िम्मेदार हो गई है। भारत और अमेरिका के संबंध केवल व्यापार तक सीमित नहीं हैं—हम रक्षा, तकनीक, साइबर सुरक्षा और 'क्वाड' जैसे बहुपक्षीय मंचों पर साझेदार हैं। अमेरिका के लिए भी यह समझदारी भरा कदम होगा कि वह भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी को खराब न होने दे। जब युद्ध तलवारों से नहीं, व्यापार की शतरंज पर लड़ा जाए तो हर चाल का असर करोड़ों लोगों की जेब और भविष्य पर पड़ता है। अगर व्यापार युद्ध है तो समझौता उसकी शांति है—लेकिन शांति हमारी शर्तों पर होनी चाहिए, झुकाव की मुद्रा में नहीं। भारत को इस लड़ाई में अपनी ज़मीन पर टिके रहकर, नीतिगत मजबूती और कूटनीतिक संतुलन के साथ आगे बढ़ना होगा। तभी हम इस टैरिफ की चुनौती को अवसर में बदल पाएंगे।

**- राजेश जैन**

# भारत में एआई का बढ़ता प्रभाव

सर्विसनाउ की नई जारी एआई स्किल्स रिसर्च 2025 के मुताबिक, भारत दुनिया के सबसे बड़े वर्कफोर्स ट्रांसफॉर्मेशन के लिए तैयार है। रिसर्च के अनुसार,एजेंटिक एआई के जरिए साल 2030 तक 10.35 मिलियन नौकरियों का स्वरूप पूरी तरह बदलने की संभावना है। इस रिसर्च को पियर्सन के साथ मिलकर संचालित किया गया। यह बदलाव भारत के प्रतिभाशाली लोगों के लिए एक बड़ा अवसर है,जहां पारंपरिक तरीकों से हटकर काम का तरीका ज्यादा रचनात्मक,स्मार्ट और तकनीक-प्रेरित होगा। इससे भविष्य में कामकाज की दुनिया पूरी तरह नए रूप में सामने आएगी। सर्विसनाउ इंडिया टेक्नोलॉजी एंड बिजनेस सेंटर के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और मैनेजिंग डायरेक्टर सुमीत माथुर कहते हैं, ''भारत का एआई सफर एक महत्वपूर्ण पड़ाव पर है। एजेंटिक एआई कर्मचारियों के काम करने के तरीके को बदल रहा है और 2030 तक 10.35 मिलियन नौकरियों को नए सिरे से परिभाषित करते हुए 3 मिलियन से ज्यादा नई टेक नौकरियां पैदा करेगा।'' सर्विसनाउ के एआई मैच्योरिटी इंडेक्स ने भारतीय एआई पेससेटर्स की पहचान की है, जोकि पाँच चीजों : स्पष्ट एआई विजन, प्लेटफॉर्म-आधारित सोच, सही प्रतिभा का चयन, मजबूत नियम, और बड़े पैमाने पर एजेंटिक एआई के उपयोग पर ध्यान देकर इस बदलाव का नेतृत्व कर रहे हैं। इसका असर बड़ा है और 57% कंपनियों ने काम की दक्षता और उत्पादकता में सुधार देखा है। माथुर ने कहा, ''भारत के पास वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ने का खास मौका है, बशर्ते वह एआई के लिए तैयार प्रतिभाओं को विकसित करे, काम के तरीकों को नए सिरे से डिज़ाइन करे, और नवाचार के आधार पर बिजनेस मॉडल तैयार करे। भारतीय कंपनियों के लिए संदेश साफ हैः अब छोटे-मोटे प्रयोगों का समय खत्म हो गया है। वैश्विक प्रतिस्पर्धा में टिकने के लिए बड़े कदम, एकजुट रणनीति, और विश्वास, पारदर्शिता व कौशल के साथ ह्यूमन-एआई सहयोग की जरूरत है।''उच्च ऑटोमेशन वाली भूमिकाएँ जैसे परिवर्तन प्रबंधक और पेरोल क्लर्क अब एआई एजेंट्स द्वारा नियमित समन्वय कार्यों को संभाला जा रहा है। उच्च संवर्धन वाली भूमिकाएँ जैसे कार्यान्वयन सलाहकार और सिस्टम एडमिन्स अब एआई के साथ साझेदारी कर रहे हैं, न कि उससे प्रतिस्पर्धा। मैन्युफैक्चरिंग (8 मिलियन), रिटेल (7.6 मिलियन), और शिक्षा (2.5 मिलियन) क्षेत्र इस परिवर्तन से सबसे अधिक प्रभावित होंगे, जिससे इन उद्योगों के संचालन और नवाचार में बड़ा बदलाव आएगा। दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी और गतिशील डिजिटल अर्थव्यवस्था के साथ, भारत अगले पाँच वर्षों में 3 मिलियन टेक वर्कर्स जोड़ेगा। एआई मैच्योरिटी इंडेक्स से पता चला है कि जैसे-जैसे उद्यम वास्तविक दुनिया में एआई लागू करने की ओर बढ़ रहे हैं, वे भविष्योन्मुखी भूमिकाओं को प्राथमिकता दे रहे हैं जैसेः एआई कॉन्फिगरेटर्स (66%) एक्सपीरियंस डिज़ाइनर्स (57%), और डेटा साइंटिस्ट (65%)। इसके साथ-साथ उद्यमों की महत्वाकांक्षाएँ भी बढ़ रही हैं।

आज का कार्टून




साभार

# भारत-पाक के बीच 'बैट' और 'बुलेट' साथ नहीं

यह सही है कि क्रिकेट भगवान नहीं है,लेकिन यह भी सही है कि क्रिकेट खेलप्रेमियों के लिए भगवान से कम भी नहीं है। भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट को लेकर दीवानगी और जीने मरने की कसम किसी से छुपी नहीं है लेकिन इस बार क्रिकेट को लेकर भारत में दीवानगी की वजाय "रोष" अधिक है। वजह है जम्मू-कश्मीर की बैसारन घाटी में हुए आतंकी हमले के बाद पाक के विरुद्ध भारत की सभी मोर्चों पर निर्णायक करवाई और यही वजह है कि एशिया कप क्रिकेट में एक बार फिर से भारत- पाक के मैच के शेड्यूल को लेकर अब विरोध के स्वर उभर रहे हैं। इन स्वरों में देश के क्रिकेट प्रेमियों से लेकर नेता,अभिनेता तथा आम नागरिक तक शामिल है। कुल मिलाकर देश की सरकार और बीसीसीआई से मांग इस बात की है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद जब पाकिस्तान के साथ सभी तरह के संबंध खत्म है तो फिर क्रिकेट का संबंध क्यों जारी रहे? पाकिस्तान के साथ क्रिकेट खेलने को लेकर हालिया विवाद सितंबर महीने में होने वाले एशिया क्रिकेट कप को लेकर है। एशियन क्रिकेट काउंसिल ने शनिवार को ढाका में हुई बैठक के बाद एशिया कप 2025 की तारीखों का ऐलान किया है। शेड्यूल के अनुसार भारत-पाकिस्तान मुकाबला 14 सितंबर को संयुक्त अरब अमीरात में होने वाला है। संभावना इस बात की अधिक है कि दोनों चिर-प्रतिद्वंद्वी टीमें टूर्नामेंट में फाइनल तक तीन बार एक-दूसरे से भिड़ सकती हैं। एशिया क्रिकेट कप में कुल मिलाकर एशिया की नौ देशों की टीम में भाग ले रही है। एशिया क्रिकेट कप के ग्रुप में ग्रुप-ए में भारत, पाकिस्तान, यूएई और ओमान तथा ग्रुप-बी में श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, हॉन्गकॉन्ग एवं चीन शामिल हैं। उधर,गली मोहल्ला से लेकर संसद तक एशिया कप 2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाला मुकाबला दो महीने पहले से ही चर्चा का विषय बना हुआ है। पाकिस्तान के साथ क्रिकेट मैच को लेकर विरोध का आलम यह है कि संसद तक में यह मुद्दा गूंजा और अधिकांश विपक्षी नेताओं ने भी पाकिस्तान के साथ क्रिकेट मैच को लेकर सवाल खड़े किए हैं। संसद में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने कड़े शब्दों में विरोध जताया है और उन्होंने कहा कि जिसकी अंतरात्मा जिंदा है, वह पाकिस्तान के साथ क्रिकेट मैच नहीं देख सकते। विपक्ष के कई अन्य सांसदों ने भी भारत-पाक के बीच क्रिकेट मैच पर सवाल उठाए हैं। एशिया कप में पाकिस्तान के साथ क्रिकेट मैच को लेकर उठे विरोध तथा बवाल को पहलगाम आतंकी हमले के साथ जोड़कर देखा जा रहा है। जम्मू- कश्मीर की वैसारन घाटी में इसी साल 22 अप्रैल को पाकिस्तान के तीन आतंकवादियों ने 26 पर्यटकों की गोली मारकर नृशंस हत्या कर दी। इस आतंकी कार्रवाई में आतंकवादियों ने गोली मारने से पहले पर्यटकों का न केवल धर्म पूछा बल्कि उनकी हिन्दू के रूप में पहचान सुनिश्चित करने के लिए उन्हें कलमा पढ़ने को भी कहा। पाकिस्तान द्वारा प्रेषित और पोषित आतंकियों की इस कायराना हरकत के बाद भारत में पाकिस्तान के विरुद्ध कई निर्णायक कार्रवाई की। पहलगाम के आतंकी हमले का बदला लेने के लिए भारत में शुरुआत सिंधु जल समझौते के निरस्त करने से की। इसके बाद भारत ने चिनाब का पानी भी रोक दिया। यही नहीं, भारत ने अटारी बॉर्डर को बंद करके पाकिस्तान के साथ सभी प्रकार के आयात और निर्यात पर भी पूरी तरह से रोक लगा दी है। भारत ने एक कूटनीतिक कदम उठाते हुए पाकिस्तान के दूतावास में अधिकारियों की संख्या में कटौती कर दी। इसके साथ ही भारत में पाकिस्तान के जहाजों की आवाजाही पर पूर्ण पाबंदी के साथ-साथ पाकिस्तान के पोतों के लिए भारत के बंदरगाहों को पूरी तरह से बंद कर दिया है। इस आर्थिक मोर्चाबंदी के बाद पहले से ही गरीबों की मार झेल रहे पाकिस्तान में अब कंगाली के हालात है तथा पाकिस्तान के लोग वहां की सेवा और सरकार को कोस रहे हैं। पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला लेते हुए भारत में पाकिस्तान के फिल्मी कलाकारों की एंट्री भारत में बैन करने के साथ ही पाकिस्तान के कई चैनलों और यूटयुबरों को भी भारत में प्रतिबंधित कर दिया गया है।

**- प्रदीप कुमार वर्मा**

# पटना एम्स में विधायक चेतन आनंद से मारपीट !

### आधे घंटे बंधक बनाए रखा, मरीज देखने गए थे

**पटना।** बाहुबली आनंद मोहन के बेटे और विधायक चेतन आंनद से पटना एम्स में गार्ड और जूनियर डॉक्टर के साथ विवाद का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि इस बीच उनके साथ मारपीट और धक्का-मुक्की हुई। आधे घंटे तक कमरे में बंधक बनाए रखने की भी खबर है। इस मामले में फुलवारी थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। घटना बुधवार रात करीब 12 बजे की है। बताया जा रहा है कि चेतन आनंद अपने समर्थकों के साथ मरीज से मिलने गए थे। इसी दौरान अस्पताल के गार्ड के साथ विधायक और समर्थकों की कहासुनी हो गई। जिसके बाद ये विवाद पैदा हो गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। आपको बता दें बीते साल बिहार विधानसभा में नीतीश सरकार के




फ्लोर टेस्ट में शिवहर के विधायक चेतन आनंद सहित चार एमएलए राजद को छोड़कर एनडीए के साथ हो गए थे। राजद लगातार इन सभी विधायकों की सदस्यता रद्द करने की मांग कर रही है। राजद ने पिछले दिनों विधानसभा अध्यक्ष को दल-बदल कानून के तहत इन चारों की सदस्यता रद्द करने की मांग करते हुए पत्र भी लिखा था। हालांकि, अभी तक इन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

# रक्षाबंधन पर घर जा रहे 3 इंजीनियरिंग छात्रों की मौत

### मां को फोन कर कहा- दोपहर तक आ जाऊंगा, घर पहुंची मौत की खबर, 2 स्टूडेंट गंभीर

**लखीसराय।** जमुई बॉर्डर पर नोनगढ़ चेक पोस्ट के पास गुरुवार सुबह सड़क हादसे में इंजीनियरिंग के 3 छात्रों की मौत हो गई। हादसे में 2 छात्र गंभीर रूप से घायल हैं। सभी शिव सोहना इंजीनियरिंग कॉलेज में तीसरे सेमेस्टर के छात्र थे। बुधवार को परीक्षा खत्म होने के बाद गुरुवार सुबह सभी हॉस्टल से घर लौट रहे थे। छात्रों से भरा ऑटो सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया। घटना की सूचना मिलते ही तेतरहाट और जमुई थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। हादसे के बाद ड्राइवर ऑटो लेकर फरार हो गया



है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। सभी छात्र रक्षाबंधन पर घर जा रहे थे। एक ने मां को फोन कर कहा था दोपहर तक घर आ जाऊंगा, लेकिन मौत की खबर घर पहुंची।

पुलिस के अनुसार, सभी शिव सोहना इंजीनियरिंग कॉलेज में तीसरे सेमेस्टर के छात्र थे। बुधवार को परीक्षा खत्म होने के बाद गुरुवार सुबह सभी हॉस्टल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार ऑटो ट्रक से जा टकराया। हादसे में समस्तीपुर निवासी पंकज कुमार, सरोज कुमार और नालंदा के चंडी निवासी साहिल कुमार की मौत हो गई। सभी की उम्र 19 से 22 साल के बीच बताई जा रही है। वहीं, सीवान निवासी अंकित गुप्ता और अजीत यादव गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

**6 छात्र हॉस्टल से घर के लिए निकले थे**

शिव सोहना इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ विमलेश कुमार ने बताया, 'बुधवार को थर्ड सेमेस्टर का एग्जाम खत्म होने के बाद 6 छात्र घर जाने के लिए निकले थे। लखीसराय रेलवे स्टेशन से सवा 6 बजे उनकी ट्रेन थी, इसलिए ऑटो से स्टेशन जा रहे थे।'

'इसी बीच ऑटो खड़े ट्रक से टकरा गया। हादसे में एक स्टूडेंट को मामूली चोट आई है, उसका एक हाथ फैक्चर हुआ है। उसी ने हमें फोन कर हादसे की जानकारी दी।'

# सासाराम में सीलिंग की जमीन पर बवाल

### थाने पर पथराव, कई पुलिसवाले घायल, जीप भी तोड़ी



**सासाराम।** सासाराम जिले के दिनारा प्रखंड क्षेत्र में सीलिंग की जमीन को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों के तनाव की स्थिति पैदा हो गई। जिसे निपटाने के लिए पुलिस पहुंची थी। जमीन बेल बेलवैया गांव निवासी शिवजी सिंह उर्फ बबूआ सिंह की बताई जा रही है। रोपाई के लिए जमीन की जुताई का काम चल रहा था,जिसका दूसरे पक्ष ने जोरदार विरोध किया। शिकायत पर पहुंची पुलिस ने जुताई का काम रुकवा दिया। जिसके बाद दूसरे पक्ष के आक्रोशित लोगों ने पुलिस थाने पर ही हमला बोल दिया। दियारा थाने पर पथराव किया गया,जिसमें कई पुलिसकर्मियों को गंभीर चोटें आई हैं। थाने में खड़ी कई गाड़ियों को चकनाचूर कर दिया गया है। थाने में रखा फर्नीचर और कुर्सियां भी तोड़ दी गई है। वहीं दूसरे पक्ष के एक व्यक्ति के गोली लगने से घायल होने की भी खबर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। हालांकि प्रशासन इस बात से इनकार कर रहा है। थाने पर पथराव और पुलिकर्मियों हमले के मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी रौशन कुमार मौके पर पहुंच कर की जांच में जुटे हैं। आरोपियों की धरपकड़ के लिए सघन अभियान चलाया जा रहा है। घायल पुलिसवालों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# सो रहे नाबालिग लड़के को चाकू घोंप कर मार डाला

### बिहार में हत्या के बाद सड़क पर प्रदर्शन

**खगड़िया।** खगड़िया जिले के अलौली थाना क्षेत्र अंतर्गत जोगिया गांव में गुरुवार की तड़के सोए अवस्था में चाकू मारकर एक किशोर की बदमाशों ने हत्या कर दी। मृतक स्थानीय वार्ड 17 नंबर निवासी मो. मुस्तफा का पुत्र मो. बादशाह बताया जा रहा है। घटना से आक्रोशित परिजनों ने अलौली थाना क्षेत्र के एलाश चौक के निकट लगभग दो घंटे सड़क जाम कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार तड़के एक बजे कुछ बदमाशों ने सोये अवस्था में उसे चाकू मार गंभीर रूप से घायल कर दिया। चीखने-चिल्लाने



की आवाज पर जब तक घर के अन्य सदस्य जगे तब तक बदमाश रात के अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गए। इसके बाद परिजनों द्वारा उसे आनन फानन में इलाज के लिए बेगूसराय ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि किशोर गांव के पास स्थित एलाश चौक पर मुर्गा का मीट बेचता था। कुछ दिन पहले उसी चौक के साइकिल, टॉर्च व ताला ठीक करने वाले एक दुकानदार से उसका विवाद हुआ था। परिजनों ने आशंका जताई कि उसी ने इस घटना को अंजाम दिया है। बेगूसराय से शव लाने के बाद परिजनों ने लगभग दो घंटे तक एलाश चौक पर घटना में संलिप्त बदमाशों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। सूचना पर पहुंचे बीडीओ प्रेम कुमार ने आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर जाम खत्म कराया।

# वैशाली में तेज प्रताप यादव का हुआ जोरदार स्वागत

### महुआ विधायक को "बहरूपिया" कहा बोले-ऐसे लोगों को झुनझुना दे दिया जाए

**वैशाली।** वैशाली में लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव अपने पुराने निर्वाचन क्षेत्र महुआ पहुंचे। उन्होंने वहां पहुंचकर महुआ की धरती को प्रणाम किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने तेज प्रताप यादव का स्वागत किया। तेज प्रताप के समर्थकों में काफी उत्साह देखा गया। तेज प्रताप ने सबसे पहले राधा बिहारी गजेन्द्र मंदिर में पूजा की। वे महुआ विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग सात जगहों पर जनसंवाद किया। उनका जयचंद वाला बयान राजनीतिक माहौल में चर्चा का विषय बना हुआ है। तेज प्रताप यादव पहली बार 2015 में राजद की टिकट पर चुनाव लड़कर महुआ के विधायक चुने गए थे। वे बिहार सरकार में स्वास्थ्य मंत्री भी रहे हैं। राजद के वरिष्ठ नेता के रूप में वे बिहार की राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाते रहे। बता दें कि तेज प्रताप यादव और अनुष्का प्रकरण मामले के बाद लालू परिवार ने उन्हें पार्टी और परिवार से निकाल दिया था। इसके बाद तेज प्रताप ने 'टीम तेज प्रताप' बनाई। अब वे महुआ विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की नीति बना रहे हैं। स्थानीय राजनीति में उनकी इस यात्रा को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# भूत नहीं इस वजह से डरीं थी बच्चियां !

### पटना में हॉस्टल से 23 छात्राएं हुई फरार

**पटना।** पटना के संपतचक प्रखंड मुख्यालय से सटे कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में बुधवार की सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया,जब कक्षा छह की 23 छात्राएं अचानक छात्रावास से फरार हो गईं। इन बच्चियों में शिवरात्रि कुमारी, शिवानी कुमारी, रानी कुमारी, तनु कुमारी, निशा कुमारी और चांदनी कुमारी सहित कई अन्य शामिल थीं। शुरुआती तौर पर यह बात सामने आई कि छात्राएं "भूत के डर" से भागीं, लेकिन जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ी, अफवाह की आड़ में छुपी एक गहरी सच्चाई सामने आने लगी विद्यालय में महीनों से न सुरक्षा गार्ड हैं, न रसोईया और न ही देखभाल के लिए कोई कर्मचारी।



डर के माहौल में रह रही हैं बच्चियां कक्षा छह की छात्रा शिवरात्रि कुमारी ने बताया, "सभी लोग भाग रहे थे, तो मैं भी डर गई।" पर जब परिजनों ने पूछा कि भूत ने क्या किया या वह कहां था, तो कोई जवाब नहीं मिला। यही साबित करता है कि डर की जड़ें कहीं और थीं। विद्यालय की वार्डन ममता रानी ने बताया कि छात्रावास में लगभग 90 छात्राएं हैं। पिछले कई महीनों से कोई गार्ड नहीं है। जो तीन गार्ड तैनात थे, वे बीमार, पारिवारिक संकट या निजी कारणों से लगातार अनुपस्थित हैं। रसोईया की स्थिति भी भयावह है। एक बुजुर्ग महिला रसोई का काम देख रही थीं, जो हाल ही में छोड़ चुकी हैं। नतीजा ये कि बच्चियां खुद ही खाना बनाती हैं, बर्तन धोती हैं और साफ-सफाई भी करती हैं।

# सोशल मीडिया पर प्यार हुआ...

### ■ मंदिर में रचाई शादी, 10 दिनों बाद ही पत्नी का सारा पैसा लूट पति हुआ फरार

**गोपालगंज।** गोपालगंज की दिव्यांग मनीषा कुमारी सोशल मीडिया पर रील्स बनाकर पैसे कमाती हैं। उन्होंने जिस शख्स पर भरोसा कर शादी की उसी से उन्हें धोखा मिला। दरअसल,मनीषा कुमारी को उनके पति ने धोखा दे दिया। शादी के महज 10 दिनों बाद ही उसका पति अक्षय चौरसिया लाखों रुपए और मोबाइल फोन लेकर फरार हो गया। मनीषा ने इस मामले में पुलिस से शिकायत की है और न्याय की गुहार लगा रही हैं। कुसुम कुमारी उर्फ मनीषा कुमारी गोपालगंज जिले के पुरैना पथरा की रहने वाली हैं। मनीषा दिव्यांग हैं और एक बेहद गरीब परिवार से ताल्लुक रखती हैं। सोशल मीडिया पर रील्स बनाने के बाद उनके वीडियो रातोंरात वायरल हो गए, जिससे उन्हें अच्छी खासी कमाई होने लगी और वे अपने परिवार का भरण-पोषण करने लगीं।

इसी दौरान सोशल मीडिया पर मनीषा का परिचय एक युवक से हुआ। दोनों में प्यार हुआ और सोशल मीडिया पर ही उन्होंने अपने प्यार का इजहार भी किया। कुछ दिनों बाद दोनों ने मंदिर में शादी कर ली और फिर कोर्ट मैरिज भी की। हालांकि, शादी के सिर्फ 10 दिनों बाद ही मनीषा के पति अक्षय चौरसिया ने उनके ही घर में उन्हें बाहर से बंद कर दिया। वह मनीषा का मोबाइल फोन और सोशल मीडिया से कमाए हुए सारे पैसे लेकर फरार हो गया।

# 'अपना मोबाइल नंबर दो'...

### विधवा ने मना किया तो युवक ने चेहरे पर मारी गोली, बनाना चाहता था संबंध

**भागलपुर।** भागलपुर जिले के नवगछिया में 24 वर्षीय विधवा महिला पर लगातार एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति की गंदी नजर थी. वह उसे रास्ते में रोकता-टोकता था. मोबाइल नंबर की मांग करता था और संबंध बनाने का दबाव बनाता था. महिला द्वारा मना करने पर युवक ने खौफनाक कदम उठाया और महिला को मौत के घाट उतार दिया. गुरुवार सुबह उसने गांव में ही महिला को गोली मारी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. परिवार में मातम पसर गया बच्चों की चीख पुकार गूंजने लगी. घटना नवगछिया पुलिस जिला के





गोपालपुर थाना क्षेत्र के तीनटंगा बाबू टोला की है. दिनदहाड़े विधवा महिला की हत्या से गांव में सनसनी फैल गई. परिजनों का आरोप है कि आरोपी युवक काफी समय से महिला पर अवैध संबंध बनाने का दबाव बना रहा था. जब महिला ने विरोध किया तो उसने गुस्से में आकर गोली चला दी. मृतका की पहचान मोनी देवी उम्र लगभग 26 वर्ष के रूप में हुई है. आरोपी प्रकाश मंडल अक्सर महिला के घर के आसपास मंडराता था और उसे परेशान करता था. महिला से हमेशा मोबाइल नंबर मांगा करता था. महिला द्वारा कई बार मना किए जाने और चेतावनी देने के बावजूद आरोपी अपने गलत इरादों से बाज नहीं आया, और आज उसने महिला को मौत के घाट उतार दिया. घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल है. वारदात के बाद मौके पर ही मृतका के परिजनों ने आरोपी को पकड़ लिया था एवं उसके द्वारा घटना में प्रयुक्त हथियार भी छीन लिया था. लेकिन आरोपी किसी तरह से खुद को छुड़ा कर फरार हो गया. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।

# महिला से अवैध संबंध में युवक की हत्या

**दानापुर।** दानापुर के शाहपुर थाना क्षेत्र के हथियाकांध सराय में 20 वर्षीय शिवम कुमार उर्फ बंटी हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मामले में पुलिस ने दानापुर थाना क्षेत्र के पंचशील नगर से आरोपी सुधीर सिंह को गिरफ्तार किया है। पटना सिटी एसपी पश्चिमी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि शिवम की हत्या एक महिला से अवैध संबंध के कारण की गई थी। उन्होंने बताया कि शाहपुर थाना अंतर्गत 17 जुलाई को शिवम की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी। इस मामले में शाहपुर थाना में कांड संख्या 300/25 दर्ज की गई थी। शाहपुर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में गठित टीम ने इस मामले



का सफल उद्भेदन किया है। जांच में पता चला कि मृतक शिवम का आरोपी के परिवार की किसी महिला के साथ अवैध संबंध था। आरोपी पक्ष लगातार इसका विरोध कर रहे थे। इसके बाद आरोपी पक्ष ने शिवम की हत्या की साजिश रची। मामले में रौशन उर्फ फाइटर, धनंजय सिंह, मुकेश सिंह, राहुल कुमार और सुधीर कुमार ने मिलकर इस हत्याकांड को अंजाम दिया।

## व्यापार

# मिनिमम बैलेंस मेंटेन नहीं करने पर पेनल्टी

### 11 सरकारी बैंकों ने पांच साल में खातेदारों से 9,000 करोड़ वसूले

**नई दिल्ली।** देश 11 सरकारी बैंकों ने बीते 5 साल में सेविंग अकाउंट में मिनिमम एवरेज बैलेंस मेंटेन नहीं करने पर ग्राहकों से करीब 9,000 करोड़ रुपए की पेनल्टी वसूली है। कुछ सरकारी बैंकों ने खाते में मासिक न्यूनतम राशि न रखने पर ग्राहकों से पेनल्टी वसूली, जबकि कुछ ने तिमाही आधार पर इसकी वसूली की। हालांकि, प्रधानमंत्री जन धन खाते, बेसिक सेविंग बैंक डिपॉजिट अकाउंट और सैलरी अकाउंट जैसे खातों को न्यूनतम बैलेंस की अनिवार्यता से छूट मिली हुई है।

**निजी बैंक नहीं मान रहे सरकार की बात :** वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में इसकी जानकारी दी।




मिनिस्टर ने बताया कि, डिपार्टमेंट ऑफ फाइनेंशियल सर्विसेज (DFS) ने बैंकों को सलाह दी है कि वे मिनिमम एवरेज बैलेंस (MAB) न रखने पर वसूली जाने वाली पेनल्टी को तर्कसंगत बनाएं। इसमें खास तौर पर अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के ग्राहकों को राहत देने पर जोर दिया गया है। ऐसा लगता है 11 सरकारी बैंकों में से 7 ने ही इस सलाह का पालन किया है। अन्य 4 बैंकों ने भी जल्द ऐसा करने की बात कही है। लेकिन कई निजी बैंक ऐसा नहीं कर रहे।

# सिंटेल बाय अरविंद की अल्टाई टेक्नोलॉजीज के साथ साझेदारी

**मुंबई।** 'अरविंद लिमिटेड' की टेक्नोलॉजी शाखा 'सिंटेल बाय अरविंद' ने आज औद्योगिक-ग्रेड वाई-फाई समाधान की वैश्विक अग्रणी कंपनी 'अल्टाई टेक्नोलॉजीज' के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। भारत में एक भरोसेमंद, एकीकृत संचार और नेटवर्किंग समाधान प्रदाता के रूप में पहचानी जाने वाली 'सिंटेल बाय अरविंद' का उद्देश्य इस साझेदारी के माध्यम से विभिन्न उद्योगों में वायरलेस सेवाओं को सुलभ बनाना, कनेक्टिविटी को बेहतर करना, उत्पादकता बढ़ाना और दक्षता को उन्नत करना है। इस साझेदारी के अंतर्गत, 'सिंटेल बाय अरविंद' अपने वायरलेस और नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में 'अल्टाई टेक्नोलॉजीज' के हाई-परफॉर्मेंस सुपर वाई-फाई समाधानों को शामिल करेगा। इससे उत्पादन इकाइयों, वेयरहाउसेज़, सार्वजनिक स्थानों, होटल एवं हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र में बेहतर कवरेज, उच्च क्षमता की कनेक्टिविटी और विश्वसनीयता उपलब्ध होगी।

# बाजार पर ट्रम्प के टैरिफ का असर नहीं दिखा

### सेंसेक्स 296 अंक नीचे 81,186 पर बंद

**मुंबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से भारत पर 25% टैरिफ के ऐलान का असर भारतीय शेयर बाजार पर नहीं दिखा। गुरुवार (31 जुलाई) को सेंसेक्स 296 अंक गिरकर 81,186 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 87 अंक की गिरावट रही, ये 24,768 पर बंद हुआ। ट्रेडिंग के दौरान बाजार में आज उतार-चढ़ाव देखने को मिला। शुरुआती कारोबार में यह करीब 700 अंक गिरा, फिर 1000 अंक की रिकवरी हुई। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 7 में तेजी और 23 में गिरावट रही। NSE के मेटल, फार्मा और ऑयल एंड गैस इंडेक्स



में गिरावट रही। FMCG 1.44% ऊपर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 1.02% ऊपर 41,070 के स्तर पर और कोरिया का कोस्पी 0.28% ऊपर 3,245 पर बंद हुए। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 1.60% नीचे 24,773 पर और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.18% गिरकर 3,573 पर बंद हुए।

# स्विगी और मैकडोनाल्ड्स ने लांच किए मैकडोनाल्ड्स प्रोटीन प्लस बर्गर

**नई दिल्ली।** स्विगी लिमिटेड, भारत के प्रमुख ऑन-डिमांड कंवीनियंस प्लेटफॉर्म, ने घोषणा की है कि उसने मैकडोनाल्ड्स इंडिया (वेस्ट एंड साउथ) के साथ साझेदारी की है, ताकि प्रोटीन प्लस बर्गर रेंज को लॉन्च किया जा सके। यह रेंज 24 जुलाई से 11 अगस्त तक केवल स्विगी ऐप पर उपलब्ध रहेगी। ग्राहक अपने पसंदीदा बर्गर की इस अधिक हेल्दीयर रेंज को स्विगी ऐप के 'हाई प्रोटीन' सेक्शन में जाकर ऑर्डर कर सकते हैं। यह रेंज स्विगी यूज़र्स के लिए पश्चिमी और दक्षिणी भारत के 58 शहरों में उपलब्ध होगी, जिनमें मुंबई, बेंगलुरु, पुणे, हैदराबाद, चेन्नई, अहमदाबाद, कोच्चि, विजाग, सूरत, मैसूर सहित कई अन्य शहर शामिल हैं। मैकडोनाल्ड्स के "रियल फूड, रियल गुड" सफर के हिस्से के रूप में, मैकडोनाल्ड्स ने प्रोटीन प्लस रेंज लॉन्च की है, यह एक इनोवेटिव और हेल्दी रेंज है, जिसे सेंट्रल फूड टेक्नोलॉजिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीएफटीआरआई) के सहयोग से विकसित किया गया है। प्रोटीन प्लस रेंज के साथ अब मैकडोनाल्ड्स के बर्गर स्वाद से समझौता किए बिना पोषण में महत्वपूर्ण सुधार प्रदान करते हैं।

# जियो ने लांच किया एआई रेडी क्लाउड कंप्यूटर 'जियो-पीसी'

**मुंबई।** कंप्यूटर की चाह रखने वालों के लिए खुशखबरी, रिलायंस जियो ने नया जियो-पीसी लॉन्च किया है। यह एक क्लाउड बेस्ड वर्चुअल डेस्कटॉप प्लेटफ़ॉर्म है। जो आपके घर या दफ्तर में मौजूद टीवी स्क्रीन को पलभर में हाईएंड पर्सनल कंप्यूटरमें बदल सकता है। जिन ग्राहकों के पास जियोफाइबर या जियो एयरफाइबर के कनेक्शन हैं, उन्हें जियो-पीसी का इस्तेमाल करने के लिए मंथली प्लान लेना होगा। नए उपयोगकर्ता इस सेवा का एक महीने के लिए मुफ्त उपयोग कर सकेंगे।

क्लाउड कंप्यूटिंग में यह देश का पहला 'पे-एज़-यू-गो मॉडल' है, यानी जितना इस्तेमाल करो उतना पेमेंट करो। कंपनी ने इस सेवा के लिए कोई लॉक-इन पीरियड नहीं रखा है। ग्राहक को रखरखाव का खर्च भी नहीं उठाना पड़ता। किसी महंगे हार्डवेयर या सॉफ्टवेयर के अपग्रेड की आवश्यकता भी नहीं होगी। बस प्लग इन करें, साइन अप करें और कंप्यूटिंग शुरू करें। कंपनी का दावा है कि क्लाउड बेस्ड जियो-पीसी काफी ताकतवर है। इसकी प्रोसेसिंग क्षमता भी शानदार है और यह रोजमर्रा के कामकाज के साथ गेमिंग और ग्राफिक रेंडरिंग जैसे हाईएंड काम भी आसानी से संभाल सकता है।

# IPO से 35.44 करोड़ जुटाएगी ज्योति ग्लोबल प्लास्ट लिमिटेड




**मुंबई।** ज्योति ग्लोबल प्लास्ट लिमिटेड एक लिडिंग पोलिमर आधारित पेकेजिंग निर्माता है, जिसने हाल ही में डिफेन्स और एयरोस्पेस क्षेत्र में प्रवेश कीया है। वह SME IPO के माध्यम से 35.44 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। कंपनी को NSE के एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर अपना पब्लिक ईश्यू लॉन्च करने की मंजूरी मिल गई है। यह पब्लिक ईश्यू 4 अगस्त को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा और 6 अगस्त को बंद होगा। पब्लिक ईश्यू से प्राप्त राशि का उपयोग MIDC महाड में एक नई विनिर्माण इकाई, एक सौर ऊर्जा संयंत्र, ऋण चुकौती और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। यूनिस्टोन कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड इस निर्गम का बुक-रनिंग लीड मैनेजर है।

35.44 करोड़ रुपए के इस ईनिशियल पब्लिक ओफरिंग में कुल 53.70 लाख शेयर, 40,50,000 शेयरों का नया ईश्यू और 10 रुपये फेस वेल्यू के 10,50,000 इक्विटी शेयर शामिल हैं। कंपनी ने पब्लिक ईश्यू के लिए 62 रुपए से 66 रुपये प्रति शेयर का प्राईझ बैंड तय किया है।

**4 अगस्त को पार्थ इलेक्ट्रिकल्स एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड का IPO**

पार्थ इलेक्ट्रिकल्स एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड ("कंपनी") की स्थापना साल 2005 में हुई थी, जो विद्युत उपकरणों के क्षेत्र की अग्रणी कंपनी है। कंपनी बेहतरीन गुणवत्ता, शानदार डिज़ाइन और प्रोडक्ट डेवलपमेंट पर विशेष ध्यान देती है और इसे तकनीकी रूप से इंजीनियर किए गए उत्पादों में विशेषज्ञता हासिल है। अब कंपनी अपना प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम 4 अगस्तको जारी करेगी, जो 6 अगस्त को बंद होगा। कंपनी के 10 रुपये अंकित मूल्य वाले प्रत्येक इक्विटी शेयर ("इक्विटी शेयर") का प्राइस बैंड 160 170 रुपये निर्धारित किया गया है। एंकर निवेशकों के लिए बोली/निर्गम की अवधि 1 अगस्त को होगी, जो निर्गम खुलने की तारीख से ठीक एक कार्य दिवस पहले है।

# श्रीराम जनरल इंश्योरेंस ने पहली तिमाही में हासिल की शानदार ग्रोथ

**जयपुर ।** श्रीराम जनरल इंश्योरेंस कंपनी (एसजीआई) ने 30 जून को खत्म वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में शानदार ग्रोथ हासिल की। मोटर बीमा पोर्टफोलियो का अच्छा प्रदर्शन इस ग्रोथ की प्रमुख वजह रही। कंपनी का ग्रॉस रिटर्न प्रीमियम (जीडब्ल्यूपी) पिछले वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही के 733 करोड़ रुपए से बढ़कर 960 करोड़ हो गया। यानी ग्रोथ 31% की रही। जनरल बीमा उद्योग की औसत वृद्धि इस दौरान केवल 9% रही। मौजूदा ग्रोथ उससे कहीं ज्यादा है। जून तिमाही में एसजीआई का शुद्ध लाभ 9% बढ़कर 114 करोड़ से 125 करोड़ रुपए हो गया। इसके अलावा, वित्तीय असेट से मिलने वाले स्थिर रिटर्न की वजह से निवेश आय में 7% की बढ़त आई।

श्रीराम जनरल इंश्योरेंस कंपनी के प्रबंध निदेशक और सीईओ, अनिल अग्रवाल ने कहा, "साल की यह एक मजबूत शुरुआत है। पहली तिमाही का प्रदर्शन हमारे मुख्य सेगमेंट की ताकत और ग्राहकों के बढ़ते भरोसे का प्रमाण है। हमने इस तिमाही में 15.41 लाख पॉलिसियां जारी कीं। पिछले साल की समान अवधि में 12.82 लाख पॉलिसियां बेची गई थी। यानी ग्रोथ 20% की रही ।

**महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड** के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 501, ओमेगा हाउस, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई-400076 से प्रकाशित एवं **डांगट मीडिया प्रा.लि.**, 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित। ● फोन नंबरः 022-25705039 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

मालेगांव विस्फोट केस

## सीएम योगी की पहली प्रतिक्रिया- 'सत्यमेव जयते'

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मालेगांव ब्लास्ट केस में स्पेशल एनआईए कोर्ट के फैसले के बाद अपनी प्रतिक्रिया दी है। मालेगांव बम धमाका केस में 18 साल बाद कोर्ट का फैसला आया है। इस धमाके को लेकर हिंदूवादी संगठनों पर सवाल खड़े किए गए हैं। कांग्रेस के कई नेताओं की ओर से इस हमले को लेकर कई बार भाजपा पर भी निशाना बनाया गया। हालांकि, अब एनआईए कोर्ट ने सभी आरोपियों को बरी कर दिया है। कोर्ट का फैसला आते ही सीएम योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर जबर्दस्त हमला बोला। कोर्ट के फैसले को सत्य की जीत करार दिया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर मालेगांव ब्लास्ट केस में कोर्ट के फैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मालेगांव विस्फोट प्रकरण में सभी आरोपियों का निर्दोष सिद्ध होना 'सत्यमेव जयते' की सजीव उद्घोषणा है। यह निर्णय कांग्रेस के भारत विरोधी, न्याय विरोधी और सनातन विरोधी चरित्र को एक बार फिर उजागर करता है। कांग्रेस पर जोरदार हमला बोलते हुए सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस ने 'भगवा आतंकवाद' जैसा मिथ्या शब्द गढ़कर करोड़ों सनातन आस्थावानों, साधु-संतों और राष्ट्रसेवकों की छवि को कलंकित करने का अपराध किया है। कांग्रेस को अपने अक्षम्य कुकृत्य को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करते हुए देश से माफी मांगनी चाहिए।


## योगी सरकार के बेसिक शिक्षा मंत्री का बड़ा ऐलान

# एक किमी दूरी और 50 छात्र वाले स्कूल का नहीं होगा मर्जर

महानगर संवाददाता

लखनऊ

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के सरकारी स्कूलों के मर्जर वाले फैसले पर सियासी हंगामा मचा हुआ है। इसी बीच यूपी सरकार ने प्राइमरी स्कूलों के मर्जर पर बड़ा फैसला ले लिया है। योगी सरकार में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि एक किमी से अधिक दूरी पर किसी भी स्कूल को मर्ज नहीं किया जाएगा। यही नहीं, अगर किसी स्कूल में 50 से अधिक छात्र हैं तो उसे भी मर्ज नहीं किया जाएगा। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने बताया कि पेयरिंग की व्यवस्था के अंतर्गत 10,000 विद्यालयों को चिन्हित किया गया था। यह प्रक्रिया लगातार एक महीने से चल रही है। जिला स्तर के सभी अधिकारियों के साथ लगातार बैठक की जा रही है। इस पेयरिंग व्यवस्था को बच्चों के लाभ के लिए ही किया जाए, इस चीज को हम लोग पूर्ण रूप से सुनिश्चित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसके




अंतर्गत यह देखा गया जिन स्कूलों में कम छात्र स्कूल थे या फिर जहां पर शिक्षकों की उपलब्धता कम थी या फिर जहां-जहां पर शिक्षक ज्यादा थे और छात्र कम थे, इस तरह की जितनी भी चीज थी उन्हें मॉनिटर किया गया था। इन सभी चीजों को मॉनिटर करने के बाद इस पेयरिंग के फैसले को लिया गया है। इसके अंतर्गत कम छात्र वाले स्कूल को चिन्हित किया गया है। इसमें अधिकतम दूरी एक किलोमीटर है।

बेसिक शिक्षा मंत्री ने कहा कि विलय की प्रक्रिया आज के समय में सबसे ज्यादा बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत चर्चा का विषय बन चुका है। उन्होंने कहा कि पेयरिंग को लेकर हमारी सरकार का निर्णय कोई नया नहीं है। इस को लेकर काफी लंबे समय से चर्चा चल रही थी। 2024 में इस पेयरिंग के विषय में सबसे पहले चर्चा हमारे यहां पर प्रारंभ हुई थी।इसको लेकर अलग-अलग बैठके आयोजित की गई थी। यूपी का पहला प्रदेश नहीं है जो पेयरिंग की प्रक्रिया के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों के भविष्य को और उज्ज्वल बनाने के लिए यह निर्णय लिया गया है। संदीप सिंह ने बताया कि साल 2014 में राजस्थान में इस पेयरिंग प्रक्रिया को पूरा किया गया है। राजस्थान में 20 हजार विद्यालयों को पेयर किया गया था। इसी तरह मध्य प्रदेश में साल 2018 में पेयर प्रक्रिया को अपनाया गया। यहां पहले फेज में 36 हजार स्कूल और लगभग 16 हजार समेकित परिसरों को निर्मित किया गया।

### कम छात्र और कम संसाधन वाले विद्यालयों को ही मर्ज किया जाए



संदीप सिंह ने साफ तौर पर कहा कि एक किलोमीटर से ज्यादा दूरी का कोई भी विद्यालय आपस में मर्ज नहीं किया जाएगा। सभी जिलों को इस संबंध में निर्देशित कर दिया गया है। कम छात्र और कम संसाधन वाले विद्यालयों को ही मर्ज किया जाए। इन छात्रों को उन स्कूलों में मर्ज किया जाए, जहां ज्यादा संसाधन मौजूद हैं। पीटीआर (छात्र-शिक्षक अनुपात) को बराबर रखा जाए। प्री-प्राइमरी में 30 छात्रों पर एक शिक्षक और अपर प्राइमरी में 35 छात्रों पर एक शिक्षक के मानक को फॉलो करते हुए पेयरिंग व्यवस्था लागू की गई है। उन्होंने साफ किया कि 50 से कम छात्रों वाले स्कूलों को ही मर्ज किए गए है। यहां 3 अध्यापक, 2 सहायक अध्यापक और एक शिक्षा मित्र की नियुक्ति की जाए। बेसिक शिक्षा मंत्री ने बताया कि बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत 1,32,886 परिषदीय विद्यालय संचालित है, ये विद्यालय अभी भी पूरी तरह से संचालित रहेंगे। जहां भी अगर कोई दिक्कत सामने आ रही है तो उसे मर्ज नहीं किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में कम छात्रों का स्कूल भी चलता रहेगा। अगले एक सप्ताह में पेयरिंग के काम को पूरा कर लिया जाएगा। शिक्षकों का एक भी पद समाप्त नहीं किया जाएगा।

## पीएम मोदी दालमंडी चौड़ीकरण की भी रखेंगे आधारशिला

### काशी को देंगे 2183 करोड़ की सौगात



**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी को शनिवार 2 अगस्त को 2183 करोड़ से ज्यादा की सौगात देंगे। इसमें 565.35 करोड़ की 14 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और दालमंडी चौड़ीकरण समेत 1618.10 करोड़ की 38 परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। यह परियोजनाएं न केवल वाराणसी के विकास में मील का पत्थर साबित होंगी बल्कि लोगों की राह भी आसान करेगी। इनका लाभ समाज के हर तबके को मिलेगा। इनके पूरा होने के बाद बदलता बनारस की कड़ी में एक नया अध्याय जुड़ जाएगा। आसपास के जिलों को भी इसका लाभ मिलेगा।

दालमंडी चौड़ीकरण को लेकर वहां के निवासियों ने विरोध किया है। बनारस के मुफ्ती ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को पत्र लिखकर चौड़ीकरण का फैसला वापस लेने की मांग भी की थी। उन्होंने पत्र में यह भी लिखा कि चौड़ीकरण की जद में छह मस्जिदें भी आ रही हैं। चौड़ीकरण से मुलसमानों में आक्रोश फैलने की आशंका भी मुफ्ती ने जताई है। चौड़ीकरण का मामला हाईकोर्ट भी पहुंचा है। काशी विश्वनाथ मंदिर से कुछ दूरी पर स्थित दालमंडी अभी तीन से चार मीटर की गली है।

## ट्रंप की चुनौती को अवसर में बदलेगी केंद्र सरकार

### मायावती ने कहा- राष्ट्रहित से कोई समझौता नहीं



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने गुरुवार को अमेरिका द्वारा लगाए गए नए व्यापार शुल्कों की कड़ी आलोचना की और भारत सरकार से राष्ट्रीय हितों, खासकर किसानों और छोटे व्यवसायों के हितों की रक्षा करने की गुजारिश की। इस मुद्दे पर बोलते हुए मायावती ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा 1 अगस्त से भारतीय आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने और रूस से तेल आयात पर जुर्माना लगाने के फैसले पर चिंता व्यक्त की। मायावती ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए केंद्र सरकार को इसे अवसर में बदलने को कहा।

उन्होंने लिखा कि 'मित्र' देश बताने के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति श्री डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारतीय आयात पर कल दिनांक 1 अगस्त से 25 प्रतिशत शुल्क तथा रूस से तेल आयात करने पर पेनाल्टी लगाने की भी नई उभरी चुनौती को केन्द्र सरकार इसे अवसर एवं आत्मनिर्भरता में बदलकर देश की अर्थव्यवस्था को प्रभावित नहीं होने देगी, तथा इसको लेकर देश को दिये गये इस आश्वासन पर कि 'किसान, छोटे व मंझोले उद्योग और राष्ट्रहित से कोई समझौता नहीं करेगी', इस पर सरकार खरी उतरकर दिखाएगी भी, ऐसी देश को आशा।

उन्होंने ये भी लिखा कि भारत दुनिया की सबसे बड़ी जनसंख्या वाला अधिकतर ग़रीबों और मेहनतकश लोगों का देश है, जिसे हर हाथ को काम देने वाली श्रम शक्ति के बल पर देश को आगे बढ़ाने की नीति बनाकर उस पर सही से अमल किया जाये तो देश निश्चय ही आत्मनिर्भरता के साथ-साथ 'सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय' वाला सुखी व सम्पन्न देश बन सकता है, जिसमें ही संविधान के मानवतावादी एवं कल्याणकारी उद्देश्य के हिसाब से जन व देशहित पूरी तरह से निहित है व यह सुरक्षित भी रह सकता है।

गौरतलब हो कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि भारत हमेशा से रूस से अधिकांश सैन्य आपूर्ति खरीदता आया है और चीन के साथ मिलकर रूस से ऊर्जा खरीदने वाला सबसे बड़ा खरीदार है। ऐसे समय में जब पूरी दुनिया चाहती है कि रूस यूक्रेन में हत्याएं बंद करे, ये चीजें बिल्कुल भी अच्छी नहीं हैं। ये सब अच्छी चीजें नहीं हैं! इसलिए भारत को 25 प्रतिशत टैरिफ देना होगा, साथ ही उपरोक्त कारणों को लेकर जुर्माना भी देना होगा, जो 1 अगस्त से लागू होगा। इस विषय पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद।

### ट्रंप की टैरिफ पर भड़के अखिलेश

## सरकार दोस्ती के दावे करती रही, बुरे दिनों की शुरुआत

महानगर संवाददाता

लखनऊ

भारत पर 25 फीसदी टैरिफ़ की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की घोषणा के बाद विपक्ष हमलावर है। समाजवादी पार्टी प्रमुख और लोकसभा सांसद अखिलेश यादव ने मौजूदा घटनाक्रम को बुरे दिनों की शुरुआत बताया। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पिछले 11 सालों से कैसी स्टडी चल रही थी। आप सोचिए। जो सरकार दोस्ती-दोस्ती के दावे करती रही है, और आज हम उसके नतीजे देख रहे हैं। यह बुरे दिनों की शुरुआत है। इस देश के युवाओं को नौकरियों की ज़रूरत है। अगर अर्थव्यवस्था



बेहतर होगी तो रोज़गार उपलब्ध होगा। इस तरह से पाबंदिया होगी। अगर ऐसी रुकावटें आएंगी तो हमारे देश की अर्थव्यवस्था का क्या होगा?

वहीं बसपा सुप्रीमो मायावती का भी बयान सामने आया है। मायावती ने कहा कि 'मित्र' देश बताने के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति श्री डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय आयात पर कल दिनांक 1 अगस्त से 25 प्रतिशत शुल्क तथा रूस से तेल आयात करने पर पेनाल्टी लगाने की भी नई उभरी चुनौती को केन्द्र सरकार इसे अवसर एवं आत्मनिर्भरता में बदलकर देश की अर्थव्यवस्था को प्रभावित नहीं होने देगी, तथा इसको लेकर देश को दिये गये इस आश्वासन पर कि 'किसान, छोटे व मंझोले उद्योग और राष्ट्रहित से कोई समझौता नहीं करेगी', इस पर सरकार खरी उतरकर दिखाएगी भी, ऐसी देश को आशा है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी प्रतिक्रिया देते कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने टैरिफ के बारे में जो कहा है, वह सबने देखा है, और उन्होंने दोहराया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रोक दिया है। भारत को दोनों मुद्दों पर जवाब देना होगा। प्रधानमंत्री मोदी हर जगह जाते हैं, दोस्त बनाते हैं, और फिर हमें यही मिलता है।

## प्रो. अजीत कुमार चतुर्वेदी बने बीएचयू के नए कुलपति



**कानपुर।** आईआईटी कानपुर के प्रो. अजीत कुमार चतुर्वेदी को बीएचयू का नया कुलपति नियुक्त किया गया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की तरफ से गुरुवार की सुबह इस आशय का पत्र बीएचयू कुलसचिव कार्यालय को प्राप्त हुआ। सात महीने में तीन दिन शेष रहते बीएचयू को नया कुलपति प्राप्त हुआ। अब तक रेक्टर प्रो. संजय कुमार कुलपति का कामकाज संभाल रहे थे।

आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर अजीत कुमार चतुर्वेदी इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के जाने माने विद्वान रहे हैं। उन्होंने लखनऊ से इंटर तक की पढ़ाई की । इसके बाद वह कानपुर से ही बीटेक, एमटेक और पीएचडी की। इसके बाद इसी विभाग में वह अध्यक्ष भी रहे। आईआईटी कानपुर में उन्होंने डीन अनुसंधान एवं विकास और उपनिदेशक के पद पर सेवाएं भी दीं। इसके अतिरिक्त वह आईआईटी रुड़की के भी निदेशक रहे। आईआईटी मंडी की स्थापना के बाद उन्होंने वहां कार्यवाहक निदेशक के रूप में भी सेवाएं दीं। बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में प्रोफेसर अजीत चतुर्वेदी की नियुक्ति तीन साल के लिए होगी। प्रो. अजीत कुमार चतुर्वेदी मूलरूप से बलिया के रहने वाले हैं।

## बलिया जम्मूतवी और छपरा अहमदाबाद ट्रेनों को लेकर आई बड़ी अपडेट

**बलिया।** रेल मंत्रालय ने बलिया और आस-पास के यात्रियों को बड़ी राहत देते हुए दो प्रमुख ट्रेनों के मार्ग का विस्तार किया है। अब बेगमपुरा एक्सप्रेस बलिया से जम्मूतवी तक जाएगी और जम्मूतवी से बलिया तक आएगी। इसका नाम अब जम्मूतवी-बलिया एक्सप्रेस कर दिया गया है। यह ट्रेन बलिया से सुबह 10:00 बजे रवाना होगी। ये ट्रेन पहले वाराणसी से दोपहर 12:30 बजे चलती थी। जम्मूतवी से चलकर यह ट्रेन दोपहर 12:40 बजे वाराणसी होते हुए दोपहर 3:20 बजे बलिया पहुंचेगी। इस विस्तार से वैष्णो माता के दर्शन के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं के साथ ही सेना और अर्धसैनिक बलों के जवानों को काफी सुविधा होगी।

उत्तर रेलवे के मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक निर्भय नारायण सिंह बलिया के दुधैला गांव के निवासी है। उन्होंने मीडिया को बताया कि साबरमती एक्सप्रेस का मार्ग भी विस्तारित किया गया है। यह ट्रेन जो पहले वाराणसी से अहमदाबाद चलती थी। अब छपरा से बलिया होते हुए अहमदाबाद जाएगी। अहमदाबाद से बलिया होते हुए छपरा पहुंचेगी। यह ट्रेन छपरा से सुबह 10:15 बजे रवाना होकर दोपहर 1:55 बजे वाराणसी होते हुए अहमदाबाद जाएगी। वापसी में यह अहमदाबाद से चलकर सुबह 10:20 बजे वाराणसी और दोपहर 1:50 बजे छपरा पहुंचेगी। इसके अलावा, आनंद विहार टर्मिनल (दिल्ली) से बलिया होते हुए पटना और पटना से बलिया होते हुए आनंद विहार टर्मिनल के लिए भी नई ट्रेन शुरू की गई है। यह ट्रेन बलिया से सुबह 6 बजे पटना के लिए और पटना से शाम 6:22 बजे बलिया के लिए रवाना होगी।


## सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर CBI की बड़ी कार्रवाई

### 47 ठिकानों पर छापेमारी, 22 एफआईआर दर्ज

महानगर संवाददाता

नोएडा

दिल्ली एनसीआर में बिल्डर्स और फाइनेंशियल संस्थानों पर सीबीआई ने बड़ा एक्शन लिया है। सीबीआई ने हजारों होम बायर्स को ठगने वाले बिल्डर्स के खिलाफ कार्रवाई की है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर 22 एफआईआर दर्ज कर 47 ठिकानों पर छापेमारी की है। यह कार्रवाई सबवेंशन स्कीम घोटाले से जुड़ा है। इसमें बिल्डर्स और वित्तीय संस्थानों ने मिलकर होम बायर्स के साथ धोखाधड़ी की है। सीबीआई ने बिल्डर-फाइनेंस कंपनियों की सांठ-गांठ को बेनकाब किया है। बिल्डर और फाइनेंशियल संस्थानों के बीच मिलीभगत के मामले में कुल 22 केस दर्ज किए हैं। जानकारी के मुताबिक, इस सम्बंध में दिल्ली, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम




और गाजियाबाद के ठिकानों पर सीबीआई ने रेड कंडक्ट की। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर सीबीआई ने ये कदम उठाया है। अधिकारियों ने कार्रवाई के दौरान विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज समेत कुछ डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य जब्त किए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि बिल्डरों और कुछ फाइनेंशियल संस्थानों के अधिकारियों के बीच साठ-गांठ है। जिस कारण होम बायर्स को जान बूझकर एक फर्जी और जालसाजी वाली सबवेंशन स्कीम के माध्यम से फंसाया गया।

नोएडा और ग्रेटर नोएडा में सब वेंशन स्कीम के तहत लाई गई ग्रुप हाउसिंग योजनाओं की शुरुआत वर्ष 2014 के आस-पास हुई थी। इस योजना में धांधली के लिए कुछ बिल्डरों ने फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से बैंकों से लोन पास कराए। बैंकों ने बिना मूल्यांकन और निरीक्षण के रकम जारी कर दी। अधिकारियों के मुताबिक, बिल्डर और बैंक के बीच अघोषित समझौते के तहत बैंकों ने बिल्डरों को लोन की पूरी राशि दे दी। शर्तों के तहत फ्लैट का कब्जा मिलने तक बिल्डर को ही ईएमआई का भुगतान करना था।

## DCP की बिल्ली की रखवाली करते दिखे चार होमगाड्र्स

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा में बिल्ली की रखवाली करने के लिए चार होमगाड्र्स की ड्यूटी लगाई गई। जब वे रात भर बिल्ली की रखवाली करने लगे, तो उन्हें बड़ा अफसोस हुआ। वे अपनी पीड़ा सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। होमगाड्र्स का कहना है कि ड्यूटी चार्ट में कुछ और था, लेकिन शिफ्ट इंजार्च ने उन्हें बिल्ली की रखवाली पर लगा दिया। ये बिल्ली किसी और की नहीं थी, बल्कि आगरा के डीसीपी ट्रैफिक की बताई जा रही है। सोशल मीडिया पर वायरल इस पोस्ट की शहर भर में चर्चा हो रही है।

## कोर्ट का फैसला SC में बरकरार, कोली बरी...

### पीड़ितों की आंखों में सवाल- फिर निठारी के दोषी कौन?

महानगर संवाददाता

नोएडा

निठारी सीरियल किलिंग केस में सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को आरोपी सुरेंद्र कोली को बरी किए जाने के इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है। अदालत ने कोली के खिलाफ दायर 14 अपीलों को खारिज कर दिया। CBI, यूपी सरकार और एक पीड़िता के पिता की ओर से हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ अपील दायर की गई थी। दिसंबर 2006 में उजागर हुए सनसनीखेज निठारी हत्याकांड ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया था। अब इसमें आरोपियों के बरी होने से सवाल उठ खड़ा हुआ है



कि आखिर इसमें दोषी कौन है। बच्चों की हत्या किसने की थी? पीड़ित परिवारों ने कहा है कि अगर सुरेंद्र कोली निर्दोष था तो उसे इतने साल तक जेल में क्यों रखा गया? तब तो उन पुलिस व सीबीआई अफसरों पर कार्रवाई होनी चाहिए, जिसने उसे सलाखों के पीछे भेजा। साथ ही यह भी पता लगाया जाए कि आखिर हत्याएं किसने कीं। बहुचर्चित निठारी कांड के एक पीड़ित झब्बूलाल सेक्टर 31 में रहते हैं। वह कपड़ा प्रेस की दुकान लगाते हैं। निठारी कांड के दौरान उनकी बेटी ज्योति (10) गायब हुई थी। फैसले के बाद झब्बूलाल मायूस नजर आए। कहा है कि उनका जमीन के भगवान से भरोसा उठ गया है। अब ऊपर वाले से आस लगाए बैठे हैं। उनके घर में देर है, अंधेर नहीं है।

**हाई कोर्ट के फैसले में कोई गंभीर त्रुटि नहीं : SC**

चीफ जस्टिस बीआर गवाई की अगुवाई वाली बेंच ने कहा कि इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले में कोई गंभीर त्रुटि नहीं है। इसलिए इसमें दखल की जरूरत नहीं है।

## UP के PWD में चली तबादला एक्सप्रेस

### कई अधीक्षण अभियंता इधर से उधर




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में तबादलों का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में लोक निर्माण विभाग ने कई इंजीनियरों का तत्काल प्रभाव से तबादला कर दिया गया है। तबादलों के क्रम में कई अधीक्षण अभियंताओं को नई जगहों पर तैनात कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, यह तबादले सीएम योगी की नाराजगी के बाद किये गए हैं। चक्रेश केन को अधीक्षण अभियंता 39वां वृत्त भवन लखनऊ और कर्मवीर सिंह को अधीक्षण अभियंता बस्ती वृत्त लोक निर्माण विभाग बस्ती के पद पर तबादला कर दिया गया है।

लोकनिर्माण विभाग में वरिष्ठ स्टाफ ऑफिसर मेघ प्रकाश को अधीक्षण अभियंता प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना वृत्त लोक निर्माण विभाग बरेली के पद पर तबादला कर दिया गया है। इसी तरह अरविंद कुमार को अधीक्षण अभियंता प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना कानपुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अरविंद कुमार मौजूदा समय में नवप्रोन्नत अधीक्षण अभियंता (सिविल) सम्बद्ध कार्यालय प्रमुख अभियंता पीडब्ल्यूडी लखनऊ के पद पर तैनात थे। लाल जी को अधीक्षण अभियंता विश्व बैंक परियोजना वृत्त कानपुर के पद पर भेज दिया गया है।

अशोक कुमार वर्मा को अधीक्षण अभियंता गोरखपुर वृत्त लोक निर्माण विभाग गोरखपुर के पद पर भेज दिया गया है।

## विहिप की बैठक में बवाल, पथराव-लाठी-डंडे भी चले



**कानपुर।** यूपी के कानपुर में गोविंदनगर स्थित प्रांतीय कार्यालय में विश्व हिंदू परिषद की बैठक के दौरान हुए बवाल, पथराव और लाठी-डंडे के हमले में पुलिस ने गिरफ्तार किए गए पूर्व सह संयोजक विशाल गुप्ता उर्फ विशाल बजरंगी समेत 11 लोगों का शांति भंग में चालान कर दिया। जब्त की गई स्कॉर्पियो व आठ बाइकों को सीज किया गया है। श्रीमुनि इंटर कालेज में विहिप का प्रांतीय कार्यालय है।

रविवार को तीन दिवसीय अर्ध वार्षिक बैठक चल रही थी। आरोप है कि इसी दौरान दायित्व न मिलने से नाराज पूर्व सह संयोजक विशाल गुप्ता उर्फ विशाल बजरंगी काले रंग की स्कॉर्पियो और 20-25 बाइकों में सवार साथियों संग पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिगा। कार्यकर्ताओं के साथ धक्का-मुक्की भी की। कार्यकर्ताओं के भिड़ने पर विशाल के साथ आए दबगों ने लाठी-डंडे और रॉड लेकर हमला कर दिया था।

आरोपितों के पथराव करने से कुछ कार्यकर्ताओं को चोटें भी आई थीं। इसके बाद प्रांत सह संयोजक अमरनाथ ने कार्रवाई के लिए तहरीर दी थी, जिस पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ षड्यंत्र कर जानबूझकर शांति भंग करने के साथ ही दूसरों को चोट पहुंचाने की धाराओं में विशाल, विकास शुक्ला, शुभम तिवारी, वसीम, सहजाद आलम व 100 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। गोविंदनगर इंस्पेक्टर प्रदीप सिंह ने बताया कि जूही सफेद कालोनी निवासी पूर्व सह संयोजक विशाल गुप्ता उर्फ विशाल बजरंगी, विकास कश्यप, करन सिंह, विजय कुमार, अमन अवस्थी, शनि, रवि सिंह, मुकेश सिंह, रमेश साहनी, कमलेश पासवान, नितेश कुमार राजपूत के खिलाफ शांतिभंग में कार्रवाई की गई है। स्कॉर्पियो और आठ बाइकें सीज की गई है।

## 17 साल की रेप पीड़िता को 31 सप्ताह में अबॉर्शन की इजाजत

### हाईकोर्ट ने कहा-महिला की इच्छा सर्वोपरि

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने साढ़े 17 वर्षीय एक रेप पीड़िता को 31 सप्ताह में अबॉर्शन की अनुमति देते हुए कहा कि इसके लिए गर्भवती महिला की इच्छा और सहमति सर्वोपरि है। हालांकि गर्भ गिराने में मां और बच्चे के जीवन को खतरा हो सकता है। गर्भावस्था की चिकित्सीय समाप्ति की याचिका को स्वीकार करते हुए न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता एवं न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्र की खंडपीठ ने कहा कि इस मामले में पूरे परामर्श सत्र के बावजूद याची और उसके माता-पिता गर्भावस्था को पूरी अवधि तक ले जाने के लिए सहमत नहीं हुए हैं। ऐसा सामाजिक कलंक या घोर गरीबी के डर के साथ इस तथ्य के कारण हो सकता है कि उसके साथ हुए अपराध ने उसे शारीरिक व मानसिक रूप से पूरी तरह से तोड़ दिया होगा।



सरकार ने अपने जवाब में कहा था कि गर्भपात मां व बच्चे के जीवन के लिए खतरा है। यह देखते हुए कि प्रजनन स्वायत्तता, गर्भपात, गर्भवती महिला की गरिमा और निजता का अधिकार सर्वोपरि है, कोर्ट ने कहा कि याची को परामर्श दिया जाना चाहिए और बच्चे को गोद लेने की प्रक्रिया के बारे में जागरूक किया जाना चाहिए क्योंकि वह गर्भावस्था के अंतिम चरण में थी। काउंसलिंग के बाद याची ने गर्भपात कराना चाहा।

## सनातन धर्म पर आज भी हमले हो रहे हैं...

महानगर संवाददाता

प्रतापगढ़

उत्तर प्रदेश के कुंडा से विधायक और पूर्व मंत्री रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया शुक्रवार को श्रावण मास के अवसर पर उज्जैन पहुंचे। यहां उन्होंने बाबा महाकाल के चांदी द्वार से दर्शन किए। दर्शन के बाद उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए न सिर्फ सनातन धर्म , जातिवाद और सामाजिक कुरीतियों पर खुलकर अपनी बात रखी, बल्कि हिंदू समाज को जागरूक होने का भी आह्वान किया।

राजा भैया ने कहा कि सनातन धर्म पर आज भी हमले हो रहे हैं और धर्मांतरण की गतिविधियां समाज को तोड़ने का कार्य कर रही हैं। उन्होंने संतों और सजग नागरिकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सभी लोग समाज को जाग्रत करने के लिए सराहनीय कार्य कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि धर्म को बचाने के लिए अब सिर्फ साधु-संतों पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं, हर हिंदू अभिभावक की जिम्मेदारी है कि वह अपने बच्चों को सामान्य शिक्षा के साथ-साथ धर्म और संस्कारों का भी ज्ञान जरूर दें।


उज्जैन में महाकाल के दर्शन के बाद बोले राजा भैया



राजा भैया ने जातिवाद को सनातन धर्म के लिए सबसे बड़ी बाधा बताया और कहा कि इस जहर को मिलकर समाप्त करने की आवश्यकता है। उन्होंने बागेश्वरधाम के पीठीधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की सराहना की और कहा कि वे पूरे देश में घूम-घूम कर हिंदू समाज को जागरूक कर रहे हैं। समय के साथ धर्म में आई कुरीतियों को दूर करने की प्रेरणा दे रहे हैं। बच्चों में मोबाइल और इंटरनेट के बढ़ते प्रभाव को स्वीकार करते हुए राजा भैया ने कहा कि ये उपकरण अच्छे भी हैं और बुरे भी, यह इस पर निर्भर करता है कि उनका उपयोग कैसे किया जा रहा है। उन्होंने इसे वाहन चलाने के उदाहरण से समझाते हुए कहा कि गाड़ी कैसे चलानी है, यह चालक की जिम्मेदारी होती है। उसी तरह तकनीक का प्रयोग भी विवेक से करना चाहिए।

# भारत-यूके में व्यापक आर्थिक व्यापार समझौता

## यूके को भारत के तकनीकी वस्त्र निर्यात को मिलेगा प्रोत्साहन



**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

हाल ही में भारत के पीएम मोदी और यूके के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर द्वारा हस्ताक्षरित भारत–यूके व्यापक आर्थिक व्यापार समझौता दोनों देशों के बीच आर्थिक और व्यापारिक संबंधों को सशक्त बनाने में एक परिवर्तनकारी मील का पत्थर सिद्ध हो रहा है। यह समझौता भारतीय निर्यातों को यूके में 100% शुल्क-मुक्त बाजार पहुंच प्रदान करता है, जो यूके की 99% टैरिफ लाइनों को कवर करता है, और इससे कई क्षेत्रों, विशेष रूप से तकनीकी वस्त्रों के लिए नए अवसर खुलेंगे। मैटेक्सिल (मैनमेड फाइबर और तकनीकी वस्त्र निर्यात संवर्धन परिषद) के पूर्व चेयरमैन श्री भद्रेश दोढिया, जो प्रधानमंत्री मोदी के साथ यूके गए उच्च स्तरीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे, ने कहा, "यह ऐतिहासिक समझौता भारत के तकनीकी वस्त्र क्षेत्र के लिए नए बाजारों के द्वार खोलेगा। अब भारत को इस क्षेत्र में चीन की तुलना में महत्वपूर्ण प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त प्राप्त होगी, क्योंकि चीन का यूके के साथ कोई एफटीए नहीं है।" यूके वर्तमान में तकनीकी वस्त्रों का सालाना 7 अरब अमरीकी डॉलर से अधिक का आयात करता है। भारत, जो लगातार अपनी क्षमताएं बढ़ा रहा है, इस क्षेत्र में अपने निर्यात को वर्तमान 240 मिलियन अमरीकी डॉलर से बढ़ाकर 2030 तक 1 अरब डॉलर से अधिक कर सकता है। मैटेक्सिल के चेयरमैन शालीन तोषनीवाल ने CETA का स्वागत किया और बताया कि एग्रो-टेक, जियो-टेक, होम-टेक, इंडु-टेक, पैक-टेक और स्पोर्ट-टेक जैसे प्रमुख उप-क्षेत्र इस समझौते के तहत मजबूत विकास के लिए तैयार हैं, क्योंकि भारत की लागत प्रतिस्पर्धा और विनिर्माण क्षमता इसे बढ़त दिलाती है।

## शशि प्रकाश गोयल यूपी के नए मुख्य सचिव

नई दिल्ली। यूपी की योगी सरकार ने शशि प्रकाश गोयल (एसपी गोयल) को यूपी का नया मुख्य सचिव बनाया है। मौजूदा मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह रिटायर हो गए हैं। उन्हें सेवा विस्तार नहीं मिल सका है। मनोज कुमार का स्थान एसपी गोयल लेंगे। एसपी गोयल 1989 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। इस समय वह प्रदेश के सबसे सीनियर मोस्ट अधिकारी भी हैं। यानी यह कहें कि उन्हें वरिष्ठता के आधार पर इस पद की जिम्मेदारी मिली है। गोयल लोकभवन पहुंच भी चुके हैं। कुछ ही देर में वह कार्यभार संभाल लेंगे।



एसपी गोयल इस समय मुख्यमंत्री सचिवालय में अपर मुख्य सचिव है। करीब आठ साल से यहां पर तैनात हैं। इससे पहले कई प्रमुख पदों पर भी रहे हैं। एसपी गोयल मुख्यमंत्री सचिवालय से निकलकर अब ब्यूरोक्रेसी की सबसे बड़ी कुर्सी पर आ जाएंगे।

# पहली बार मिला "CRIB" नया ब्लड ग्रुप

## बिना खून चढ़ाए हुई हार्ट सर्जरी





**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

दुनियाभर में केवल 10 लोगों का कर्नाटक के कोलार जिले की एक 38 वर्षीय महिला में डॉक्टरों ने एक ऐसा ब्लड ग्रुप खोजा है, जो अब तक दुनिया में कहीं भी पहचाना नहीं गया था। इसे CRIB नाम दिया गया है। कभी-कभी एक मामूली सी मेडिकल जांच एक ऐतिहासिक खोज की शुरुआत बन जाती है। कर्नाटक के कोलार जिले में एक महिला के हार्ट सर्जरी से पहले की गई रूटीन ब्लड टेस्टिंग ने भारत ही नहीं, पूरी दुनिया को चौंका दिया है। यह एक ऐसा केस बन गया, जिसने ट्रांसफ्यूजन साइंस के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया है।

कोलार जिले की 38 साल की महिला को हार्ट सर्जरी से पहले अस्पताल में भर्ती किया गया था। उनका ब्लड ग्रुप O+ बताया गया था, जो दुनिया का सबसे आम ब्लड ग्रुप माना जाता है। लेकिन जब उन्हें सर्जरी के दौरान ब्लड की जरूरत पड़ी तो डॉक्टर्स ने देखा कि O+ ग्रुप का कोई भी खून उनके लिए मैच नहीं हो रहा है। यह हैरान करने वाली स्थिति थी, क्योंकि O+ खून लगभग हर ब्लड बैंक में आसानी से मिल जाता है। जब ये

### CRIB एंटीजन की पुष्टि हुई

महिला और उनके परिवार के ब्लड सैंपल को ब्रिटेन के अंतर्राष्ट्रीय रक्त समूह संदर्भ प्रयोगशाला भेजा गया। 10 महीनों की जांच के बाद वैज्ञानिकों ने पुष्टि की कि यह एक नया एंटीजन है। इस नए एंटीजन को CRIB नाम दिया गया। आज भले ही यह CRIB ब्लड ग्रुप सिर्फ एक महिला में पाया गया है, लेकिन आने वाले समय में इसी प्रकार की खोजें कई जिंदगियां बचा सकती हैं। यह कहानी न केवल भारतीय मेडिकल साइंस की क्षमता को दर्शाती है, बल्कि यह भी बताती है कि, सामान्य सी दिखने वाली चीजें भी असाधारण खोजों की शुरुआत हो सकती हैं।

मामला बैंगलोर के रोटरी बैंगलोर टीटीके ब्लड सेंटर तक पहुंचाया गया। वहां के डायरेक्टर डॉ. अंकित माथुर के मौजूदगी में टीम ने इस केस की गंभीरता को समझते हुए गहराई से जांच शुरू की।

# तमिलनाडु में राजनीतिक उठापटक

- पूर्व CM ने छोड़ा BJP का साथ
- मार्निंग वॉक में हुआ मेल और खेल?



**चेन्नई।** तमिलनाडु में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं लेकिन उससे पहले ही राज्य की राजनीति करवटें लेने लगी है। एक नाटकीय घटनाक्रम में गुरुवार को राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और AIADMK से निष्कासित नेता ओ पन्नीरसेल्वम, जिन्हें OPS के नाम से भी जाना जाता है, ने भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन से अलग होने की घोषणा की। बुधवार को चेन्नई में मॉर्निंग वॉक के दौरान राज्य के मुख्यमंत्री और डीएके प्रमुख एमके स्टालिन संग मुलाकात और चर्चा के कुछ घंटे बाद ओ पनीरसेल्वम ने इसका ऐलान किया। ऐसी चर्चा थी कि ओपीएस भाजपा से नाराज चल रहे थे। दरअसल, ओपीएस ने तमिलनाडु के गंगईकोंडा चोलपुरम की अपनी हालिया यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखा था, जिसमें उन्होंने कहा था कि उनसे मिलना उनके लिए "अद्वितीय सम्मान" होगा और उन्होंने औपचारिक रूप से मिलने का समय भी मांगा था लेकिन ओपीएस को पीएम से मिलने का समय नहीं मिल सका।

### SSA फंड मुद्दे पर की थी केंद्र सरकार की आलोचना

माना जा रहा है कि इस कथित उपेक्षा के बाद ही उन्होंने सर्व शिक्षा अभियान (SSA) के फंड वितरण में देरी को लेकर सोशल मीडिया पर केंद्र सरकार की सार्वजनिक रूप से आलोचना की थी।

## सेफर इंटरनेट इंडिया और मेटा की पहल

# क्रिएटर्स सिखाएंगे ऑनलाइन धोखाधड़ी और स्कैम्स से बचने के तरीके

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

मेटा ने एक टेक्नोलॉजी उद्योग गठबंधन सेफर इंटरनेट इंडिया के साथ मिलकर एक खास पहल शुरू की है, जिसमें क्रिएटर्स ऑनलाइन धोखाधड़ी और स्कैम्स से बचाने के लिए जागरूकता फैलाएंगे। इस पहल का मकसद ऑनलाइन धोखाधड़ी और स्कैम्स के बढ़ते खतरे के जवाब में यूजर्स की सुरक्षा को बढ़ाना है। इस पहल में क्रिएटर्स के लिए ट्रेनिंग और चर्चा सत्र होंगे, जो उन्हें नए स्कैम्स को पहचानने, मेटा के प्लेटफॉर्म्स पर सुरक्षा उपकरणों के बारे में बताने और अपने दर्शकों को स्कैम से बचने के लिए आकर्षक कंटेंट बनाने का हुनर सिखाएंगे।



मेटा द्वारा समर्थित सेफर इंटरनेट इंडिया ने हाल ही में एक क्रिएटर-केंद्रित उद्योग कार्यक्रम, "क्रिएटर्स फॉर ऑनलाइन ट्रस्ट" का आयोजन किया। इसमें डिजिटल क्रिएटर्स, टेक्नोलॉजी कंपनियों और सार्वजनिक क्षेत्र के हितधारकों को एक साथ लाया गया और इन सभी ने इंडस्ट्री की गई महत्वपूर्ण जानकारियां और क्षेत्र-विशिष्ट केस स्टडीज साझा की। इस आयोजन में एक इंटरैक्टिव राउंडटेबल चर्चा भी हुई, जहां प्रतिभागियों ने स्कैम्स का मुकाबला करने और यूजर्स में सूचित डिजिटल व्यवहार को बढ़ावा देने में विश्वसनीय ऑनलाइन आवाजों की महत्वपूर्ण भूमिका की जांच की।

इस लॉन्च इवेंट में मेटा के ग्लोबल हेड - काउंटर फ्रॉड और डायरेक्टर-सिक्योरिटी पॉलिसी, नथानिएल ग्लीशर ने कहा, "मेटा में हम मानते हैं कि ऑनलाइन धोखाधड़ी और स्कैम्स से लड़ने के लिए सभी कंपनियों को मिलकर काम करना होगा और लोगों को लगातार जागरूक करना जरूरी है। सेफर इंटरनेट इंडिया के साथ मिलकर हम क्रिएटर्स को डिजिटल सुरक्षा के बारे में बातचीत शुरू करने के लिए सशक्त करना चाहते हैं। हम उन्हें जरूरी टूल्स, जानकारी और समर्थन देकर एक ऐसा माहौल बनाना चाहते हैं, जहां क्रिएटर्स लोगों को स्कैम्स की पहचान और रोकथाम के बारे में सिखाएं, साथ ही सुरक्षित और जागरूक ऑनलाइन व्यवहार को बढ़ावा दें।"

सेफर इंटरनेट इंडिया के को-कंवेनर बर्जेस मालू ने कहा, "हम इस खास पहल को शुरू करने के लिए बहुत उत्साहित हैं, जिसमें क्रिएटर्स को मुख्य भूमिका दी गई है।

# भगवान जगन्नाथ की छवि वाले पायदान बेचने पर बवाल

## डिप्टी सीएम ने चीनी ई-कॉमर्स कंपनी से माफी की मांग की



**भुवनेश्वर।** ओडिशा में उस वक्त बड़ा विवाद खड़ा हो गया, जब पता चला कि चीनी ई-कॉमर्स वेबसाइट अलीएक्सप्रेस भगवान जगन्नाथ की तस्वीर वाले पायदान बेच रही है। राज्य की उप मुख्यमंत्री पार्वती परिदा ने इस कृत्य को 'अपमानजनक' बताया और अलीएक्सप्रेस से माफी की मांग की। उन्होंने एक्स पर उन्होंने लिखा- महाप्रभु जगन्नाथ हर ओडिया के दिल और आत्मा से जुड़े हैं। मैं चीनी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म अली एक्सप्रेस द्वारा भगवान जगन्नाथ की तस्वीर वाले पायदान बेचने की कड़ी निंदा करती हूं। इसे तुरंत हटाया जाए और भक्तों से माफी मांगी जाए। इसके बाद अलीएक्सप्रेस ने कांग्रेस विधायक सोफिया फिरदौस की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उसने वह उत्पाद हटा दिया गया है। अलीएक्सप्रेस ने लिखा - हम आपकी रिपोर्ट की सराहना करते हैं। इस उत्पाद की समीक्षा की गई है और इसे हटा दिया गया है। आपके सुझावों से हमें अपने प्लेटफॉर्म को बेहतर बनाने में मदद मिलती है। धन्यवाद कि आपने हमें एक सुरक्षित और सम्मानजनक ऑनलाइन अनुभव बनाने में सहयोग दिया। फिरदौस ने अपनी पोस्ट में कहा- भगवान जगन्नाथ की पवित्र तस्वीर वाले पायदान को अली एक्सप्रेस पर बेचने का यह कृत्य घोर निंदनीय है। यह करोड़ों भक्तों की धार्मिक भावनाओं पर सीधा हमला है। तुरंत कार्रवाई हो और सार्वजनिक माफी मांगी जाए।

प्रसिद्ध रेत कलाकार और पद्मश्री पुरस्कार विजेता सुदर्शन पटनायक ने भी इस घटना की निंदा की। उन्होंने लिखा- जय जगन्नाथ।

# उपराष्ट्रपति चुनाव पर आयोग ने दिया बड़ा अपडेट

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

चुनाव आयोग ने देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद अगले उपराष्ट्रपति के चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस बीच गुरुवार को आयोग ने इसे लेकर एक अपडेट जारी किया है। चुनाव आयोग ने गुरुवार को बताया है कि आयोग ने 2025 के उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल की सूची की तैयारी पूरी कर ली है और उसे अंतिम रूप दे दिया गया है। गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में, चुनाव आयोग ने एक प्रेस नोट शेयर करते हुए इस बात की जानकारी दी है। बयान में कहा गया " चुनाव आयोग ने 2025 के उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल की सूची को अंतिम रूप दे दिया है। इन सदस्यों को उनके संबंधित सदनों के राज्य/केंद्र शासित प्रदेश के आधार पर अल्फाबेटिकल ऑर्डर में व्यवस्थित एक क्रम में सूचीबद्ध किया गया है।"




इससे पहले देश के 14 वें उपराष्ट्रपति रहे जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने 21 जुलाई को अपना इस्तीफा राष्ट्रपति को सौंप दिया था। वहीं धनखड़ के इस्तीफे के दो दिन बाद चुनाव आयोग ने अगले उपराष्ट्रपति के चुनाव की प्रक्रिया शुरू कर दी। बता दें कि संविधान के मुताबिक उपराष्ट्रपति के अचानक पद छोड़ने के बाद या किसी आपात स्थिति में जल्द से जल्द चुनाव कराने का निर्देश दिया गया है। वहीं धनखड़ के इस्तीफे के बाद अब अगले उपराष्ट्रपति के चयन को लेकर भी चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

# देशभर में बारिश का कहर

## MP-राजस्थान में बाढ़ जैसे हालात, 14 जिलों में स्कूल बंद

**रायपुर।** देश के कई राज्यों में भारी बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और दिल्ली-NCR समेत कई इलाकों में जलभराव, सड़कें बंद और स्कूलों की छुट्टियों जैसी स्थिति बन गई है। मध्य प्रदेश के गुना, शिवपुरी, श्योपुर, मुरैना समेत कई जिलों में भारी बारिश के बाद सेना ने सैकड़ों लोगों का रेस्क्यू किया है। विदिशा में नदियों का जलस्तर बढ़ने से मंदिर तक जलमग्न हो गए हैं। शिवपुरी और राजस्थान के 13 जिलों में गुरुवार को स्कूल बंद रहे। राजस्थान के सवाई माधोपुर में NH-552 पर पुल बह गया, जिससे आवागमन ठप हो गया। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में रातभर हुई बारिश से सुशांत एक्वापोलिस सोसाइटी का बेसमेंट करीब 15 फीट गहरा धंस गया, जिसमें खड़ी 4 गाड़ियां मलबे में दबकर क्षतिग्रस्त हो गईं। शहर के कई इलाकों में



जलभराव से ऑफिस जाने वाले लोगों को भारी दिक्कतें झेलनी पड़ीं। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में मुनकटिया के पास लैंडस्लाइड होने से केदारनाथ जाने वाला पैदल रास्ता बंद हो गया। यात्रा को 4 दिन के लिए रोक दिया गया है और करीब 2,500 श्रद्धालु गौरीकुंड में फंसे हुए हैं।

मौसम विभाग ने राजस्थान, असम, मेघालय में ऑरेंज अलर्ट और MP, बिहार, झारखंड सहित 19 राज्यों में हल्की से मध्यम बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है। पंजाब, हरियाणा और दिल्ली-NCR में भी बारिश जारी है।


## मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडल

(महाराष्ट्र गृह निर्माण एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण की एक क्षेत्रीय इकाई)

म्हाडा MHADA

टेली. नं. – 022-66405250, ई-मेल : eee.east1@gmail.com

संदर्भ क्र. ईई/पूर्व/एमएसआईबी/ई-निविदा/48/2025-26

**ई-निविदा सूचना क्र. 48**

कार्यकारी अभियंता (पूर्व) डिवीजन, मुंबई झोपडपट्टी सुधार मंडल, (म्हाडा की इकाई), कमरा नं. 536, 4थी मंजिल, गृह निर्माण भवन, बांद्रा (पूर्व), मुंबई – 400 051 फोन नंबर (022) 66405251 द्वारा किसी भी सरकारी /अर्ध सरकारी संगठन अथवा ठेकेदार की संबंधित समुचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन ई-निविदा प्रणाली के जरिये बी1 प्रपत्र (प्रतिशत दर) में **07** कार्यों के लिये खुली निविदा/नियमित ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं. विस्तृत निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज महाराष्ट्र सरकार के पोर्टल https://mahatenders.gov.in पर उपलब्ध हैं और यहां से डाउनलोड किये जा सकते हैं. बोली दस्तावेज वेबसाइट पर लोड किये जा सकते हैं. निविदा दस्तावेज बिक्री की आरंभिक तिथि दि. 01.08.2025 को सुबह 10.30 बजे से है और दस्तावेज बिक्री की अंतिम तिथि दि. 08.08.2025 को सायं. 6.15 बजे तक है. शुद्धिपत्र/संशोधन, यदि कोई होगा तो उसे केवल https://mahatenders.gov.in वेबसाइट पर ही प्रदर्शित किया जाएगा. सक्षम प्राधिकारी के पास बिना कोई कारण दर्शाए किसी भी अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है. सशर्त प्रस्तावों को स्वीकार नहीं किया जाएगा.

Follow us: @mhadaofficial

हस्ता./–
कार्यकारी अभियंता (पूर्व)
एम.एस.आई.बी. बोर्ड, मुंबई

सीपीआरओ/ए/627

म्हाडा - गृहनिर्माण क्षेत्रातील देशातील अग्रगण्य संस्था


# US के बाद UK ने भी दिया झटका

## 'अंतरराष्ट्रीय दमनकारी' 12 देशों की लिस्ट में जोड़ा भारत का भी नाम

**महानगर नेटवर्क**
**लंदन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 25 फीसदी टैरिफ और जुर्माना लगाने के बाद ब्रिटेन ने भी एक झटका दिया है। ब्रिटिश संसदीय समिति ने बुधवार को चेतावनी दी कि विदेशी सरकारें ब्रिटेन में व्यक्तियों और समुदायों को 'चुप कराने एवं धमकाने के प्रयासों में तेजी से आगे बढ़ रही हैं।' ब्रिटेन की संयुक्त मानवाधिकार समिति (JCHR) ने 'ब्रिटेन में अंतरराष्ट्रीय दमन' (टीएनआर) रिपोर्ट में भारत का भी नाम उन 12 देशों की लिस्ट में शामिल किया है जिनके खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दमन के सबूत मिले हैं। फिलहाल, भारत की ओर से इस रिपोर्ट पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है। JCHR में ब्रिटिश संसद के विभिन्न दलों के सदस्य शामिल हैं तथा इसका कार्य ब्रिटेन में मानवाधिकारों से संबंधित मामलों की जांच करना है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि समिति को 'विश्वसनीय साक्ष्य' प्राप्त हुए हैं कि कई देश ब्रिटेन की धरती पर इस तरह के दमनकारी कार्यों में संलिप्त हैं, जिसका लक्षित लोगों पर गंभीर प्रभाव पड़ा है, उनमें डर पैदा किया गया है, उनकी अभिव्यक्ति और आवागमन की स्वतंत्रता को सीमित किया गया है तथा उनकी सुरक्षा की भावना को कमजोर किया गया है।

# आईएसएफ कर्मियों और उनके परिवारों को मानसिक स्वास्थ्य सहायता

**नई दिल्ली।** एमपावर की योग्य मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ टीम ने जागरूकता निर्माण, काउंसलिंग, क्लीनिकल हस्तक्षेप और सीआईएसएफ कर्मियों के प्रशिक्षण के माध्यम से बल में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता को मजबूत किया है। अब तक प्रोजेक्ट मन ने 75,000 सीआईएसएफ कर्मियों और उनके परिवारों को सहयोग प्रदान किया है। एमपावर ने 8,506 अधिकारियों और उप-अधिकारियों को प्रशिक्षित भी किया है ताकि वे सामान्य मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान



और प्रबंधन कर सकें तथा गंभीर मामलों को विशेषज्ञों तक पहुँचा सकें।आदित्य बिड़ला एजुकेशन ट्रस्ट की फाउंडर और चेयरपर्सन नीरजा बिड़ला और सीआईएसएफ के डीजी आर.एस. भट्टी, आईपीएस ने संयुक्त रूप से आदित्य बिड़ला एजुकेशन ट्रस्ट की एक पहल, एमपावर द्वारा संचालित मानसिक स्वास्थ्य पहल, प्रोजेक्ट मन की प्रगति की समीक्षा की। यह प्रोजेक्ट नवंबर 2024 में सीआईएसएफ और आदित्य बिड़ला एजुकेशन ट्रस्ट के बीच हुए समझौते के तहत लागू किया जा रहा है।

# नियम तोड़कर फैसला लिया TCS मुकदमेबाजी में फंसी

## 12 हजार की छंटनी पर केस दायर

**महानगर नेटवर्क**
**बेंगलुरु**

शानदार सैलरी के साथ सुरक्षित रोजगार के लिए जानी जाने वाली कंपनी टीसीएस की ओर से छंटनी के ऐलान ने दुनिया को हैरान किया है। आईटी सेक्टर की भारत ही नहीं दुनिया की इस दिग्गज ने 12 हजार कर्मचारियों को हटाने का ऐलान किया है। कंपनी का कहना है कि फ्यूचर रेडी होने, नई तरह की डिमांड के लिहाज से खुद को तैयार करने और नई तकनीक से सामंजस्य बिठाने के लिए कंपनी ने ऐसा फैसला लिया है। लेकिन इससे आईटी कर्मचारियों में नाराजगी है। यही नहीं कर्नाटक स्टेट आईटी एंप्लॉयीज यूनियन ने इस मामले में एक केस भी दायर कर दिया है।

आईटी यूनियन ने लेबर कमिश्नर के पास मामला दायर किया है। यूनियन का कहना है कि टीसीएस ने नियमों का उल्लंघन करते हुए छंटनी का फैसला लिया है। इंडस्ट्रियल डिस्प्यूट्स ऐक्ट, 1947 के तहत कंपनी पर नियमों का उल्लंघन करते हुए छंटनी करने




का आरोप लगाया गया है। टीसीएस का कहना है कि फाइनेंशियल ईयर 2026 में वह अपनी वर्कफोर्स में 2 फीसदी की कमी करेगी। इसका अर्थ हुआ कि 12 हजार लोगों की नौकरी चली जाएगी। इस फैसले के खिलाफ कर्नाटक आईटी यूनियन के प्रतिनिधियों ने अडिशनल लेबर कमिश्नर जी. मंजूनाथ से मुलाकात की और कर्मचारियों की संस्थाओं से अवगत कराया है। उन्होंने शिकायत दी है।

इन कर्मचारियों ने इंडस्ट्रियल डिस्प्यूट्स ऐक्ट का हवाला देते हुए कहा कि किसी कंपनी में यदि 100 से ज्यादा कर्मचारी होते हैं तो वहां छंटनी के लिए सरकार से पहले अप्रूवल लेना जरूरी होता है। इसके लिए ऐक्ट में कुछ नियम तय किए गए हैं। यूनियन का कहना है कि टीसीएस मैनेजमेंट ने इन नियमों का उल्लंघन किया है। यूनियन की मांग है कि उन अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक कार्य्रवाही शुरू की जाए, जिन्होंने यह फैसला लिया है। यूनियन ने कहा है कि लेबर डिपार्टमेंट को इस मामले में तत्काल न्याय करना चाहिए ताकि इस छंटनी से प्रभावित लोगों से न्याय हो सके। इस बीच श्रम विभाग के सूत्रों का कहना है कि जल्दी ही टीसीएस के मैनेजमेंट के साथ मीटिंग की जाएगी। इसमें चर्चा की जाएगी कि आखिर इस तरह लेऑफ का फैसला क्यों लिया गया। अभी तारीख तय नहीं है, लेकिन कर्नाटक के श्रम मंत्री ने साफ किया है कि जल्दी ही मीटिंग होगी। वहीं यूनियन का कहना है कि यदि नियमों का उल्लंघन करके इस तरह से छंटनी हो गई तो फिर भविष्य के लिए यह खतरनाक ट्रेंड स्थापित हो जाएगा।


## सार्वजनिक सूचना

यह सूचित किया जाता है कि श्री वसंतलाल छोटालाल शाह, जो एबीबी इंडिया लिमिटेड के शेयर धारक थे, का निधन दिनांक 25/04/2020 को हुआ। कुछ शेयर उनके नाम पर अकेले और कुछ उनकी पत्नी श्रीमती उषा वसंतलाल शाह (स्व.) के साथ संयुक्त रूप से थे। मूल प्रमाणपत्र गुम हो गए हैं।
मैं, श्रीमती दामयंती सेवंतिलाल शाह, उनकी बहन एवं कानूनी उत्तराधिकारी, जिन्हें बॉम्बे हाई कोर्ट द्वारा दिनांक 03/01/2024 को प्रशासक नियुक्त किया गया है, कंपनी में स्थानांतरण व डुप्लिकेट प्रमाणपत्र हेतु आवेदन कर चुकी हूँ।
विवरण:
(A) एकल धारिता:
फोलियो: V 0 0 0 1 3 9 4 | प्रमाणपत्र: 398044–398051, 9 0 6 2 6 5 | विशिष्ट क्रमांक:41267891–41268067, 9342 618 22– 934262354 | शेयर: 710
(B) संयुक्त धारिता:
फोलियो: U0010177 | प्रमाणपत्र: 172915–172918, 395049-395053, 417224 | क्रमांक: 30783011–30783081, 412101 28–41210150, 41408636 | शेयर: 95
यदि किसी को कोई आपत्ति हो, तो वह 15 दिन में कंपनी या रजिस्ट्रार KFin Technologies Ltd से संपर्क करें। अन्यथा कंपनी उचित प्रक्रिया अनुसार डुप्लिकेट प्रमाणपत्र जारी करेगी।
स्थान: मुंबई
दिनांक: 01/08/2025

हस्ताक्षरित
श्रीमती दामयंती सेवंतिलाल शाह
प्रशासक (विधिक उत्तराधिकारी)



## PUBLIC NOTICE

**TO WHOMSOEVER IT MAY CONCERN**

I am concerned for my clients 1) **MR. GHULAM DASTAGEER SYED**, (Aadhar Card No. **2585 3565 9439**), (Pan No.**ARAPS5665A**), 2) **KANEEZ FATIMA SYED W/o. GHULAM DASTAGEER SYED**, (Aadhar Card No. **7053 7184 4340**), (Pan No. **FZTP S8259A**), **3) MOHAMMED SAIF GHULAM DASTAGEER SYED**, aged about 37 years, (Aadhar No. **2418 1137 1734**), all residing at Flat No.1503, Sunteck City Avenue-1, Bldg.-C, Ram Mandir Road, Near Singh Estate No. 2, Goregaon (W), Mumbai-400062., and my clients declare that they have removed **MOHAMMED MOOSA SYED** (Aadhar No. **5605 2009 6477**), who is the son of my clients Nos. 1 and 2, and brother of No. 3, from the entire property and have deserted him from last one year, as he is not in good terms with my clients. That my clients shall not be responsible if said **MOHAMMED MOOSA SYED**, marry's any girl or keep any monetary transations with any body, bank loans, credit card etc. as my clients have broken all the relationship with **MOHAMMED MOOSA SYED**, from last one year. That the said **MOHAMMED MOOSA SYED**, have been removed from any claim of whatsoever nature in our movable and immovable properties standing in our name anywhere in Mumbai or elsewhere in India.

Sd/-
**MOHAMMAD MAJID SIDDIQUI**
**ADVOCATE HIGH COURT BOMBAY**
B-1608, Avenue Park, Near Rahila Park, R.S. Marg,Pathanwadi, Malad (E), Mumbai-400097.
Place: Mumbai Date: 01/08/2025



## JOIN ARMY DENTAL CORPS
## AS SHORT SERVICE COMMISSIONED OFFICER
## FOR A PROMISING & CHALLENGING CAREER: 2025

**सेना डेंटल कोर में शॉर्ट सर्विस कमीशन के अनुदान के लिए भारतीय नागरिकों, पुरुष और महिला दोनों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।**

**योग्यता:** उम्मीदवारों को डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया (डीसीआई) द्वारा मान्यता प्राप्त कॉलेज/विश्वविद्यालय से बीडीएस/एमडीएस डिग्री धारक होना चाहिए।

**आयु सीमा:** उम्मीदवार की आयु **31** दिसम्बर **2025** को **45** वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

Online applications are invited from Indian citizens, both male and female, for grant of Short Service Commission in the Army Dental Corps.

**QUALIFICATION:**
Candidates must be BDS/MDS Degree holder from a College/ University recognized by Dental Council of India (DCI).

**AGE LIMIT:** The candidate must not have attained 45 yrs of age as **on 31 Dec 2025.**

**अधिक जानकारी के लिए Aug 2025 का Employment News/Rozgar Samachar देखे।**

**पात्रता का विवरण, शर्तें, अनुदेश और ऑनलाइन आवेदन 18 Aug 2025 के पश्चात www.join.afms.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे.**

**For more information, see Employment News/Rozgar Samachar issue of Aug 2025. Details of Eligibility, Terms & Conditions, Instructions and Online Applications will be available on the website www.join.afms.gov.in from 18 Aug 2025 onwards.**

CBC/10601/11/0043/2526

# अगस्त का महीना धार्मिक दृष्टि से बेहद खास



अगस्त का महीना धार्मिक दृष्टि से बेहद खास होता है। हिंदू कैलेंडर के अनुसार अगस्त का महीना श्रावण और भाद्रपद मास का होता है। ऐसे में इस दौरान कई व्रत और त्योहार पड़ते हैं। श्रद्धा से भरे इस महीने में भक्त पूरे मनोभाव से अपने आराध्य की पूजा करते हैं, व्रत रखते हैं और तीर्थों पर निकलते हैं। वहीं, इस महीने रक्षाबंधन और जन्माष्टमी जैसे त्योहार भी मनाए जाते हैं। ऐसे में यहां देखिए अगस्त के महीने में 1 तारीख से लेकर महीने के अंत तक यानी 31 अगस्त तक कौन-कौन से त्योहार और व्रत रखे जाने हैं।

**अगस्त महीने के व्रत-त्योहार 2025**

| | |
|---|---|
| 1 अगस्त | मासिक दुर्गाष्टमी |
| 5 अगस्त | चौथा मंगला गौरी व्रत, पुत्रदा एकादशी,दामोदर द्वादशी |
| 6 अगस्त | बुध प्रदोष व्रत |
| 8 अगस्त | वरलक्ष्मी व्रत, हयग्रीव जयन्ती |
| 9 अगस्त | रक्षाबंधन, गायत्री जयन्ती, नारली पूर्णिमा, संस्कृत दिवस, सावन पूर्णिमा व्रत |
| 10 अगस्त | भाद्रपद प्रारंभ, गायत्री जापम |
| 12 अगस्त | कजरी तीज, बहुला चतुर्थी, हेरम्ब संकष्टी |
| 14 अगस्त | बलराम जयन्ती, रांधण छठ |
| 15 अगस्त | जन्माष्टमी, शीतला सातम |
| 16 अगस्त | दही हांडी, कालाष्टमी |
| 17 अगस्त | सिंह संक्रांति, सूर्य गोचर, मलयालम नव वर्ष |
| 19 अगस्त | अजा एकादशी |
| 20 अगस्त | बुध प्रदोष व्रत |
| 21 अगस्त | मासिक शिवरात्रि |
| 22 अगस्त | पिठोरी अमावस्या |
| 23 अगस्त | पोला, भाद्रपद अमावस्या |
| 25 अगस्त | वराह जन्यती |
| 26 अगस्त | हरतालिका तीज, गौरी हब्बा |
| 27 अगस्त | गणेश चतुर्थी, विनायक चतुर्थी |
| 28 अगस्त | ऋषि पंचमी, संवत्सरी पर्व |
| 30 अगस्त | ललीता सप्तमी |
| 31 अगस्त | राधा अष्टमी, महालक्ष्मी व्रत प्रारंभ |

# मासिक दुर्गाष्टमी पर करें मां दुर्गा की पूजा

मासिक दुर्गाष्टमी का व्रत हर माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को रखा जाता है। यह व्रत मां दुर्गा को समर्पित है। इस दिन देवी दुर्गा की पूजा-अर्चना की जाती है और इस व्रत को करने से जीवन में सुख-समृद्धि का वास होता है। इस व्रत को करना अत्यंत शुभ और फलदायी होता है इसे करने से घर में सकारात्मकता का वास होता है और सभी प्रकार की परेशानियों का अंत होता है। साल 2025 में श्रावण माह की दुर्गाष्टमी 1 अगस्त, शुक्रवार को मानाई जाएगी। हर महीने शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि के दौरान दुर्गाष्टमी का उपवास किया जाता है। इस दिन श्रद्धालु दुर्गा माता की पूजा करते हैं और पूरे दिन का व्रत करते हैं।



### मासिक दुर्गाष्टमी तिथि अगस्त 2025

श्रावण माह के शुक्ल अष्टमी की शुरूआत 01 अगस्त को सुबह 04 :58 बजे से शुरू होगी, वहीं यह तिथि 2 अगस्त को सुबह 07 .23 मिनट पर समाप्त – 07 :23 होगी।

### मासिक दुर्गाष्टमी का महत्व

मासिक दुर्गाष्टमी देवी दुर्गा के नौ रूपों में से किसी एक रूप की पूजा के लिए उपयुक्त मानी जाती है। यह पर्व शक्ति की आराधना का प्रतीक है और इसमें मां दुर्गा से जीवन की बाधाओं को दूर करने की प्रार्थना की जाती है। मान्यता है कि इस दिन व्रत रखने और विधिपूर्वक पूजन करने से साधक को मानसिक शांति, स्वास्थ्य लाभ और पारिवारिक समृद्धि प्राप्त होती है। यह दिन विशेष रूप से स्त्रियों के लिए कल्याणकारी माना जाता है।

### उपवास का नियम

इस दिन व्रती फलाहार लेते हैं और पूरे दिन सात्विक आहार का पालन करते हैं। अन्न, लहसुन-प्याज और तामसिक भोजन से परहेज करना चाहिए। दुर्गा अष्टमी के दिन व्रत करने वालों को सात्विक भोजन ही ग्रहण करना चाहिए और मां दुर्गा का ध्यान करना चाहिए। साथ ही इस दिन दान करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। दुर्गाष्टमी के दिन जरूरतमंद लोगों को भोजन, वस्त्र या अन्य आवश्यक वस्तुओं का दान करना शुभ माना जाता है।

### पूजा विधि

मासिक दुर्गाष्टमी के दिन, सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और साफ कपड़े पहनें। घर के मंदिर को साफ करें और गंगाजल छिड़ककर शुद्ध करें। मां दुर्गा की प्रतिमा या तस्वीर स्थापित करें, दीपक जलाएं और व्रत का संकल्प लें। मां दुर्गा को लाल वस्त्र, लाल फूल, सिंदूर, कुमकुम, अक्षत, चूड़ियां और सोलह श्रृंगार की सामग्री अर्पित करें। मां दुर्गा को फल, मिठाई, पंचामृत या अपनी पसंद का भोग लगाएं। इस दिन दुर्गा चालीसा, दुर्गा सप्तशती या "ॐ दुं दुर्गायै नम :" मंत्र का जाप करें। दुर्गा माता की आरती करें। आरती करें और सभी घर के सदस्यों के साथ प्रसाद बांटें।

# सेहत के लिए वरदान फिटकरी का पानी

**आपकी जानकारी के लिए बता दें कि फिटकरी न केवल आपकी त्वचा पर बल्कि आपकी सेहत पर भी पॉजिटिव असर डाल सकती है। सबसे पहले एक पैन में एक कप पानी डालकर इसे गुनगुना कर लीजिए। अब इस पानी में चुटकी भर फिटकरी को मिक्स कर लीजिए। हर रोज इस तरह से फिटकरी डाइट प्लान में शामिल करके आप अपनी सेहत को काफी हद तक मजबूत बना सकते हैं।**



### गट हेल्थ के लिए फायदेमंद

फिटकरी के पानी में पाए जाने वाले तमाम पोषक तत्व आपकी गट हेल्थ के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकते हैं। कब्ज, गैस और अपच जैसी पेट से जुड़ी समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए आप फिटकरी का पानी पीना शुरू कर सकते हैं। हालांकि, बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए सही मात्रा में और सही तरीके से फिटकरी का पानी पीना बेहद जरूरी है।

### कंट्रोल करे ब्लड प्रेशर

फिटकरी का पानी ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में कारगर साबित हो सकता है। पोटैशियम युक्त फिटकरी के पानी को दिल की सेहत के लिए फायदेमंद माना जाता है यानी दिल से जुड़ी बीमारियों के खतरे को कम करने के लिए फिटकरी के पानी का सेवन किया जा सकता है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि पैरों की सूजन को कम करने के लिए भी फिटकरी के पानी का सेवन किया जा सकता है।

### दूर होगी गले की खराश

आपको बता दें कि फिटकरी के पानी में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-बैक्टीरियल गुण मौजूद होते हैं। बदलते हुए मौसम में होने वाली गले की खराश और सूजन की समस्या से राहत पाने के लिए फिटकरी के पानी को डाइट प्लान में शामिल किया जा सकता है। ध्यान रहे कि बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए आपको लिमिट में रहकर ही फिटकरी का पानी पीना चाहिए।



# गोमुखासन का अभ्यास सेहत के लिए फायदेमंद

**भागदौड़ भरी लाइफ और खानपान की खराब आदतों की वजह से आज तनाव और हार्मोन असंतुलन से जुड़े रोग लोगों के लिए आम समस्या बन चुके हैं। जिससे निजात पाने और मन को शांत रखने के लिए लोग योग का सहारा ले रहे हैं। योग शरीर, मन और आत्मा, तीनों का संतुलन बनाए रखने का एक आसान तरीका है। अगर आप भी अपने डेली लाइफ के स्ट्रेस को दूर करके हार्मोन को बैलेंस बनाए रखना चाहते हैं तो गोमुखासन का अभ्यास आपकी मदद कर सकता है।**

*'गोमुखासन' को करते समय शरीर की स्थिति गाय के मुख जैसी लगती है, इसलिए इस आसन को गोमुखासन कहा जाता है। यह आसन शरीर को मजबूती और मन को शांति देते हुए खासतौर पर पीठ, कंधे, छाती और जांघों की मांसपेशियों पर काम करते हुए शरीर का लचीलापन बढ़ाता है।*

### गोमुखासन करने का सही तरीका

गोमुखासन करने के लिए सबसे पहले, जमीन पर बैठकर पैरों को सामने की ओर फैलाएं। इसके बाद बाएं घुटने को मोड़ते हुए अपना बायां पैर दाएं कूल्हे के पास लाए। इसी तरह, दाएं घुटने को मोड़कर दायां पैर बाएं कूल्हे के पास लाएं। अब अपने बाएं हाथ को कोहनी से मोड़कर कंधे के ऊपर ले जाएं ताकि हथेली कंधों के बीच टिक जाए, फिर दाएं हाथ को पीठ के पीछे नीचे से ऊपर लाएं और कोहनी मोड़ते हुए हथेली को ऊपर की ओर रखें। दोनों हाथों की उंगलियों को आपस में फंसाएं और सामान्य श्वास के साथ इस स्थिति में कुछ देर बने रहें। इसके बाद, पैरों और हाथों की स्थिति बदलकर प्रक्रिया को दोहराएं।



### गोमुखासन करने के फायदे

***फेफड़ों को बनाए मजबूत***

गोमुखासन का नियमित अभ्यास फेफड़ों को मजबूत बनाकर रीढ़ की हड्डी को लचीला बनाता है। इस आसान को रोजाना करने से कंधों और छाती को खोलने के साथ श्वसन प्रक्रिया बेहतर होती है। इसके अलावा यह आसन तनाव और चिंता को भी कम करने में मदद करता है।

***तनाव से राहत***

गोमुखासन का नियमित अभ्यास ध्यान केंद्रित करने में मदद करके मन को शांत बनाए रखता है। जिससे मानसिक तनाव कम होता है।

***डायबिटीज में फायदेमंद***

डायबिटीज रोगियों के लिए भी गोमुखासन बेहद फायदेमंद माना जाता है। यह पाचन और एंडोक्राइन सिस्टम में सुधार करके ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में मदद करता है। डायबिटीज के मरीजों को इस आसन का नियमित अभ्यास करना चाहिए।

***हार्मोन संतुलन***

गोमुखासन का नियमित अभ्यास हार्मोन संतुलन में मदद कर सकता है। यह आसन शरीर में हार्मोन के स्तर को विनियमित करने में मदद करता है, जिससे पूरी सेहत में सुधार होता है। बता दें, गोमुखासन शरीर में हार्मोन के स्तर को संतुलित करके मासिक धर्म चक्र, मूड में बदलाव और एनर्जी लेवल को अच्छा बनाए रखने में मदद कर सकता है।

# सांप काटने के बाद घबराएं नहीं, करें ये काम

**सांप का काटना जानलेवा हो सकता है और शुरुआती कुछ मिनटों में ही सही तरीके से प्रतिक्रिया देना बहुत ज़रूरी है। साँप चाहे ज़हरीला हो या न हो, हर काटने को गंभीरता से लेना चाहिए। तुरंत और सही प्राथमिक उपचार और उसके बाद तुरंत चिकित्सा सहायता, जान बचा सकती है और गंभीर जटिलताओं को रोक सकती है। इस आर्टिकल में, हम आपको बताएँगे कि अगर किसी को साँप काट ले, तो आपको क्या करना चाहिए और क्या नहीं। साँप के काटने के तुरंत बाद क्या करें:**

**शांत और स्थिर रहें:** जितना हो सके शांत और स्थिर रहने की कोशिश करें। घबराहट और हिलने-डुलने से शरीर में ज़हर फैल सकता है।

**आपातकालीन सेवाओं को तुरंत कॉल करें:** आपातकालीन चिकित्सा सहायता तुरंत डायल करें। साँप के काटने के इलाज में समय बहुत महत्वपूर्ण होता है।

**प्रभावित अंग को स्थिर रखें:** ज़हर के फैलाव को धीमा करने के लिए काटे गए हिस्से को स्थिर और हृदय के स्तर पर या उससे थोड़ा नीचे रखें।

**तंग कपड़े या गहने उतार दें:** सूजन शुरू होने से पहले काटने वाली जगह के पास से अंगूठियाँ, कंगन या तंग कपड़े उतार दें।

**घाव को धीरे से साफ़ करें:** आप काटे गए स्थान को साफ़ पानी और साबुन से धीरे से धो सकते हैं, लेकिन उसे ज्यादा न धोएँ या बर्फ न लगाएँ।



**ज़हर को चूसने की कोशिश न करें:** घाव को कभी न काटें या ज़हर को चूसने की कोशिश न करें – इससे स्थिति और बिगड़ सकती है।

**टूर्निकेट या बर्फ न लगाएँ:** अंग को बाँधने या बर्फ लगाने से रक्त प्रवाह बाधित हो सकता है और ऊतक क्षति हो सकती है।



**साँप का रूप याद रखने की कोशिश करें:** यदि संभव हो, तो साँप का रंग, आकार या निशान याद रखें – इससे डॉक्टरों को सही एंटीवेनम देने में मदद मिल सकती है।

# बारिश के दिनों में भुट्टा खाने के फायदे

**बारिश के दिनों की एक खास बात यह भी है कि इस समय बाजारों में भुट्टे का मिलना शुरु हो जाता है। भुट्टा जिसे शाम के समय खाने के लिए सबसे बेस्ट स्नैक माना जाता है। यह हेल्दी तो होता है और साथ ही सेहत के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद भी।**

*आपको शायद यह जानकर हैरानी हो लेकिन साधारण से दिखने वाले एक भुट्टे में विटामिन-ए, बी और ई पाया जाता है। इसके अलावा यह फाइबर, विटामिन्स और मिनरल्स के मामले में भी काफी ज्यादा रिच होता है। यह एक मुख्य कारण है कि जानकार इसका सेवन करने की सलाह देते हैं। आज इस आर्टिकल में हम आपको कुछ ऐसे फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं जो आपके सेहत को बारिश के दिनो में नियमित तौर पर भुट्टा खाने की वजह से होता है। चलिए इन फायदों के बारे में विस्तार से जानते हैं।*

**एनर्जी की नहीं होती कमी**

अगर आपके शरीर में एनर्जी की कमी हो रही है तो ऐसे में आपको भुने हुए भुट्टे का सेवन जरूर करना चाहिए। भुट्टे में भरपूर मात्रा में कार्ब्स पाया जाता है जिस वजह से इसका सेवन करने के कुछ ही देर बाद आपके शरीर को एनर्जी मिलनी शुरू हो जाती है।

**बीमारियों से होता ही बचाव**

भुट्टे में एंटीऑक्सीडेंट्स के साथ ही विटामिन-सी भी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। जब आप इसका सेवन नियमित तौर पर करना शुरू करते हैं तो इससे आपकी इम्युनिटी बूस्ट होती है और आप कई तरह की बीमारियों से बचे हुए भी रहते हैं।

**वजन घटाने में मददगार**

अगर आप अपने वजन को बढ़ने से रोकना चाहते हैं या फिर उसे कंट्रोल में रखना चाहते हैं तो ऐसे में आपको भुट्टे का सेवन जरूर करना चाहिए। भुट्टे के सेवन से आपका पेट लंबे समय तक भरा रहता है जिससे आप बेवजह ज्यादा खाने से बचे हुए रहते हैं।



**डाइजेशन को करता है बेहतर**

अगर आपको डाइजेशन से जुड़ी कोई भी समस्या रहती है तो ऐसे में आपको भुने हुए भुट्टे का सेवन जरूर करना चाहिए। भुट्टे में फाइबर पाया जाता है जो आपके डाइजेशन को बेहतर करने का काम करता है। इसके अलावा अगर आपको एसिडिटी, गैस और कब्ज की समस्या रहती है तो आपको इसका सेवन जरूर करना चाहिए।

**हार्ट हेल्थ के लिए फायदेमंद**

अगर आप अपने दिल को लंबे समय तक हेल्दी रखना चाहते हैं तो ऐसे में आपको भुट्टे को सेंककर या फिर उबालकर जरूर खाना चाहिए। इससे आपके शरीर में ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है जिससे आपका दिल लंबे समय तक हेल्दी रहता है।

## ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय युवा टीम का हुआ ऐलान

# आयुष म्हात्रे को बनाया गया कप्तान

### विहान मल्होत्रा बने उप-कप्तान, वैभव सूर्यवंशी को भी टीम में किया गया शामिल

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड में शानदार खेल का प्रदर्शन करने के बाद भारतीय युवा टीम अब ऑस्ट्रेलिया का दौरा करने वाली है. जो अगली पीढ़ी के क्रिकेटरों के लिए एक कठिन लेकिन मूल्यवान अनुभव होने की उम्मीद है. इस दौरे पर भारतीय टीम ऑस्ट्रेलियाई अंडर-19 टीम के खिलाफ तीन एकदिवसीय और दो चार दिवसीय मैच खेलेगी. ये सीरीज 21 सितंबर से शुरू होने वाली है. जिसके लिए भारतीय अंडर-19 टीम का ऐलान भी कर दिया गया है. आयुष म्हात्रे अंडर-19 टीम की कमान संभालेंगे, जो इंग्लैंड में अपनी हालिया सफलता को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे. म्हात्रे ने इंग्लैंड के खिलाफ युवा टेस्ट मैचों में चार पारियों में 340 रन बनाकर शीर्ष रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में समापन किया, जिसमें दो शतक और एक अर्धशतक शामिल हैं. इसके अलावा विहान मल्होत्रा को उप-कप्तान बनाया गया है, उन्होंने इंग्लैंड में दोनों प्रारूपों में प्रभावशाली प्रदर्शन किया. उन्होंने युवा वनडे में 243 रन बनाए और इसके बाद टेस्ट मैचों में 277 रन बनाए, जिससे उनके दृढ़ स्वभाव और निरंतरता का परिचय मिला. ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय युवा टीम में 14 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को भी शामिल किया गया हैं, जिन्होंने इंग्लैंड दौरे पर सबका ध्यान अपनी ओर खींचा था. उन्होंने पांच मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में 355 रन बनाए, जिसमें युवा एकदिवसीय इतिहास का सबसे तेज शतक भी शामिल है। इसके अलावा चयनकर्ताओं ने एक संतुलित टीम चुनी है, जिसमें बल्लेबाजी विकल्पों के साथ-साथ एक बहुमुखी गेंदबाजी इकाई का भी मिश्रण है. विकेटकीपर अभिज्ञान कुंडू और हरवंश सिंह मध्यक्रम में गहराई प्रदान करते हैं, जबकि किशन कुमार, अनमोलजीत सिंह और डी. दीपेश जैसे गेंदबाजों को तेज गेंदबाजी के अनुकूल ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों का फायदा मिलने की उम्मीद है. आर.एस. अंबरीश और उद्धव मोहन जैसे ऑलराउंडर टीम में लचीलापन प्रदान करते हैं, और बाएं हाथ के स्पिनर कनिष्क चौहान आक्रमण में विविधता लाते हैं. स्टैंडबाय खिलाड़ियों में युद्धजीत गुहा, लक्ष्मण, बी.के. किशोर, अलंकृत रापोल और अर्नव बुग्गा को भी शामिल किया गया है. हाल ही में समाप्त हुए इंग्लैंड दौरे में भारत अंडर-19 टीम ने पांच मैचों की वनडे सीरीज़ 3-2 से अपने नाम की थी, जबकि दोनों चार-दिवसीय मुकाबले ड्रॉ रहे थे।




**स्टैंडबाय:** युधाजीत गुहा, लक्ष्मण, बी.के. किशोर, अलंकृत रापोल, अर्नव बुग्गा.

#### ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारत की अंडर-19 टीम

आयुष म्हात्रे (कप्तान), विहान मल्होत्रा (उप-कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, वेदांत त्रिवेदी, राहुल कुमार, अभिज्ञान कुंडू (विकेटकीपर), हरवंश सिंह (विकेटकीपर), आर.एस. अंबरीश, कनिष्क चौहान, नमन पुष्पक, हेनिल पटेल, डी. दीपेश, किशन कुमार, अनमोलजीत सिंह, खिलान पटेल, उधव मोहन, अमन चौहान।

# शुभमन गिल की टीम ने रचा इतिहास

### एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने का तोड़ा रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम इंडिया ने इंग्लैंड के खिलाफ जारी तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी में रनों का अंबार लगाकर इतिहास रच दिया है। ओवल में जारी पांचवें और आखिरी टेस्ट में भारत ने एक सीरीज में अपना सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। जी हां, टीम इंडिया ने 1978-79 में वेस्टइंडीज के खिलाफ एक सीरीज में 3270 रन बनाए थे। शुभमन गिल की टीम इंग्लैंड दौरे पर इस रिकॉर्ड को धवस्त कर चुकी है। बारिश की खलल की वजह से दूसरे सेशन में मैच रुकने तक टीम इंडिया ने 85 रन तीन विकेट खोकर बना लिए हैं। इस मैच में 82 रन बनाते ही टीम इंडिया ने इतिहास रचा। इस टॉप-5 लिस्ट में मौजूदा बाकी सभी रन भारत ने अपनी घरेलू सरजमीं पर बनाए हैं। ऐसे में यह शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम इंडिया के लिए बड़ी उपलब्धि है।

बता दें, 1978/79 में वेस्टइंडीज के खिलाफ यह वही घरेलू सीरीज है जब सुनील गावस्कर ने बतौर भारतीय कप्तान एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया था। गावस्कर के बल्ले से उस समय 732 रन निकले थे। एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा 3877 रन बनाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के नाम है जो उन्होंने 1989 में इंग्लैंड के खिलाफ एशेज सीरीज में बनाया था। अब इस सीरीज में शुभमन गिल ने इस रिकॉर्ड को और भारत ने एक सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने के रिकॉर्ड को एक साथ धवस्त किया है। शुभमन गिल ओवल में जारी पांचवें टेस्ट की पहली पारी में 21 के निजी स्कोर पर रन आउट हुए। उनके नाम अब इस सीरीज में 5 मैचों की 9 पारियों में 743 रन हो गए हैं।




#### गावस्कर का रिकॉर्ड तोड़ गिल बने नंबर-1 भारतीय कप्तान

इंडिया वर्सेस इंग्लैंड पांचवां और आखिरी टेस्ट लंदन के केनिंग्टन ओवल मैदान पर खेला जा रहा है। इस मैच में भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने सुनील गावस्कर का 46 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है। यह रिकॉर्ड था बतौर कप्तान एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने का। इंग्लैंड के खिलाफ 11 रन बनाते ही गिल ने इस रिकॉर्ड को अपने नाम कर लिया और वह भारत के नंबर-1 कप्तान बन गए हैं। बता दें, टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी टीम इंडिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही। भारत ने महज 38 के स्कोर पर दोनों सलामी बल्लेबाज -यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल- के विकेट गंवा दिए। लंच तक भारत का स्कोर 2 विकेट के नुकसान पर 72 रन हैं।

## लक्ष्य-तरुण और रक्षिता भी मकाऊ ओपन के दूसरे दौर में




**मकाऊ।** भारत के लक्ष्य सेन, आयुष शेट्टी और तरूण मन्नेपल्ली ने मकाऊ ओपन बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरूष वर्ग के दूसरे दौर में प्रवेश किया। राष्ट्रमंडल खेल चैम्पियन लक्ष्य ने कोरिया के जियोन हियोक जिन को 21-8, 21-14 से हराया । वहीं विश्व के 31वें नंबर के खिलाड़ी शेट्टी ने 66वीं रैंकिंग वाले चीनी ताइपै के हुआंग यू केइ को केवल 31 मिनट में 21-10, 21-11 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। लक्ष्य का सामना इंडोनेशिया के चिको औरा द्वि वार्दोयो और रित्विक संजीवी सतीश कुमार के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा । वहीं तरूण की टक्कर शीर्ष वरीयता प्राप्त हांगकांग के ली चियुक यू से होगी। महिला एकल में रक्षिता रामराज एकमात्र भारतीय रहीं जिन्होंने दूसरे दौर में जगह बनाई। उन्होंने थाईलैंड की पोर्नपिचा चोएकीवोंग को 63 मिनट में 18-21 21-17 22-20 से शिकस्त दी। मिश्रित युगल में विश्व में 18वें स्थान पर काबिज और यहां पांचवीं वरीयता प्राप्त ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो की जोड़ी भी आगे बढ़ने में सफल रही। इस भारतीय जोड़ी ने थाईलैंड के रत्चपोल मक्कासितोर्न और नट्टामोन लाइसुआन को 26 मिनट तक चले मुकाबले में 21-10, 21-15 से हराया।

## जर्मन की ओलंपिक एथलीट गोल्ड मेडलिस्ट का निधन

**नई दिल्ली।** खेल जगत से एक दुखद खबर सामने आई है. इस खबर ने पूरे खेल जगत में शोक की लहर पैदा कर दी है. दरअसल, बुधवार यानी 30 जुलाई को जर्मन की एथलीट लॉरा डाहलमेयर का पाकिस्तान में निधन हो गया. लॉरा ने 31 वर्ष की आयु में इस दुनिया को अलविदा कह दिया है. उनके दुनिया छोड़कर जाने से तमाम फैंस दुखी है. जर्मनी की दो बार की ओलंपिक बायथलॉन गोल्ड मेडलिस्ट लॉरा डाहलमेयर की पाकिस्तान में एक पहाड़ पर गिरती चट्टानों की चपेट में आने से मौत हो गई. यह दुर्घटना सोमवार दोपहर के आसपास काराकोरम पर्वतमाला में लैला पीक पर 5,700 मीटर (18,700 फीट) की ऊंचाई पर हुई. जहां 6,000 मीटर से ज्यादा ऊंचा यह पर्वत स्थित है. शिप्टन ट्रेक एंड टूर्स के साथ मिलकर पाकिस्तान ने 4 लोगों की एक टीम द्वारा जमीनी बचाव शुरू किया था. जिसमें तीन अमेरिकी और एक जर्मन पर्वतारोही शामिल हैं. उन्होंने कहा कि, डाहलमेयर गिरती चट्टानों से टकराईं और आगे भी चट्टानों के गिरने के खतरे थे और उस जगह की दूरस्थता के कारण अभी तक कोई भी उन तक नहीं पहुंच पाया है'. उनकी प्रबंधन कंपनी ने बयान में कहा है कि, 'उन्हें बचाने के बचाव प्रयास विफल रहा और अब उसे स्थगित कर दिया गया'. एक वरिष्ठ स्थानीय अधिकारी अरीब अहमद मुख्तार ने बताया, 'यह तय हो गया था कि हेलीकॉप्टर से बचाव संभव नहीं है. जिस ऊंचाई पर वह घायल हुईं वहां की परिस्थितियां बेहद चुनौतीपूर्ण हैं'।



## महिला टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के शेड्यूल का ऐलान

### जानें कब होगी भारत और पाकिस्तान की भिड़ंत

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने अगले साल होने वाले महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 का पूरा शेड्यूल जारी कर दिया है. इस बार महिला टी20 वर्ल्ड कप इंग्लैंड की मेजबानी में खेला जाएगा जो 12 जून से 5 जुलाई तक चलेगा. भारत अपना पहला मैच 14 जून को पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा.

महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 में कुल 12 टीम हिस्सा लेंगी, जिन्हें 6-6 टीमों के 2 ग्रुप में बांटा गया है. ग्रुप ए में भारत, पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका को रखा गया है. वहीं 2 टीम ग्लोबल क्वालीफायर्स से होते हुए ग्रुप ए में जगह बनाएंगी. वहीं ग्रुप बी में इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, श्रीलंका और वेस्टइंडीज को रखा गया है. इस ग्रुप में भी 2 टीमों का फैसला ग्लोबल क्वालीफायर्स से होगा. इन टीमों के बीच कुल 33 मुकाबले खेले जाएंगे. टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में मेजबान इंग्लैंड और श्रीलंका की भिड़ंत होगी।




5 जुलाई को खेला जाएगा महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 का फाइनल

दोनों ग्रुप से टॉप-2 में रहने वाली टीमों को सेमीफाइनल में एंट्री मिलेगी. महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 का सेमीफाइनल मैच 30 जून और 2 जुलाई को द ओवल के मैदान पर खेला जाएगा. वहीं फाइनल मैच 5 जुलाई को लॉर्ड्स के मैदान पर खेला जाएगा.

टीम इंडिया टी20 वर्ल्ड कप 2026 में अपने अभियान की शुरुआत 14 जून को पाकिस्तान के खिलाफ मैच से करेगी. भारतीय टीम अपना दूसरा मैच 17 जून को ग्लोबल क्वालीफायर्स से आने वाली टीम के खिलाफ खेलेगी. वहीं 21 जून को तीसरे मैच में भारतीय टीम साउथ अफ्रीका से भिड़ेगी. वहीं भारत का चौथा मैच 24 जून को ग्लोबल क्वालीफायर्स से आने वाली टीम के खिलाफ होगा।

### ई-स्पोर्ट्स विश्व कप 2025


## क्वार्टर फाइनल में मैग्रस कार्लसन से निहाल सरीन का मुकाबला

**रियाद,सऊदी अरब।** शतरंज को पहली बार ई-स्पोर्ट्स विश्व कप 2025 का हिस्सा बनाया गया है और पहले ही संस्करण में भारत के दो युवा खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से सभी का ध्यान खींचा है। भारत के ग्रांडमास्टर निहाल सरीन (टीम एस8यूएल) ने लगातार बेहतरीन दो मुकाबले जीतकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया है, जहाँ अब उनका सामना विश्व के नंबर एक खिलाड़ी नॉर्वे के ग्रांडमास्टर मैग्नस कार्लसन (टीम लिक्विड) से होगा।

निहाल सरीन ने पहले नीदरलैंड्स के ग्रांडमास्टर अनीश गिरी (टीम सीक्रेट) को 2-0 से हराया और फिर फ्रांस के ग्रांडमास्टर मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव (टीम विटालिटी) को 1.5-0.5 से पराजित किया। निहाल ने इन दोनों मुकाबलों में एक भी बाजी नहीं गंवाई। भारत के ही एक और शीर्ष खिलाड़ी, ग्रांडमास्टर अर्जुन एरिगैसी (टीम जेन.जी) अब क्वार्टर फाइनल में रूस के ग्रांडमास्टर इयान नेपोमिनियाची (टीम ऑरोरा गेमिंग) से टकराएंगे।

**अन्य क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में-**

उज़्बेकिस्तान के ग्रांडमास्टर नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव (टीम नावी) ईरान के ग्रांडमास्टर अलीरेज़ा फिरौज़जा (टीम फाल्कन्स) से , अमेरिका के ग्रांडमास्टर हिकारू नाकामुरा (टीम फाल्कन्स) अर्मेनिया के ग्रांडमास्टर लेवोन अरोनियन (टीम रिजेक्ट) से खेलेंगे । प्रत्येक बाजी का समय नियंत्रण 10 मिनट है और इसमें कोई वृद्धि नहीं दी गई है। इस प्रतियोगिता की कुल पुरस्कार राशि 15 लाख अमेरिकी डॉलर है और खिलाड़ी अपनी-अपनी ई-स्पोर्ट्स टीमों के ज़रिए 2.7 करोड़ डॉलर की साझा पुरस्कार राशि के हिस्सेदार भी हैं। एक विशेष नियम के तहत हर मुकाबले के बाद विजेता खिलाड़ी, पराजित खिलाड़ी की "चाबी" मंच पर तोड़ता है।




## 13 बार 'डक' पर आउट हुए केविन इराकोजे

**नई दिल्ली।** टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट को आमतौर पर तेज़ रफ्तार और रोमांचक बल्लेबाजी के लिए जाना जाता है। हर गेंद पर छक्का या चौका देखने की चाहत होती है लेकिन जहां रन बनाने की होड़ लगी रहती है वहीं कुछ बल्लेबाज ऐसे भी होते हैं जो बार-बार बिना खाता खोले पवेलियन लौटते हैं। क्रिकेट की भाषा में इसे 'डक' कहा जाता है यानी बिना रन बनाए आउट होना। यह किसी भी बल्लेबाज के लिए सबसे निराशाजनक अनुभव होता है। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे उन खिलाड़ियों के बारे में जो टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा बार 'डक' पर आउट होने का अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम कर चुके हैं। आश्चर्य की बात यह है कि इस सूची में कुछ बड़े और मशहूर नाम भी शामिल हैं। इस लिस्ट में सबसे ऊपर नाम है रवांडा के बल्लेबाज केविन इराकोजे का। इराकोजे ने अब तक 75 टी20 इंटरनेशनल मैचों में 56 पारियां खेली हैं लेकिन इस दौरान वह 13 बार 'डक' पर आउट हुए हैं। उनकी बल्लेबाजी औसत महज 10.17 की रही है जो दर्शाता है कि वे बल्लेबाजी में संघर्ष कर रहे हैं। उनका यह रिकॉर्ड अब तक का सबसे खराब माना जा सकता है।





## 11334 करोड़ रुपये काव्या मारन की टीम का दिखेगा जलवा




**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) का दबदबा पूरी दुनिया में है. इस लीग में खेलने के लिए हर खिलाड़ी बेताब रहता है. दुनिया की सबसे महंगी इस लीग में हिस्सा लेने वाली टीमों का दायरा अब धीरे-धीरे बढ़ रहा है. इन टीमों के ओनर अब दूसरे देशों के T20 लीग में निवेश कर रहे हैं. इससे उन देशों के बोर्ड को भी करोड़ों की कमाई हो रही है. इसी कड़ी में इंग्लैंड की एक लीग में IPL की चार टीमों के ओर ने निवेश किया है. इसकी जानकारी इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ECB) ने दी है. इस निवेश से ECB को 11334 करोड़ रुपये की कमाई भी हुई है. इस दौरान काव्या मारन की टीम का इंग्लैंड में जलवा दिखाई देगा. इंग्लैंड की लीग 'द हंड्रेड' में IPL के चार टीमों के ओनर ने निवेश किया है. इसकी जानकारी देते हुए ECB ने बताया कि निवेश करने वालों में भारत की जीएमआर (दिल्ली कैपिटल्स के को-ओनर), सन टीवी नेटवर्क लिमिटेड (सनराइजर्स हैदराबाद के ओनर), आरपीएसजी समूह (लखनऊ सुपर जायंट्स के ओनर) और रिलायंस समूह (मुंबई इंडियंस के ओनर) शामिल हैं. ECB ने बताया कि इससे उन्हें 975 मिलियन पाउंड (करीब 11 हजार 3 सौ 34 करोड़ रुपये) की कमाई हुई है. इंग्लैंड बोर्ड ने बताया कि दो और साझेदारों की बाद में औपचारिक रूप से पुष्टि हो जाएगी. इससे पहले मुंबई इंडियंस, लखनऊ सुपर जायंट्स और सनराइजर्स हैदराबाद के ओनर साउथ अफ्रीका की T20 लीग की टीमों को खरीद चुके हैं. द हड्रेड लीग में इन सभी को अक्टूबर से संचालन का हक मिल जाएगा. ECB ने बताया कि IPL की चारों टीमों के ओनर को एक अक्टूबर से टीम के संचालन की अनुमति मिल जाएगी. कई IPL टीमों के ओनर ने हाल की महीनों में द हंड्रेड में टीमों की हिस्सेदारी खरीदी है. इसमें प्रमुख तौर पर लखनऊ सुपर जाएंट्स, मुंबई इंडियंस, सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स शामिल हैं. लखनऊ सुपर जायंट्स के मालिक संजीव गोयनका की आरपीएसजी ग्रुप ने द हंड्रेड में मैनचेस्टर ओरिजनल्स में 70 फीसदी की हिस्सेदारी हासिल की है. इसके अलावा सनराइजर्स हैदराबाद (SRH) की मालकिन काव्या मारन की सन टीवी नेटवर्क ने नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स टीम को खरीद लिया है, उन्होंने 100 फीसदी हिस्सेदारी हासिल की है. इससे पहले SRH की ओनर ने साउथ अफ्रीका में खेली जाने वाली SA20 में भी सनराइजर्स ईस्टर्न कैप की टीम को खरीदा था. इसके अलावा दिल्ली कैपिटल्स टीम (DC) के को-ओनर जीएमआर ग्रुप को द हंड्रेड की टीम सदर्न ब्रेव में 49 फीसदी हिस्सेदारी मिली है, वहीं मुंबई इंडियंस के ओनर मुकेश अंबानी की रिलायंस ग्रुप को ओवल इनविंसिबल्स टीम की 49 हिस्सेदारी मिलेगी, जिसको लेकर जल्द ही ऐलान किया जाएगा।

## ब्रेंडन टेलर जिम्बाब्वे टीम में शामिल

### ICC का प्रतिबंध पूरा करने के बाद क्रिकेट में वापस लौटे




**हरारे।** ब्रेंडन टेलर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के भ्रष्टाचार रोधी और डोपिंग रोधी नियमों के उल्लंघन के कारण लगाए गए साढ़े तीन साल के निलंबन को पूरा करने के बाद जिम्बाब्वे टेस्ट टीम में वापसी कर ली है। टेलर (39 वर्ष) को जनवरी 2022 में एक भारतीय व्यवसायी द्वारा 2019 में स्पॉट फिक्सिंग के लिए संपर्क किए जाने की सूचना समय पर नहीं देने के कारण प्रतिबंधित किया गया था। उन्हें बुलावायो के क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में सात से 11 अगस्त तक न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले दूसरे टेस्ट मैच के लिए जिम्बाब्वे टीम में शामिल किया गया है। टेलर को उस समय कोकीन के सेवन से जुड़ी डोप जांच में विफल होने के कारण भी एक महीने के लिए निलंबित किया गया था। उन पर 2019 में 15,000 अमेरिकी डॉलर लेने की बात स्वीकार करने के बाद प्रतिबंध लगा दिया गया था। प्रतिबंध लगने से पहले वह लाल गेंद के क्रिकेट में शानदार फॉर्म में थे और उन्होंने अपनी पिछली तीन टेस्ट पारियों में क्रमशः 92, 81 और 49 रन बनाए थे। जिम्बाब्वे और न्यूजीलैंड के बीच पहला टेस्ट अभी बुलावायो में खेला जा रहा है। वहीं, तेज गेंदबाज मैट हैनरी के छह विकेट की बदौलत न्यूजीलैंड ने बुधवार को जिम्बाब्वे के खिलाफ नौ साल बाद खेले जा रहे पहले टेस्ट के पहले दिन मेजबान टीम को पहली पारी में 149 रन पर समेट दिया।

स्टंप तक न्यूजीलैंड के बिना विकेट गंवाए 92 रन बना लिए थे। डेवोन कॉनवे 12वां टेस्ट अर्धशतक पूरा करने के बाद 51 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे जबकि दूसरे छोर पर उनके साथ विल यंग 41 रन बनाकर खेल रहे थे। जिम्बाब्वे के कप्तान क्रेग इर्विन ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया, लेकिन टीम पहले दिन ढाई सत्र के अंदर आउट हो गई और यह इस साल पारी में उसका दूसरा सबसे कम स्कोर रहा।



# अनुराग कश्यप की फिल्म 'निशांची' का पोस्टर रिलीज

**अमेजन एमजीएम स्टूडियोज इंडिया ने आज गुरुवार को अपनी आगामी थ्रिलर फिल्म 'निशांची' का धमाकेदार पोस्टर रिलीज कर दिया है, जिसे अनुराग कश्यप द्वारा निर्देशित किया जा रहा है। पोस्टर को देख कर लगता है कि फिल्म में थ्रिलर, संस्पेंस, प्यार, इमोशंस सभी का मिश्रण देखने को मिलेगा। यह फिल्म बहुत जल्द सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।**

### पोस्टर ने मचाया तहलका

आगामी क्राइम-ड्रामा फिल्म 'निशांची' के मेकर्स ने आज गुरुवार को इस फिल्म का पोस्टर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर रिलीज किया है। फिल्म के पोस्टर को देखकर कहा जा सकता है कि इसमें क्राइम और ड्रामा का देसी अंदाज देखने को मिलेगा, जो दर्शकों को भरपूर मनोरंजन दे सकता है। पोस्टर में प्यार, बदला, टकराव, पछतावा सब कुछ एक साथ दिखाई दे रहा है और जारी हुए पोस्टर पर लिखा है कि दिल थामिए और जान बचाइए। यानी कि अनुराग कश्यप की ये फिल्म गैंग्स ऑफ वॉसेपुर की झलक दिखाती नजर आ रही है।

### पोस्टर रिलीज होते ही आई कमेंट्स की बाढ़

'निशांची' फिल्म का पोस्टर रिलीज होते ही कमेंट्स की बाढ़ आ गई है। मशहूर अभिनेता विनीत कुमार सिंह ने लिखा कि धमाका है धमाका। वहीं लेखक-निर्माता आदित्य कृपलानी ने कहा कि आखिरकार पोस्टर आ ही गया। इसके अलावा अन्य यूजर्स ने लिखा कि अनुराग कश्यप धमाल मचाने वाले हैं, शानदार पोस्टर।



# उर्वशी रौतेला का गहनों से भरा बैग हुआ चोरी

## नहीं मिल रही अधिकारियों से मदद

**उर्वशी अक्सर ही किसी न किसी कारण खबरों में छाई रहती हैं. वह कई बार अपने बयानों को लेकर ट्रोल होती रहती हैं. बीते दिनों उनका कहना था कि उनके नाम का मंदिर भी है, जिस पर उन्हें जमकर ट्रोल किया गया था. हालांकि अब उन्होंने दावा किया है कि लंदन के गैटविक हवाई अड्डे से उनके लाखों रुपये के गहने चोरी हो गई हैं. एक्ट्रेस ने ये भी बताया कि उन्हें अधिकारियों से कोई मदद नहीं मिल रही है.**

दरअसल, उर्वशी रौतेला ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर किया है. उन्होंने बताया कि वो विंबलडन देखने लंदन पहुंची थी, जहां से उनका लग्जरी बैग चोरी हो गया. एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर लिखा, " नाइंसाफ सहना नाइंसाफी को दोहराना है, #Wimbledon के दौरान मुंबई से एमिरेट्स की उड़ान के दौरान @gatwickairport पर हमारा विंबलडन, डायर ब्राउन बैगेज बेल्ट से चोरी हो गया. बैगेज टैग और टिकट ऊपर दिए गए हैं. बैग बेल्ट एरिया से सीधे गायब हो गया. इसे वापस पाने के लिए तत्काल मदद का अनुरोध. एक्ट्रेस ने ये भी दावा किया कि उनकी किसी ने मदद नहीं की. बता दें कि उर्वशी रौतेला के साथ यह पहली बार नहीं है, जब एक्ट्रेस ने चोरी का आरोप लगाया है. इससे पहले मैच देखने के दौरान एक्ट्रेस का फोन चोरी हो गया था. इसके अलावा इस महीने की शुरुआत में उर्वशी की मां मीरा रौतेला ने अपनी बेटी की एक्स मैनेजर वेदिका प्रकाश शेट्टी पर चोरी का दावा किया. उन्होने कहा, "एक्ट्रेस की मां मीरा ने दावा किया था, उसे 24/7 एग्जीक्यूटिव असिस्टेंट के रूप में नियुक्त किया गया था और उर्वशी के पर्सनल सामान की केयर का जिम्मा सौंपा गया था. हालांकि, बाद में हमें पता चला कि उसने कई बार चोरी और धोखाधड़ी की है.

# 'वॉर 2' के हॉट लुक के लिए कियारा ने कौन-सी डाइट की फॉलो?

## न्यूट्रिशनिस्ट ने किया खुलासा

**बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी इन दिनों अपने मच अवेडेट एक्शन फिल्म 'वॉर 2' को लेकर चर्चा में हैं। जहां एक ओर वो नई-नई मम्मी बनी हैं, वहीं दूसरी ओर उनकी फिल्म में उनके हॉट और ग्लैमरस लुक और बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन को लेकर भी जबरदस्त चर्चे हैं। इस एक्शन-पैक्ड किरदार के लिए कियारा ने खुद को अच्छे से तैयार किया है। फिल्म के ट्रेलर में उनके हाई-ऑक्टेन सीन और फिट अवतार ने उन्होंने खूब वाह-वाही लूटी।**



कियारा की फिटनेस का राज कोई कड़ी डाइट या भारी-भरकम वर्कआउट नहीं, बल्कि एक स्मार्ट और साफ-सुथरी खानपान की आदत है। उनकी न्यूट्रिशनिस्ट निकोल लीनहारेस ने पिंकविला से बातचीत करते हुए बताया इस फिल्म के लिए कियारा ने अपने मैक्रो न्यूट्रिएंट्स को खास तौर से बैलेंस किया। प्रोटीन की मात्रा बढ़ाई गई और कैलोरी कंट्रोल में रखी गई।

### प्रोटीन पैनकेक से सुबह की शुरुआत

डाइटिशियन के मुताबिक कियारा का दिन शुरू होता है पोषण से भरपूर प्रोटीन पैनकेक के साथ। ये पैनकेक ओट्स, अखरोट के आटे और प्रोटीन पाउडर से बनाया जाता है। इसके ऊपर फ्रेश बेरीज, मेपल सिरप और घर का बना हेजलनट बटर डाला जाता है। ये हेल्दी ब्रेकफास्ट न सिर्फ एनर्जी देता है, बल्कि लंबे समय तक पेट भी भरा रखता है।

### ग्रिल्ड चिकन के साथ दोपहर का खाना

निकोल की मानें तो कियारा के मुख्य भोजन में ग्रिल्ड चिकन, हल्की करी, हरी सब्ज़ियां जैसे शतावरी, बेबी पोटैटो, एवोकाडो और एडामामे हुमस जैसे ऑप्शन्स होते हैं। इन सभी को उनके शूटिंग शेड्यूल और ट्रेनिंग के मुताबिक प्लान किया गया था।

### पोस्ट-वर्कआउट में सत्तू छाछ का कमाल

एक्ट्रेस के पोस्ट वर्कआउट रिचार्ज के लिए प्रोटीन शेक नहीं, बल्कि देसी सत्तू छाछ का इस्तेमाल किया जाता है। ये ड्रिंक न सिर्फ शरीर को ठंडा रखता है बल्कि हाइड्रेशन और मसल रिकवरी में भी मदद करता है।



## प्रभास के फैंस को करना होगा और इंतजार

# अपनी निर्धारित तारीख पर नहीं रिलीज होगी 'द राजा साब'

**साउथ एक्टर प्रभास की अगली फिल्म 'द राजा साब' एक रोमांटिक हॉरर कॉमेडी होगी, जिसका निर्देशन मारुति कर रहे हैं। इस फिल्म के टीजर को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। लेकिन ताजा जानकारी के अनुसार, यह फिल्म अब अपनी निर्धारित तारीख पर रिलीज नहीं हो पाएगी।**

### 'द राजा साब' कब होगी रिलीज

पहले प्रभास की फिल्म 'द राजा साब' 10 अप्रैल, 2025 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन बाद में इसे 5 दिसंबर, 2025 के लिए टाल दिया गया। लेकिन अब 123 तेलुगु डॉट कॉम की एक खबर के अनुसार, यह फिल्म फिर से टल सकती है और संक्रांति 2026 में, यानी 9 जनवरी, 2026 को रिलीज हो सकती है। हालांकि, अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### 'द राजा साब' के बारे में

'द राजा साब' में बहुप्रतीक्षित फिल्म है। इस हॉरर कॉमेडी फिल्म में प्रभास के अलावा मालविका मोहनन, निधि अग्रवाल, संजय दत्त और रिद्धि कुमार मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसे टीजी विश्व प्रसाद और पीपल मीडिया फैक्ट्री प्रोड्यूस कर रहे हैं। इसका संगीत थमन ने तैयार किया है। इस पैन इंडिया फिल्म को कई भाषाओं में रिलीज किया जाएगा।


# मुमताज ने12 की उम्र में इंडस्ट्री में रखा कदम

## जूनियर आर्टिस्ट से मशहूर एक्ट्रेस बनने तक के किस्से

**अभिनेत्री मुमताज उन अभिनेत्रियों में शामिल हैं जिन्होंने कम उम्र में ही अपने करियर की शुरुआत की और अपनी मेहनत के दम पर वह सुपरस्टार बनीं। उन्होंने बॉलीवुड की 'खिलौना', 'राम और श्याम' और 'दो रास्ते' जैसी बेहतरीन फिल्मों में काम किया। यही नहीं उन्होंने दिलीप कुमार, राजेश खन्ना, जितेंद्र और अमिताभ बच्चन जैसे कलाकारों के साथ काम किया। आज 31 जुलाई को वह अपना 78वां जन्मदिन मना रही हैं। ऐसे मौके पर आइए जानते हैं उनके किस्से।**

### पिता बेचते थे सूखे मेवे

31 जुलाई 1947 को मुमताज का जन्म एक सूखे मेवे बेचने वाले कारोबारी अब्दु सलीम अस्करी के यहां हुआ। उनकी मां शदी हबीब आगा का ताल्लुक ईरान से था। उनके पिता इमाम के परिवार से थे। मुमताज के पैदा होने के एक साल के बाद ही उनके मां-बाप का तलाक हो गया। मुमताज की मां और चाची फिल्मों में जूनियर आर्टिस्ट थीं। उनकी बड़ी बहन मल्लिका की शादी अभिनेता रंधावा से हुई। रंधावा अभिनेता दारा सिंह के भाई हैं।



### 12 साल की उम्र से शुरू की अदाकारी

मुमताज ने अपने करियर में कई बेहतरीन फिल्में की हैं। उन्होंने 12 साल की उम्र से ही अभिनय शुरू कर दिया था। साल 1958 में रिलीज हुई उनकी फिल्म 'सोने की चिड़िया' में उन्होंने चाइल्ड एक्ट्रेस के बतौर अभिनय की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने 1960 के दशक में 'वल्लाह क्या बात है', 'स्त्री' और 'सेहरा' जैसी फिल्मों में काम किया। उनकी पहली कामयाब फिल्म 'मुझे जीने दो है।'

### 16 साल की उम्र में बतौर लीड एक्ट्रेस मिला काम

मुमताज उस वक्त 16 साल की थीं जब उन्हें पहली बॉलीवुड फिल्म में बतौर लीड एक्ट्रेस काम मिला। इन फिल्मों में 'फौलाद (1963)', 'वीर भीमसेन (1964)' और 'रुस्तम-ए-हिंद' शामिल हैं। दारा सिंह और मुमताज ने साथ में जो फिल्में कीं, उनमें दारा सिंह की फीस 450,000 रुपये प्रति फिल्म थी और मुमताज की फीस 250,000 रुपये प्रति फिल्म थी। दोनों ने साथ में 16 फिल्में कीं। इनमें से 12 फिल्में हिट रहीं। एक इंटरव्यू में मुमताज ने बताया 'मेरे करियर को आगे बढ़ाने में दारा सिंह का हाथ था। उनके साथ काम करने की वजह से मुझे अच्छी फिल्में मिलने लगीं थीं। जब मैं मशहूर हुई तब मेरे साथ वो सभी बड़े कलाकार काम करना चाहते थे, जिन्होंने पहले मेरे साथ काम करने से मना कर दिया था।

### मुमताज को अवॉर्ड्स

फिल्म 'खिलौना' में शानदार अदाकारी के लिए मुमताज को बेस्ट एक्ट्रेस के लिए फिल्मफेयर अवार्ड से सम्मानित किया गया। मुमताज को फिल्म 'राम और श्याम' (1967) और 'आदमी और इंसान' (1969) में उनके अभिनय के लिए सबसे अच्छी सपोर्टिंग एक्ट्रेस के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार के लिए नामांकन मिला।

# इन स्कूल-कॉलेज से पढ़ी है अजय देवगन की फैमिली

## न्यासा के कॉलेज की फीस जानकर उड़ जाएंगे होश



**अजय देवगन और काजोल बॉलीवुड के सबसे दिग्गज कलाकार और कपल हैं. इन्होंने कई शानदार फिल्मों में काम किया है. एक्टिंग में तो दोनों ही स्टार माहिर हैं लेकिन क्या आप जानते हैं कि अजय देवगन की फैमिली में सबसे ज्यादा पढ़ा लिखा कौन है? अगर आप नहीं जानते हैं तो हम आपको इस खबर में बताएंगे कि अजय की फैमिली में किस किस ने कितनी पढ़ाई लिखाई की है. आपको बता दें कि अजय देवगन की बेटी न्यासा देवगन ने हाल ही में अपनी पढ़ाई पूरी की है. बेटी के ग्रेजुएशन के पूरे होने के अवसर पर अजय देवगन की पूरी फैमिली वहां मौजूद थी. ऐसे में अजय देवगन और काजोल की पढ़ाई लिखाई की भी खूब चर्चा हो रही है. आइए जानते हैं कितने पढ़ें लिखें हैं अजय देवगन और उनकी फैमिली.**

### न्यासा और युग की पढ़ाई

आपको बता दें कि अजय देवगन और काजोल की बेटी न्यासा लाइमलाइट से दूर हैं. वो फिल्म इंडस्ट्री में अपना करियर नहीं बनाना चाहती हैं. उन्होंने अपना पूरा ध्यान पढ़ाई लिखाई में लगाया है. अब उन्होंने ग्रेजुएशन भी पूरा कर लिया है. आपकी बता दें कि न्यासा ने स्कूली पढ़ाई धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल से की थी. वहीं न्यासा ने हाई स्कूल की पढ़ाई सिंगापुर के यूनाइटेड वर्ल्ड कॉलेज ऑफ साउथ ईस्ट एशिया से की है. हाई स्कूल के बाद न्यासा ने स्विटजरलैंड से ग्लियन इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन से इंटरनेशनल हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट में ग्रेजुएशन किया है. इस कॉलेज की फीस एक साल की करीब 1.5 करोड़ रुपए है. वहीं काजोल के बेटे युग धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल में पढ़ते हैं. वो 9वी या 10वीं क्लास में हैं.

# हिट एंड रन केस में फंसी नंदिनी कश्यप

**असमिया इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेस नंदिनी कश्यप सुर्खियों में हैं, लेकिन वजह हसीना की कोई फिल्म या गाना नहीं बल्कि, हिट एंड रन केस मामले में उनकी गिरफ्तारी है. गुवाहाटी पुलिस ने 30 जुलाई बुधवार को करीब डेढ़ बजे एक्ट्रेस को गुवाहाटी से गिरफ्तार किया है, जिसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा.**



### क्या है पूरा मामला?

असमिया एक्ट्रेस को जिस हिट एंड रन केस मामले में गिरफ्तार किया गया है रिपोर्ट्स के मुताबिक वह 25 जुलाई 2025 को गुवाहाटी में तड़के करीब 3 बजे हुआ था, जिसमें एक 21 साल के स्टूडेंट की मौत हो गई. जानकारी के मुताबिक, यह हादसा उस वक्त हुआ जब 21 साल का छात्र समीउल हक सड़क पार कर रहा था. उसी समय वह कथित तौर पर असमिया एक्ट्रेस नंदिनी कश्यप की SUV कार की चपेट में आ गया. बताया जा रहा है कि, हादसे के दौरान कार एक्ट्रेस ही चला रही थीं. ये दावा घटनास्थल के कुछ चश्मदीदों और CCTV फुटेज के आधार पर किया गया है.

### छात्र की मौत के बाद असम में आक्रोश

हादसे की जानकारी मिलते ही गुवाहाटी पुलिस मौके पर पहुंची और शुरुआती जांच पड़ताल के बाद मंगलवार को नंदिनी को कंस्टडी में लिया और बुधवार को उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है, जिसके बाद अब नंदिनी को कोर्ट में पेश किया जाएगा. हालांकि, इस हादसे के बाद असम में काफी आक्रोश फैला है. छात्र संगठनों और नागरिक संगठनों ने नंदिनी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर आवाज उठाई थी.

### नंदिनी कश्यप पर लगी ये धाराएं

फिलहाल नंदिनी कश्यप पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 105 के तहत मामला दर्ज किया है, जो गैर इरादतन हत्या और लापरवाही से संबंधित है और एक्ट्रेस से हादसे के मामले में पूछताछ जारी है.

# राज निदिमोरु संग डिनर डेट पर पहुंची सामंथा



सामंथा रुथ प्रभु साउथ फिल्म इंडस्ट्री की जानी मानी अभिनेत्री हैं। सामंथा ने अपने करियर में कई हिट फिल्में दी हैं। वो प्रोफेशनल लाइफ के साथ अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी खूब सुर्खियों में रहती हैं। सामंथा एक वक्त अपने तलाक को लेकर काफी खबरों में रहीं, वहीं, अब वह इन दिनों कथित तौर से फिल्ममेकर राज निदिमोरु संग डेटिंग की खबरों को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। बीते काफी वक्त से दोनों की एक साथ की कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। इसी बीच अब राज और सामंथा को मुंबई में एक साथ स्पॉट किया गया। ऐसे में अब सोशल मीडिया पर उनके डेटिंग की खबरों को काफी हद तक कन्फर्म माना जा रहा है। दोनों को साथ देखकर पैपराजी जैसे ही उन्हें कैमरे में कैप्चर करने लगे तो ये बात राज को पसंद नहीं आई। ऐसे में उनका फेस एक्सप्रेशन देखने लायक था। वीडियो में राज का गुस्सा साफ नजर आ रहा है। ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

दरअसल, सामंथा रुथ प्रभु और राज निदिमोरु बुधवार यानी 30 जुलाई को एक रेस्टोरेंट से बाहर निकलते दिखे। दोनों एक साथ काम में स्पॉट हुए और बेहद खुश नजर आ रहे थे। ऐसे में पैपराजी भला उन्हे अपने कैमरे में कैद करना कैसे भूल सकते थे।। जैसे ही राज और सामंथा कार में बैठकर जाने लगे, पैपराजी उन्हें कैमरे में कैप्चर करने लगे।